राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-344
लखनऊ, शनिवार 03 अगस्त 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





यूपी में 10 अगस्त से 2 सितंबर तक चलेगा सर्वजन दवा सेवन अभियान 03

किसान फायदे की खेती कर पाएं, इसके लिए उठाए गए कदम : शिवराज 12


## एयर इंडिया ने इजरायल जाने वाली उड़ानों पर आठ तक लगाई रोक

**मध्य पूर्व में जारी तनाव के कारण भारत ने लिया फैसला**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया एयरलाइंस ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए तेल अवीव जाने और वहां से आने वाली अपनी उड़ानें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दी है। कंपनी ने यह निर्णय मध्य पूर्व में जारी तनाव के कारण लिया है। ये निलंबन 8 अगस्त तक प्रभावी रहेगा।

एयर इंडिया ने कहा कि मध्य पूर्व के कुछ हिस्सों में चल रही स्थिति को देखते हुए हमने 08 अगस्त तक तेल अवीव से आने-जाने वाली अपनी उड़ानों के निर्धारित संचालन को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। तेल अवीव की यात्रा के लिए पुष्टि किए गए बुकिंग वाले यात्रियों को पुनः निर्धारित करने और रद्द करने के शुल्क पर एक बार की छूट दे रहे हैं। एयर इंडिया ने कहा कि एक अगस्त को दिल्ली से तेल अवीव की उड़ान संख्या एआई 139 और तेल अवीव से दिल्ली की उड़ान संख्या एआई 140 को परिचालन कारणों से रद्द कर दिया गया।

## ऐतिहासिक : 52 साल बाद ओलंपिक में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को दी शिकस्त

**भारत ने 1972 के बाद से अब हॉकी में ऑस्ट्रेलिया को हराया**

एजेंसी



**पेरिस।** भारतीय हॉकी टीम ने बेल्जियम के हाथों मिली हार से बाहर निकलते हुए शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया को हरा इतिहास रच दिया। भारत ने पेरिस ओलंपिक 2024 के मैच में दमदार खेल दिखाया और ऑस्ट्रेलियाई टीम को 3-2 से मात दी। टीम इंडिया की ये जीत ऐतिहासिक है क्योंकि भारत ने 1972 के बाद से पहली बार ऑस्ट्रेलिया को ओलंपिक में हराया है।

टीम इंडिया ने 52 साल के इस सूखे को खत्म कर दिया। इससे पहले भारत ने पहले मैच में न्यूजीलैंड को 3-2 से मात दी थी। फिर अर्जेंटीना के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला था। आयरलैंड के खिलाफ टीम इंडिया ने 2-1 से जीत हासिल की थी। लेकिन बेल्जियम के हाथों भारत को 1-2 से मात खानी पड़ी। ऑस्ट्रेलियाई टीम अपनी आक्रामक हॉकी के लिए जानी जाती है। उसने इस मैच की शुरुआत भी अटैक के साथ की। शुरुआती मिनटों में ही ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय घेरे में चहलकदमी करते हुए उसे दबाव में डालना चाहा। भारत भी हालांकि पीछे नहीं रहा। गुरजंत, हार्दिक और शमशेर ने ऑस्ट्रेलियाई डिफेंस लाइन की कड़ी परीक्षा ली। इन ओलंपिक में भारतीय टीम के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने डिफेंस की अपनी ड्यूटी संभालने के साथ ही लगातार पेनल्टी कॉर्नर और पेनल्टी स्ट्रोक्स से गोल दागकर टीम को जीत दिलाते रहे। यही कमाल उन्होंने उस ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ भी किया, जिसने पिछले कई सालों में ओलंपिक, वर्ल्ड कप और कॉमनवेल्थ गेम्स में टीम इंडिया को बहुत दर्द दिया था। आखिरकार 1972 के बाद पहली बार टीम इंडिया ने ओलंपिक में ऑस्ट्रेलिया से अपनी कई हारों का बदला ले ही लिया।बता दें कि 4 अगस्त को भारतीय टीम ए ग्रुप की तीसरी टीम से क्वार्टर फाइनल मैच खेलेगी। अभी इस टीम का नाम तय नहीं हुआ है।

### मिश्रित तीरंदाजी टीम ने सेमीफाइनल में बनाई जगह

**पेरिस।** भारतीय मिश्रित तीरंदाजी टीम ने 2024 पेरिस ओलंपिक में शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में स्पेन को हराकर सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। अंकिता भक्त और धीरज बोम्मादेवरा की जोड़ी सेमीफाइनल में इटली या कोरिया से भिड़ेगी। भारतीयों ने अंतिम 8 में स्पेन के एलिया कैनालेस और पाब्लो अचा गोंजालेज के खिलाफ मुकाबला 5-3 से जीता। उन्होंने पहला सेट 38-37 से जीता, जबकि दूसरा सेट 38-38 से बराबरी पर रहा। इसके बाद स्पेनियों ने तीसरे सेट में 37-36 से जीत दर्ज करके बराबरी कर ली। हालांकि, भारतीयों ने अंतिम सेट 37-36 से जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। इससे पहले भारतीय जोड़ी ने इंडोनेशिया के दियानंदा चोइरुनिसा और आरिफ पंगेस्टू को हराकर तीरंदाजी रिकर्व मिश्रित टीम स्पर्धा के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत जल्द ही तिमोर-लेस्ते में खोलेगा दूतावास

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि भारत जल्द ही तिमोर-लेस्ते में दूतावास खोलेगा। विदेश मंत्रालय के सचिव (पूर्व) जयदीप मजूमदार ने आज प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि हमने तिमोर-लेस्ते में अपना मिशन खोलने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले साल सितंबर में इसकी घोषणा की थी। हम अपना दूतावास स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, और हम इसे बहुत जल्द स्थापित करेंगे उन्होंने कहा कि इस बीच, तिमोर-लेस्ते ने भी नई दिल्ली में अपना दूतावास खोलने की अपनी मंशा की घोषणा की है। इसका हमने गर्मजोशी से स्वागत किया है। सचिव ने कहा कि ऐसे में यह दिल्ली-दिली संपर्क होगा जो दोनों दूतावासों के खुलने के बाद और मजबूत होगा।

### अनुराग ठाकुर लोक लेखा समिति के सदस्य नामित

**शिमला।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर से लोकसभा से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर संसद को लोक लेखा समिति के सदस्य के रूप में नामित किया गया है। यह समिति सरकार के वार्षिक वित्त लेखों और व्यय को पूरा करने के लिए राशि के विनियोग को दर्शाने वाले लेखों की जांच करने का काम करती है। लोक लेखा समिति का गठन प्रतिवर्ष 'लोकसभा की प्रक्रिया और कार्य-संचालन नियम' के नियम 308 के तहत किया जाता है। अनुराग सिंह ठाकुर ने पूर्व में आईटी पर संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष (2009 से 2014) और लोक लेखा समिति के सदस्य के रूप में कार्य किया है। इसके अतिरिक्त अनुराग सिंह ठाकुर ने मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में 2019 से 2021 तक वित्त एवं कॉर्पोरेट अफ़ेयर्स राज्यमंत्री व 2021 से 2024 तक सूचना प्रसारण व खेल व युवा कार्यक्रम मंत्री के रूप में अपनी सेवाएं दीं हैं।

### बादल फटने से छह छात्र बहे, स्कूल का भवन मलबे में तब्दील

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में शिमला जिले के समेज गांव में शुक्रवार को बादल फटने से एक माध्यमिक विद्यालय की इमारत बह गई। इस हादसे में 12 से 18 वर्ष की आयु के छह छात्र बह गए। यह घटना श्रीखंड महादेव के पास बादल फटने की घटना के एक दिन बाद हुई, जिससे समेज, गानवी और कुर्बन क्षेत्रों में अचानक बाढ़ आ गई।

## कार्रवाई : गैंगरेप के आरोपी व सपा नेता की उल्टी गिनती शुरू

**बीकापुर विधायक के साथ पीड़ित परिवार ने सीएम से की मुलाकात**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** भगवान राम की नगरी अयोध्या में गैंगरेप के आरोपी और समाजवादी पार्टी (सपा) नेता की उल्टी गिनती अब शुरू गई है। दरअसल, आज पीड़ित परिवार राजधानी लखनऊ में मुलाकात बीकापुर विधायक अमित सिंह चौहान के साथ मुख्यमंत्री आवास में मुलाकात की। इस दौरान सीएम योगी ने पीड़ित परिवार को भरोसा दिया कि आरोपी पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी साथ ही आरोपी के अवैध निमार्ण कब्जे पर बुलडोजर भी चलाया जाएगा। पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद की घोषणा की है। पीड़ित परिवार ने कहा कि मुख्यमंत्री ने आरोपी पर कार्रवाई का आश्वासन दिया



है। वहीं पीड़ित परिवार से विधायक अभय सिंह ने मुलाकात की। आप को बता दें कि अयोध्या पुलिस ने गुरुवार को गैंगरेप के आरोपी और समाजवादी पार्टी (सपा) नेता समेत दो लोगों को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। अधिकृत सूत्रों ने बताया कि अयोध्या पुलिस ने 12 साल की मासूम बच्ची के साथ गैंगरेप करने वाले आरोपी सपा के भदरसा नगर अध्यक्ष मोइद खान और उसकी बेकरी में काम करने वाले एक कर्मचारी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित के परिजनों को मामले की जानकारी तब हुई जब मासूम गर्भवती हो गयी। इसके बाद मासूम के परिजनों ने रिपोर्ट दर्ज करायी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई की। वहीं घटना को लेकर सीएम योगी ने विधानसभा में समाजवादी पार्टी पर हमला जमकर जुबानी हमला बोला था। आरोप है कि ढाई महीने पहले जब पीड़ित मजदूरी कर घर लौट रही थी तो मोइद खान की बेकरी में काम करने वाला राजू खान उसके पास आया और कहा मोइद खान तुम्हें बुला रहे हैं। जब पीड़ित वहां पहुंची तो मोइद खान ने उसके साथ रेप की वारदात को अंजाम दिया।

### बच्ची के गर्भवती होने पर हुआ मामले का खुलासा : नैयर

**तहरीर पर पॉक्सो एक्ट के तहत आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नैयर ने बताया कि सपा नेता मोइद खान ने पहले बच्ची के साथ बलात्कार किया और फिर इसका वीडियो बनाया। अपनी घटिया करतूत का वीडियो दिखाकर और धमकी देकर आरोपी करीब ढाई महीने तक रेप को अंजाम देता रहा। इस करतूत को मोइद खान ने अपनी बेकरी में काम करने वाले राजू खान की मदद से अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि मामले का खुलासा दो माह बाद नाबालिग के गर्भवती होने पर हुआ। पुलिस ने बताया कि पूरा मामला थाना पूराकलंदर के भदरसा कस्बे का है। परिजनों के मुताबिक नाबालिग के पेट में दर्द होने पर वह डॉक्टर के पास लेकर पहुंचे, जिसके बाद मासूम के गर्भवती होने की पुष्टि हुई। पुलिस ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर पॉक्सो एक्ट के तहत आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयी है। दोनों आरोपी सपा नगर अध्यक्ष मोइद खान और उसके साथी राजू खान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। नैयर ने बताया कि पीड़िता के पिता की दो साल पहले मौत हो चुकी है। घर का गुजारा उसकी मां और बहनों के द्वारा मजदूरी से मिले पैसे से चलता है।

### कनिष्क हत्याकांड में सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सहित चार गिरफ्तार

**हरदोई।** अधिवक्ता कनिष्क मेहरोत्रा की हत्या का शुक्रवार को खुलासा करते हुए पुलिस ने चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले एक आरोपित को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन ने पत्रकारों को बताया कि 30 जुलाई को हुए इस वीभत्स हत्याकांड की पृष्ठभूमि वर्ष 2011 से बन रही थी। पश्चिमी थोक सराय निवासी आदित्यभान, सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ग्राम बरगदापुर निवासी वीरेन्द्र सिंह उर्फ वीरे, धर्मशाला निवासी शिखर गुप्ता और रानगर कॉलोनी निवासी नृपेन्द्र त्रिपाठी ने मिलकर कनिष्क महरोत्रा के किराए के मकान को खाली कराने के क्रम में इस घटना को अंजाम दिया। आदित्य भान सिंह और वीरेन्द्र सिंह उर्फ वीरे यादव से रामू महावत मिला था।

## ईडी ने जब्त की सपा सांसद बाबू सिंह कुशवाहा की जमीन

**टीम ने जमीन पर बने अवैध निर्माण को भी किया जमींदोज**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए जौनपुर के सांसद बाबू सिंह कुशवाहा की लखनऊ स्थित जमीन जब्त कर ली। कानपुर रोड पर स्कूटर इंडिया के सामने स्थित जमीन की कीमत करोड़ों में है।

ईडी की टीम भी बुलडोजर लेकर आई और जमीन पर बने अवैध निर्माण को जमींदोज कर दिया। ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मामला उस समय का है जब 2007 में मायावती प्रदेश की मुख्यमंत्री थीं और बाबू सिंह कुशवाह यूपी में मंत्री थे। 2005 में केंद्र की यूपीए सरकार ने राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन योजना शुरू की थी। इस योजना को लेकर मायावती सरकार पर केंद्र द्वारा भेजे गए पैसे के गबन का आरोप लगाया गया था। भ्रष्टाचार के मामले ने तब गंभीर रूप ले लिया जब 2010 और 2011 में यूपी के दो सीएमओ डॉ. विनोद आर्य और डॉ. बी.पी. सिंह की लखनऊ में हत्या कर दी गई। बाद में इसी मामले में घोटाले के आरोप में जेल में बंद डिप्टी सीएमओ डॉ. वाईएस सचान भी जेल में मृत पाए गए। बाबू सिंह कुशवाह इस एनआरएचएम भ्रष्टाचार मामले में आरोपी हैं और ईडी उनके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप की जांच कर रही है। अपने ऊपर भ्रष्टाचार के आरोप लगने के बाद उन्होंने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। 2024 में जनुपुर निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए समाजवादी पार्टी से टिकट मिलने से पहले उनके राजनीतिक करियर को एक दशक तक असफलताओं का सामना करना पड़ा। उन्होंने 5,09,130 वोट हासिल किए और भाजपा के कृपाशंकर सिंह को लगभग 1,00,000 वोटों के अंतर से हराया। सिंह को 4,09,795 वोट मिले। फिलहाल बाबू सिंह कुशवाह लोकसभा में समाजवादी पार्टी संसदीय दल के उपनेता हैं।

### 750 आयुष्मान आरोग्य मंदिर को मिला एनएबीएच सर्टिफिकेशन

**नई दिल्ली।** आयुष मंत्रालय के तहत आने वाले 750 आयुष्मान आरोग्य मंदिर को नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स ऐंड हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स (एनएबीएच) का आयुष एंट्री लेवल सर्टिफिकेशन मिल गया है। लाभार्थियों को गुणवत्तापरक और मानकीकृत स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के मकसद से विशेष पहल की गई है, जिसके आरंभिक चरण में लक्षित 1000 में से 750 केंद्रों को अब तक प्रमाणित किया जा चुका है। आयुष मंत्रालय ने कि वह देश के दूर-दराज के इलाकों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए लगातार काम कर रहा है एक विशेष अभियान शुरू किया है, जिसका लक्ष्य 1000 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को (एनएबीएच) एंट्री लेवल सर्टिफिकेशन कराना है।

## आय से अधिक संपत्ति मामले में छापे 22 लाख से अधिक की नकदी मिली

एजेंसी

**राजस्थान।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने नगर परिषद सांचौर के कार्यवाहक आयुक्त योगेश आचार्य के खिलाफ दर्ज आय से अधिक संपत्ति के मामले में शुक्रवार को उसके नौ ठिकानों पर छापे मारे, जहां से 22 लाख से अधिक की नकदी, चार लग्जरी वाहन और संपत्तियों के दस्तावेज बरामद किए गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ब्यूरो मुख्यालय को गोपनीय शिकायत प्राप्त हुई थी कि सहायक प्रशासनिक अधिकारी और नगर परिषद सांचौर के कार्यवाहक आयुक्त द्वारा अपने तथा अपने परिजनों के नाम से भ्रष्टाचार के



साधनों द्वारा आय से अधिक संपत्तियां अर्जित की गई है।

एसीबी की जोधपुर ग्रामीण/खुफिया शाखा द्वारा शिकायत का गोपनीय सत्यापन किया गया और तथ्यों की पुष्टि होने के बाद आय से अधिक संपत्तियां अर्जित करने का मामला दर्ज किया गया। सक्षम न्यायालय से तलाशी वारंट लेकर ब्यूरो की विभिन्न टीम ने आज अलसुबह आरोपी के सांचौर, सुमेरपुर-पाली, जोधपुर और जयपुर स्थित नौ विभिन्न ठिकानों पर तलाशी ली।

### आरक्षित कोचों में सीट खाली होने पर प्रतीक्षा सूची वालों को यात्रा की अनुमति

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को राज्यसभा को बताया कि टिकट चेकिंग स्टाफ चलती ट्रेन में सीट खाली होने पर आरक्षित सवारी डिब्बों में यात्रियों को चढ़ने की अनुमति देने के लिए अधिकृत हैं। कांग्रेस सांसद ने सवाल किया था कि क्या सरकार रेलवे विडों से लिए गए वेटिंग टिकट को रिजर्व कोच में प्रतिबंधित करने पर विचार कर रही है। रेल मंत्री वैष्णव ने कहा कि ऑन बोर्ड टिकट चेकिंग स्टाफ ट्रेन में खाली स्थान उपलब्ध होने पर आरक्षित सवारी डिब्बों में यात्रियों को चढ़ने की अनुमति देने का अधिकार रखते हैं, बशर्ते कि उस श्रेणी के लिए निर्धारित न्यूनतम श्रेणी का टिकट प्रस्तुत किया जाए तथा किराए में अंतर, यदि कोई हो, वसूला जाए। बिना टिकट और अनियमित यात्रियों के विरुद्ध नियमित और औचक जांचें की जाती है।

## पूर्व मंत्री ओपी सिंह समेत सात लोग कोर्ट में हाजिर, गिरफ्तारी वारंट निरस्त

समृद्धि न्यूज

**तीन अन्य आरोपी कोर्ट में नहीं हुए हाजिर, अगली तारीख 12 को**

**सुल्तानपुर।** आदर्श चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के मामले में पूर्व विधायक और खेल मंत्री रहे ओम प्रकाश सिंह समेत सात आरोपियों ने शुक्रवार को गिरफ्तारी वारंट की जानकारी होने पर एमपी एमएलए की विशेष कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में हाजिर हुए।

उनके वकील संतोष पांडेय ने आरोपियों ओम प्रकाश सिंह, गुरबचन सिंह, संतोष कुमार, वीरेंद्र, केशवानंद, ओमप्रकाश उपाध्याय और अब्दुल रऊफके खिलाफजारी गिरफ्तारी वारंट रिकॉल करने का प्रार्थना पत्र व जमानत नामें दाखिल किए। अधिवक्ता ने बताया कोर्ट ने पूर्व मंत्री समेत सात के खिलाफ जारी गिरफ्तारी वारंट रिकाल कर लिया। वहीं, केस में तीन अन्य आरोपी कोर्ट में हाजिर नहीं हुए हैं, जिनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट पूर्वत जारी रहेगा। कोर्ट ने बहस के लिए कोर्ट ने 12 अगस्त की तारीख नियत की है। आचार संहिता उल्लंघन केस में कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत ने गुरुवार को आरोपी ओमप्रकाश सिंह समेत अन्य की हाजिरी माफी निरस्त कर गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। मोतिगरपुर थाने के उपनिरीक्षक सुशील कुमार राय ने 15 जनवरी 2022 को आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का मुकदमा दर्ज कराया था।

### ज्ञानवापी के बाहर हंगामा नमाज का बहिष्कार


**वाराणसी।** वाराणसी में सावन की शिवरात्रि और जुमे की नमाज के दिन माहौल गरमा गया। ज्ञानवापी के बाहर 500 से ज्यादा नमाजियों ने हंगामा कर दिया। नमाजियों ने ज्ञानवापी में नमाज पढ़ने से इनकार कर दिया। हंगामे की सूचना पर फोर्स मौके पर पहुंची। इस दौरान पुलिसकर्मियों और नमाजियों में नोकझोंक हो गई। इस पर शहर मुफ्ती धरने पर बैठ गए। ज्ञानवापी के भीतर करीब 150 नमाजी पहुंच गए थे, उन्होंने नमाज का बहिष्कार कर दिया। दरअसल, गुरुवार को प्रशासन काशी विश्वनाथ धाम के गेट नंबर-4 से सटाकर ज्ञानवापी के नमाजियों के लिए नया अस्थायी गेट बनवा रहा था। नमाजियों ने नई परंपरा बताकर विरोध किया तो प्रशासन ने गेट बनाने का फैसला वापस ले लिया। हालांकि, गेट की चौखट बन चुकी थी।

## कैबिनेट : आठ नई राष्ट्रीय हाई-स्पीड रोड कॉरिडोर परियोजना को मंजूरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को 8 महत्वपूर्ण राष्ट्रीय हाई-स्पीड रोड कॉरिडोर परियोजनाओं को मंजूरी दी, जिनकी कुल लंबाई 936 किलोमीटर और कुल लागत 50,655 करोड़ रुपये है।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव में शुक्रवार देर शाम नेशनल मीडिया सेंटर में पत्रकारों को मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने ने बताया कि मंत्रिमंडल ने 6-लेन आगरा-ग्वालियर राष्ट्रीय हाई-स्पीड कॉरिडोर, 4-लेन खड़गपुर-मोरग्राम राष्ट्रीय हाई-स्पीड कॉरिडोर, 6-लेन थराद-डीसा-मेहसाणा-अहमदाबाद राष्ट्रीय हाई-स्पीड कॉरिडोर, 4-लेन अयोध्या रिंग रोड, रायपुर-रांची राष्ट्रीय हाई-स्पीड कॉरिडोर के पत्थलगांव और गुमला के



बीच 4-लेन सेक्शन, 6-लेन कानपुर रिंग रोड, 4-लेन उत्तरी गुवाहाटी बाईपास और मौजूदा गुवाहाटी बाईपास का चौड़ीकरण/सुधार, पुणे के पास 8-लेन एलिवेटेड नासिक फाटा-खेड़ कॉरिडोर को मंजूरी दी है। मंत्री ने इन परियोजनाओं का लाभ बताया। उन्होंने कहा कि आगरा और ग्वालियर के बीच यात्रा का समय 50 प्रतिशत तक कम हो जाएगा। खड़गपुर-मोरग्राम कॉरिडोर पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर की अर्थव्यवस्था को बदल देगा। कानपुर रिंग रोड़ शहर के आसपास के राजमार्ग नेटवर्क को भीड़भाड़ से मुक्त करेगा।

### मेरे खिलाफ ईडी-सीबीआई छापेमारी की तैयारी : राहुल

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) उनके खिलाफ छापे मारने की तैयारी कर रहा है। कांग्रेस नेता ने यह जानकारी देते हुए शुक्रवार को बताया कि ईडी के एक अधिकारी ने उन्हें बताया है कि उनके खिलाफ छापे की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने आशंका जताई कि संसद में बजट पर चर्चा के दौरान उन्होंने कहा था कि सरकार विपक्ष और देश के खिलाफ चक्रव्यूह बना रही है और शायद मोदी सरकार को उनका यह बयान पसंद नहीं आया इसीलिए उनके खिलाफ इस तरह की योजना बनाई जा रही है श्री गांधी ने एक्स पर कहा, जाहिर है, 2 इन 1 को मेरा चक्रव्यूह भाषण पसंद नहीं आया। ईडी के अंदरूनी सूत्रों ने मुझे बताया कि छापेमारी की योजना बनाई जा रही है।

**सदन में विवाद** | शिक्षा को समवर्ती सूची से हटाने के लिए राज्यसभा में निजी संकल्प पेश

## शिक्षा को राज्य का विषय बनाने के लिए सत्ता पक्ष व विपक्ष में टकराव

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** शिक्षा को समवर्ती सूची से हटाकर संविधान की सातवीं अनुसूची के तहत राज्यों का विषय बनाने को लेकर पेश निजी संकल्प को लेकर शुक्रवार को राज्यसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जमकर विवाद हुआ। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के मोहम्मद अब्दुल्ला ने निजी संकल्प पेश करके यह मांग की। इस संकल्प में मेडिकल कालेजों में प्रवेश की परीक्षा नीट तथा इसे कराने वाली एजेन्सी राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी (एनटीए) को समाप्त करने की भी मांग की गयी।

शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि नीट परीक्षा से संबंधित विषय सरकार के संज्ञान में है और उच्चतम न्यायालय



ने इस बारे में आदेश भी दिया है। न्यायालय ने इस संबंध में एक समिति का गठन किया है। यह मामला न्यायालय के विचाराधीन है,इसलिए इस सदन को इस संकल्प पर चर्चा नहीं करनी चाहिए। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जॉन ब्रिटास ने इसका विरोध करते हुए कहा कि नीट की परीक्षा न्यायालय के आदेश से शुरू नहीं हुई है बल्कि केन्द्र सरकार ने इसकी शुरूआत की थी। उन्होंने कहा कि इस संकल्प पर चर्चा न कराने के लिए न्यायालय का बहाना लेना गलत है। दुमुक के तिरूचि शिवा ने कहा कि जब इस संकल्प पर जवाब दिया जायेगा उस समय विधेयक वापस लेने के लिए आग्रह किया जा सकता है। भाजपा के घनश्याम तिवाड़ी ने भी कहा कि उच्चतम न्यायालय ने बार-बार इस परीक्षा तथा एनटीए की जरूरत को सही ठहराया है। इसलिए न्यायालय के आदेश और उसकी भावना को देखते हुए इस संकल्प पर चर्चा नहीं की जानी चाहिए।संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा ,÷कोई भी सदन या सदस्यों के अधिकार को नहीं रोक रहा है, केवल मामला इतना है कि उच्चतम न्यायालय ने फैसला दिया है इसलिए हम इस विषय पर चर्चा नहीं करना चाहते। उप सभापति हरिवंश ने कहा कि इस संकल्प को पेश करने वाले सदस्य सदन में संकल्प पेश करके संक्षिप्त में अपनी बात रख सकते हैं और फिर सदस्यों द्वारा चर्चा में हिस्सा लेने के बाद विधेयक को वापस लेने की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है।

### संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही सोमवार तक स्थगित

नई दिल्ली। संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही आज दिनभर चलने के बाद सोमवार 5 अगस्त के लिए स्थगित कर दी गई है। लोकसभा की कार्यवाही शाम सात बजे तक चली और राज्यसभा की कार्यवाही शाम 4.30 बजे तक चली। आज राज्यसभा में कृषि मंत्री ने बजट में उनके मंत्रालय से संबंधित विषयों पर जानकारी दी। वहीं लोकसभा में 2024-2025 के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की अनुदान मांगों पर चर्चा चली। राज्यसभा में कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उनके मंत्रालय से जुड़ी चर्चा पर जवाब दिया। 2013-14 में 27,663 करोड़ का कृषि बजट था जिसे 2024-25 में बढ़ाकर 1,32,470 करोड रुपए किया गया है। खाद्य सब्सिडी और पशुपालन को जोड़ा जाए तो यह बजट कृषि से जुड़ी अर्थव्यवस्था के लिए 1.75 लाख करोड़ रुपये का होगा।

# पत्नी को फंदे से लटकते देख पति ने लगाई फांसी

▶ पति-पत्नी के आपसी विवाद ने चार बच्चों को बना दिया अनाथ

**धौरहरा खीरी, समृद्धि न्यूज।**

धौरहरा तहसील क्षेत्र के ईसानगर थाना क्षेत्र के गनेशपुर गांव में पति-पत्नी के बीच हुई कहासुनी के बाद पत्नी ने पहले फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

पत्नी को फांसी के फंदे पर लटकते देख घबड़ाए पति ने भी फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरवाकर उसे पीएम के लिए भेज दिया है। पति-पत्नी की मौत के बाद उनके चार


मौके पर मौजूद पुलिस व भीड़

बच्चों के सर से माता-पिता का साया उठ गया है। अचानक हुई घटना के बाद गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है।शुक्रवार को ईसानगर थाना क्षेत्र के गनेशपुर कुरतहिया गांव निवासी लाल विक्रम मौर्य (48) पुत्र भगौती प्रसाद व उसकी पत्नी कुसुमा देवी (45) के मध्य पारिवारिक विवाद हुआ था, इसी विवाद को लेकर कुसुमा ने दोपहर अपने घर में छत में लगे छल्ले से रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।

जिसके शव को पति लाल विक्रम ने खुद ही नीचे उतारने के बाद घर से भागकर गांव के बाहर कौशल के खेत में लगे आम के पेड़ में गमछा से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिसकी जानकारी होते ही गांव में सनसनी फैल गई,वही अचानक घटित हुई घटना को लेकर मृतक के भाई लाल मोचन के द्वारा दी गई सूचना के आधार पहुचे सीओ पीपी सिंह की मौजूदगी में थानाध्यक्ष देवेंद्र

> पति-पत्नी के बीच हुए आपसी विवाद में घटित हुई घटना की सूचना मृतक के भाई से मिलते ही मौके पर पहुचकर दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है।
>
> देवेन्द्र कुमार गंगवार थानाध्यक्ष ईसानगर

कुमार गंगवार व उपनिरीक्षक सुनील कुमार तिवारी ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। पति पत्नी की मौत के बाद रंजीत कुमार (18), किरन देवी (14), सुनील,(9), संजीत (5) के सर से माता-पिता का साया उठ गया है। बच्चों का रो रोकर बुरा हाल है।

# किसान 10 अगस्त तक करा सकते हैं फसलों का बीमा

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

सरकार ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) की अंतिम तिथि बढ़ाकर 10 अगस्त कर दी है। पहले यह तिथि 31 जुलाई थी। अब जिले के ऋणी एवम गैर ऋणी किसान भाई 10 अगस्त तक अपनी फसलों का बीमा करवा सकते हैं। यह जानकारी सीडीओ अभिषेक कुमार ने दी।

सीडीओ ने जनपद के समस्त किसान भाइयों से अनुरोध करते हुए कहा कि योजनान्तर्गत अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करते हुये योजना का लाभ लें। ऋणी किसान भाई अपने बैंक शाखा से सम्पर्क कर यह सुनिश्चित कर लें कि बैंक शाखा द्वारा उनकी फसल का बीमा किया गया है अथवा नहीं। अगर अबतक फसल बीमा नहीं किया गया है तो नियमानुसार बीमा करने के लिए बैंक शाखा को सूचित कर दे तथा गैर ऋणी कृषक अपनी आधार कार्ड, स्व प्रमाणित फसल बुवाई का घोषणा पत्र, नवीनतम खतौनी की नकल, बैंक पासबुक की छायाप्रति (आईएफएससी कोड सहित) के साथ निकट के कामन सर्विस सेंटर अथवा बैंक शाखा से फसल पर देय प्रीमियम अंश को जमा करते हुये अधिसूचित फसल धान, मक्का, मूंगफली एवं उर्द आदि का बीमा करा सकते हैं।

जिला कृषि अधिकारी अरविंद कुमार चौधरी ने बताया कि योजना के तहत प्रतिकूल मौसमीय स्थितियों से अधिसूचित फसलों को क्षति होने की स्थिति में बीमित कृषकों को बीमा कवर, क्षतिपूर्ति प्रदान किया जाता है जैसे फसल की बुवाई न कर पाना/असफल बुवाई, फराल की

**टोल फ्री नम्बर पर पाए योजना की विस्तृत जानकारी**

शासन द्वारा योजना हेतु टोल फ्री नम्बर14447 जारी किया गया है, जिस पर कृषक भाई काल करके योजना की विस्तृत जानकारी ले सकते हैं तथा बीमित कृषक आपदा की स्थिति में क्षतिपूर्ति हेतु 72 घंटे के अन्दर टोल फ्री नम्बर पर सूचित कर सकते हैं।

मध्य अवस्था में क्षति, खड़ी फसलों को प्राकृतिक आपदाओं, रोगों, कीटों से क्षति, ओलावृष्टि, जलभराव, बादल फटना, भूस्खलन, बिजली गिरने से क्षति फसल कटाई के उपरान्त आगामी 14 दिन की अवधि तक खेत में सुखाई हेतु रखी हुई फसल को ओलावृष्टि, चक्रवात, बेमौसम/चक्रवाती वर्षा से नुकसान की जोखिम को कवर किया गया है।

# अपात्रों को बांटी गयी बाढ़ राहत किट

▶ ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर लगाया आरोप

**धौरहरा खीरी, समृद्धि न्यूज।**

पहाड़ों व मैदानी क्षेत्रों में हुई जोरदार बारिश से क्षेत्र में आई भीषड़ बाढ से तहसील क्षेत्र के कई इलाकों में पानी भरने से आम आदमी कराह उठा था ज्यादातर गांवो में बाढ के पानी से आम लोगों की ग्रहस्थी से लेकर फसले तक जलमग्न हुई थी।

क्षेत्र में बह रही शारदा व घाघरा नदियों द्वारा मचाये गये तांडव से जन जीवन अस्त-व्यस्त होने के साथ जिला प्रशासन से लेकर तहसील प्रशासन पीड़ितों से कदमताल करता रहा। बाढ़ की विभीषिका की जानकारी पाकर क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण किया गया था।हाल फिलहाल अधिकारियों की मौजूदगी में क्षेत्र के हसनपुर कटौली में बाढ राहत केन्द्र



के द्वारा प्रभावित गांवों के लोगों राहत किटे वितरण करने का काम जारी है हालांकि राहत किट वितरण कार्य में अधिकारियों द्वारा लापरवाही व गैर प्रभावित लोगों को राहत किटे देने का आरोप लगाते हुए तहसील क्षेत्र के एक सैकडा लोगों द्वारा प्रदर्शन कर एसडीएम धौरहरा को शिकायती पत्र सौंपा। तहसील क्षेत्र के बाढ प्रभावित क्षेत्र मोचनापुर व चकदहा के ग्रामीणो द्वारा अलग-अलग हिस्सों में शुक्रवार को तहसील परिसर में एकत्र होकर एस डीएम धौरहरा राजेश कुमार को शिकायती पत्र सौंपकर बाढ राहत केन्द्र हसनपुर कटौली केन्द्र पर चल रहे अधिकारियों के निर्देशन में वितरण कार्य में लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि घाघरा नदी से निकला पानी मोचनापुर व चकदहा में ग्रामीणों के घरों तक भरा रहा।

जिससे लोगों की गृहस्थी बर्बाद हो गई व अधिकारियों द्वारा जो लिस्ट बनी है उसमें पात्र लोगों के बजाय अपात्रों को राहत किटे देने का काम किया जा रहा है।

# हादसा : भाई को डूबने से बचाने में दोनों की मौत

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**

निघासन कोतवाली क्षेत्र के हरीपुरवा निवासी कांवरियों का एक जत्था पढ़ुआ थाना क्षेत्र के ढखेरवा घाट के सरयू नदी से जल भरने के लिए गए हुए थे, जहां पढ़ुआ थाना क्षेत्र के हरीपुरवा निवासी अंजनी कुमार के दो लड़के नदी मे जल भरने के लिए उतरे ही थे, कि तेजपाल उम्र 16 वर्ष का पैर फिसल गया और नदी में डूबने लगा, तभी उसका 17 वर्षीय भाई रामलखन अपने भाई को नदी मे डूबता देखा, बचाने के लिए नदी में कूद गया, देखते ही देखते दोनों भाई नदी में डूब गए, दोनो को डूबता देख चीख पुकार सुनकर घाट पर मौजूद ग्रामीण इकट्ठा हो गए।

जब तक दोनो को निकाला जाता तब तक दोनो भाइयों की मौत हो गई, आनन फानन में दोनों भाइयों को निघासन स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने दोनों भाइयों को मृत घोषित कर दिया।

दोनों सगे भाइयों की मौत की खबर सुनकर हरीपुरवा गांव सहित इलाके में शोक की लहर दौड़



गई, वहीं परिवार में कोहराम मच गया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम निघासन राजीव निगम, सीओ प्रवीण कुमार, सहित इंस्पेक्टर एसके मिश्रा दल बल के साथ निघासन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंच गए और परिजनों को ढांढस बंधाते हुए, दोनो शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

अखंड हिंदू वाहिनी के सदस्य प्रदीप गुप्ता के द्वारा दिनांक 19 जुलाई को एसडीएम निघासन को एक प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया था कि प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी कांवर यात्रा निकलना सुनिश्चित है, जिसमें कांवरियां ढखेरवा घाट के सरयू नदी के तट पर व सिंगाही रोड पर स्थित मोटे बाबा स्थान से जल भरकर कांवर यात्रा में शामिल होते हैं। वर्तमान में बाढ़ का पानी नदी में काफी अधिक होने के कारण जल भरते समय कोई असुविधा न हो जिससे उपरोक्त तटों पर प्रशासन द्वारा उचित प्रबन्ध कराते हुये सुरक्षा कर्मियों की तैनाती करने की मांग भी की थी,और कांवरियों के जाने के लिए ढखेरवा खालसा से रकेहटी मार्ग पर दुकानदारों द्वारा दुकान लगाकर अतिक्रमण को हटवाकर रोड से बाहर दुकाने लगाने की मांग की थी, यदि समय रहते इस मांग पत्र पर प्रशासन द्वारा ध्यान दिया गया होता तो शायद आज इन दोनों भाइयों को असमय काल के गाल में नही समाते।

हरीपुरवा निवासी अंजनी निषाद बताते हैं, कि उनके दो लड़की और दो लड़के थे, जिसमे से बड़ी लड़की का विवाह कर दिया था, अभी एक लड़की और दोनो लड़के शादी के लिए बाकी थे, दोनों लड़के ही घर बाहर मेहनत मजदूरी करके अपना व अपने परिवार का पालन पोषण करते थे, बहन की शादी करने के लिए दोनों भाई जीतोड़ मेहनत भी कर रहे थे। दोनों भाइयों की मौत से पिता सहित और परिवार पर आफतों का पहाड़ टूट पड़ा है।

## शिया समुदाय पर हुए आतंकी हमले का किया विरोध

**खीरी टाउन।** कस्बा खीरी में स्थित शिया वक्फ इमामबाड़ा में नमाजे जुमा के बाद नमाजियों ने पाकिस्तान के पाराचिनार में शिया समुदाय पर हुए आतंकी हमले के विरोध जताया खीरी कस्बा के मोहल्ला मुगली टोला में स्थित शिया वक्फ इमामबाड़ा में नमाजे जुमा के बाद एक मजलिस का आयोजन किया गया उसके बाद नमाजियों ने इमामबाड़ा परिसर के मुख्य गेट पर जमा होकर पाकिस्तान के पाराचिनार में शिया समुदाय पर हुए आतंकी हमले के विरोध जताया इस मौके पर आली जनाब मौलाना फाजिल अब्बास साहब और ऑल इंडिया शिया मुस्लिम महासभा के जिला अध्यक्ष मोहम्मद रज़ा ने कहा कि पाकिस्तान में आए दिन बेगुनाह हुसैनियों पर मजलिसों में हमले हो रहे हैं ऐतिहास गवाह है कि शिया समुदाय ने अजादारी और मजलिस मातम के लिए बहुत कुर्बानियां दी हैं हमारे ऊपर जितने हमले किए जाएं हम अजादारी बंद नहीं कर सकते।

# सड़क दुर्घटना में कांवड़िए की मौत, मची चीख-पुकार

**अमीरनगर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र में शुक्रवार को पिकअप की टक्कर से बाइक सवार कांवड़िए की मौत हो गई तथा दो चोटिल हो गए। मृतक कांवड़िए के घर सूचना पहुंचते ही घर में चीख पुकार मच गई तथा परिजन रोते बिलखते घटना स्थल पर पहुंचे। सूचना पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने कांवड़िए के शव को जिला मुख्यालय पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गोला विधायक अमन गिरि ने कहा घटना बहुत ही दुखद है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह करीब नौ बजे लखीमपुर - मोहम्मदी मार्ग से तीन व्यक्ति कावड़ लेकर एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल पर बैठकर गोला से टेडेनाथ मंदिर जा रहे थे। कोतवाली मोहम्मदी के भीखमपुर गांव के निकट



नत्थू लाल के मकान के पास विपरीत दिशा से आ रही पिकअप ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर बैठे एक व्यक्ति की मौके पर ही मृत्यु हो गयी व दो लोग चोटिल हो गए। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना दी।सूचना मिलने पर अमीरनगर चौकी पुलिस बल तत्काल घटनास्थल पर पहुंचा।जिससे पता चला कि मोटरसाइकिल चालक आकाश पुत्र रामकुमार उम्र 22 वर्ष निवासी माहोल जिला सीतापुर की मृत्यु हो गई व पीछे बैठे शिवा पुत्र छोटे उम्र 17 वर्ष, ऋतिक पुत्र रामपाल उम्र 18 वर्ष, निवासी महोली जनपद सीतापुर गंभीर रुप से चोटिल हो गए । मृतक कांवड़िए के शव को पोस्टमार्टम हेतु लखीमपुर भेज दिया गया। वहीं चोटिल शिवा और ऋतिक को सीएचसी मोहम्मदी से जिला लखीमपुर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है।मोटरसाइकिल व पिकअप को चौकी अमीरनगर पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। सूचना मिलते ही उप जिलाधिकारी मोहम्मदी डॉक्टर अवनीश कुमार घायलों का हाल जानने सीएचसी मोहम्मदी पहुंचे। घटना स्थल पर पहुंचे पुलिस मोहम्मदी क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार सिंह,कोतवाली प्रभारी मोहम्मदी इंद्रजीत सिंह एवं आस पास के थाना क्षेत्र की पुलिस मौके पर पहुंची। कांवड़िए की मौत से आक्रोशित लोगों ने रास्ता जाम कर धरना प्रदर्शन करने लगे। मौके पर पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश शाहा व एडीशनल एसपी नैपाल सिंह ने आकर लोगों को समझाया बुझाया।

एसडीएम गोला विनोद गुप्ता ने मृतक के परिजनो को मुआवजा दिलाने की बात कही।अपर पुलिस अधीक्षक नेपाल सिंह ने आक्रोशित लोगों को समझा बुझा कर उनके घर भेजा और रास्ता साफ कराया ताकि आने जाने वालों को दिक्कत न हो।मृतक के परिजनों को घटना की तहरीर देने के लिए कोतवाली मोहम्मदी भेजा गया।

# कांवरियों का तिलक चंदन लगाकर छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ के लिए किया रवाना

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**

सिंगाही कस्बे से तीन जत्थों में लगभग चार सौ लोग कांवर लेकर सरजू नदी से जल भरकर छोटी काशी गोला गोकर्ननाथ के लिए रवाना हुए, कस्बे के संभ्रांत लोगों ने कांवरियों का तिलक चंदन लगा कर और मीठा खिलाकर रवाना किया। कस्बे की कांवर समितियों के द्वारा तीन विशाल कावड़ यात्रा छोटी काशी गोलागोकर्णनाथ के लिए रवाना हुई।

पूर्व सभासद शिशिर गुप्ता ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति कांवर यात्रा शिवभक्तों द्वारा निकाली जा रही है। जिसमें करीब चार सौ भक्त गोकर्णनाथ में शिवजी का जलाभिषेक करेंगे। और दो अगस्त को वापस आएंगे। इस दौरान दिनेश अग्रवाल, संजय जैन शिशिर गुप्ता ने समिति के पदाधिकारी विकास अग्रवाल, अनुदीप दीक्षित राजेश सहित



सभी कुंवारियों भक्तों को मीठा खिलाकर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रवाना किया डीजे की धुन के साथ घूमते हुए गोला गोकरण नाथ के लिए बोलबम करते हुए भक्तों की टोली छोटीकाशी गोला गोकरननाथ के लिए भगवान शिव की पूजा के लिए रवाना हुए। इस दौरान नगर चेयरमैन मोहम्मद क़य्यूम, पूर्व चेयरमैन उत्तम कुमार मिश्रा, प्रदीप पुरवार, पूर्व सभासद जोगेंद्र शाक्य विमक तिवारी, दिनेश गुप्ता सहित कस्बे के तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# गांव के मुखिया पर लगा चहेतों को राहत सामग्री देने का आरोप

▶ ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

तहसील पलिया क्षेत्र की ग्राम पंचायत मरूआ पश्चिम के मजरा छेदनीपुरवा व इटैया के ग्रामीणों ने तहसील में प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि बाढ़ में उनके घर में पानी भरा था लेकिन ग्राम प्रधान ने अपने चहेतों को ही राहत सामग्री वितरित कर दी और उनको नहीं दी।

प्रधान से कहने पर प्रधानपति गाली देकर भगा देते हैं। प्रदर्शन करने के बाद सैकड़ो की संख्या में मौजूद ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी कार्तिकेय सिंह को ज्ञापन दिया है। दिए गए ज्ञापन में बताया है हम सभी इटैया और छेदनीपुरवा गांव के निवासी हैं



जो कि ग्राम पंचायत मरूआ पश्चिम में आता है हमारा गांव तराई क्षेत्र में होने के कारण बीते दिनों बाढ़ के समय यहां काफी पानी भर गया था। आरोप है कि गांव में बाढ़ राहत सामग्री का वितरण किया गया है लेकिन प्रधानपति ने अपने कुछ चहेतों को बाढ़ राहत सामग्री दे दी गई हैं, जबकि उनके घरों में पानी भी नहीं भरा था। प्रधान के घर पर जब हम लोग राहत सामग्री लेने के लिए कहने गए तब प्रधानपति ने गाली देकर भगा दिया। इस मामले में उपजिलाधिकारी पलिया कार्तिकेय सिंह ने कहा कि कई ऐसे गांव हैं जिनके घरों में पानी नहीं भरा है वह भी राशन किट मांग रहे हैं। लेकिन अगर हकीकत में पानी भरा है तो लेखपाल से दोबारा सर्वे कराकर राहत सामग्री वितरित कराई जाएगी। प्रधान से भी जवाब लिया जाएगा।

# सहायक अध्यापक की मौत पर शिक्षकों में शोक की लहर

**धौरहरा खीरी, समृद्धि न्यूज।**

धौरहरा तहसील क्षेत्र के ईसानगर ब्लॉक में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात लखीमपुर सदर के मोहल्ला राजगढ़ निवासी शिक्षक काफी दिनों से बीमार चल रहे थे,जिनका इलाज लखनऊ में अपोलो हॉस्पिटल में चल रहा था जहां शुक्रवार को उनकी मौत हो गई। जिसकी जानकारी होते ही ब्लॉक के शिक्षकों में शोक की लहर व्याप्त है।

ईसानगर ब्लॉक के प्रा.वि सण्डौरा कलां में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात लखीमपुर सदर के मोहल्ला राजगढ़ निवासी आशीष कुमार बीमारी के चलते कई दिनों से



लखनऊ के अपोलो अस्पताल में भर्ती थे, जहां शुक्रवार को इलाज के दौरान उनकी सांसें थम गई। जिसकी जानकारी होते ही ईसानगर ब्लॉक में तैनात अन्य शिक्षकों में शोक की लहर व्याप्त हो गई वही शिक्षक की मौत से परिवार गहरे सदमें में है।

# श्री शिव शंकर कांवड़ संघ की अगुवाई में यात्रा रवाना

**भीरा खीरी, समृद्धि न्यूज।**

श्रावण मास में जनपद के छोटी काशी गोला गोकरणनाथ स्थित सुप्रसिद्ध शिव मंदिर पहुंचने वाले हजारों कांवड़ियों की सुरक्षित यात्रा के लिए प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ द्वारा अपने अधिनस्थों को निर्देशित किया गया है।

प्रदेश के मुखिया के निर्देश पर जिले के ईमानदार व कर्तव्यनिष्ठ पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा के कुशल नेतृत्व में अपनी कुशल कार्यशैली के कारण जिले में अपनी अलग पहचान बनाने वाले तेज तर्रार प्रभारी निरीक्षक भीरा शिवा जी दुबे द्वारा आलाकमान के निर्देशानुसार कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए मय फोर्स तैनात रहते है और कांवड़ियों के सम्मान में पुष्प वर्षा



जैसे पुनीत कार्य भी लगातार कर रहे हैं। इस नेक काम को देखते हुए शुक्रवार को श्री शिव कांवड़ संघ भीरा के पदाधिकारियों ने शिवाजी दुबे को उपहार देकर सम्मानित किया।

कोतवाली क्षेत्र के कस्बा भीरा से शुक्रवार को करीब दस बजे 18 वीं कांवड़ यात्रा शारदा तट से छोटी काशी के लिए पैदल रवाना हुई।सभी कावड़ियां भोले बाबा के सुंदर सुंदर गीत पर नृत्य करते हुए गोला के लिए रवाना हुए।

इस दौरान रोड पर कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए भीरा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे के साथ उप निरीक्षक जुबेर अहमद ,कांस्टेबल चीमा ,राजू वर्मा, राम अचल, त्यागी ,प्रभात आदि टीम मौजूद रही भीरा से छोटी काशी गोला के लिए कांवड़ यात्रा रवाना हुई।

# महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**सिंगाही खीरी, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र सिंगाही के एक गांव में एक महिला का शव घर के अंदर कुंडे से लटकता मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। शुक्रवार को मैना देवी 40 वर्ष पत्नी उत्तम कुमार भार्गव निवासी सिंगहा खुर्द का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर छल्ले से लटकता हुआ मिला विवाहिता मानसिक रूप से विक्षिप्त बताई जा रही है । विवाहित के शव लटकाने की सूचना पाकर सिंगाही थाना अध्यक्ष अमित सिंह भदोरिया मौके पर पहुंचे और मृतका के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया की बताया कि 23 जुलाई 24 को वह गन्ने के खेत में शौच को गई थी। गांव के ही एक शराबी एवं अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति विजय वर्मा निवासी सिंगहा खुर्द ने उसके साथ छेड़छाड़ किया इससे वह क्षुब्ध रहती थी।

पुलिस ने इस मामले में रामनरेश के खिलाफ एससीएसटी और छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी का चालान भेजा था। इस बात से लेकर वह क्षुब्ध रहती थी। शुक्रवार दोपहर उसने घर के अंदर कुंडे में फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। बताते हैं कि मृतका के तीन बेटी पूनम रामबेटी संगीता 4 वर्ष व दो बेटे बहादुर 12 वर्ष जो मानसिक रूप से विक्षिप्त पिंटू 10 वर्ष बच्चे है। दोनों और मृतका का दिमागी संतुलन सही नहीं था। निघासन सीओ प्रवीण कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आत्म हत्या करने का कारण पता नहीं चल सका है। मृतका का पति भोपाल में मजदूरी करने के लिए गया था।

# जौराहा नदी से जल भरकर कांवड़िये गोला गोकर्णनाथ रवाना

**तिकुनिया खीरी, समृद्धि न्यूज।**

बेलरायां क्षेत्र से कावड़ियों का जत्था जौराहा नदी से जल भरकर गोला गोकर्णनाथ के लिए रवाना हुआ। कावड़ियों को विदा करने के लिए काफी लोग मौजूद रहे।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी तकिया पुरवा ( बेलरायां ) से कांवड़ यात्रा गोला गोकर्णनाथ के लिए रवाना हुई। जौराहा नदी से जल भरकर सभी कांवरिया छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ के लिए रवाना हुए। कांवड़िया सबसे पहले गोला गोकरननाथ में जलाभिषेक करेंगे। उसके बाद लखीमपुर होते हुए लिलौटीनाथ मंदिर में जलाभिषेक करने के बाद शारदा नगर बालाजी महाराज पर जलाभिषेक करेंगे। सोमवार शाम को सभी कावड़िया भक्त हर वर्ष की भांति गांव को वापस आएंगे जिसमें कपिल वर्मा, नील वर्मा ,दयाशंकर वर्मा, विनीत वर्मा , खुशीराम, अरविन्द वर्मा, अवधेश वर्मा,टार्जन वर्मा,कावड़ियों की विदाई के दौरान हजारों संख्या में महिलाएं बच्चे व पुरुष सहित बेलरायां चौकी पुलिस व सिंगाही पुलिस मौजूद रहे।

▶ सोमवार शाम को सभी कावड़िया भक्त हर वर्ष की भांति गांव को वापस आएंगे

## अनुश्री ने सिल्वर मेडल जीतकर किया नाम रोशन

**इटावा।** जनपद की एक होनहार खिलाड़ी बालिका ने दिल्ली में हुई इंटर स्कूल तीरंदाजी चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल हासिल कर अपने परिवार और इटावा जिले का नाम रोशन किया है। प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं राहतपुर स्थित शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय के निदेशक राजेंद्र कुमार दीक्षित की पौत्री अनुश्री दीक्षित पुत्री ऋभू दीक्षित ने दिल्ली एनसीआरक्षेत्र के 30 स्कूलों के अंडर 13 से अंडर 18 वर्ग के करीब 50 बच्चों की सूरजमल विहार स्थित यमुना कॉम्प्लेक्स में हुई रिकर्व एवं कंपाउंड श्रेणी की इंटर स्कूल चैंपियनशिप में फादर एंजल स्कूल की तरफ से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत (सिल्वर) पदक हासिल कर अपने जनपद इटावा का गौरव बढ़ाया।

# थियोसोफिल की अध्यापिका को मिली पीएचडी की उपाधि

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

सोनिया बाजपेयी पत्नी अमित शुक्ला प्रवक्ता थियोसोफिल इंटर कॉलेज इटावा को अंग्रेजी विषय में उनके मार्गदर्शक डॉ. एमपी शर्मा प्रोफेसर,विभागाध्यक्ष अंग्रेजी वीजेबी शासकीय कन्या महाविद्यालय ग्वालियर के निर्देशन में शीर्षक 'द हिस्टोरिकल एंड सोशल पर्सपेक्टिव इन द फिक्शनल वर्ल्ड ऑफ मनोहर मालगोंनकर एंड भवानी भट्टाचार्या' पर जीवाजी विश्विद्यालय,ग्वालियर मध्य प्रदेश में पीएच.डी. की उपाधि प्रदान की गई है। इस शोध कार्य का मुख्य उद्देश अंग्रेजी साहित्य के इन दो



महान लेखकों के ऐतिहासिक एवम सामाजिक दृष्टिकोण को पाठकों के बीच विस्तार से प्रस्तुत करना तथा अन्य शोधार्थियों को अपने शोध कार्य के द्वारा सहायता प्रदान करना है। वर्तमान में सोनिया बाजपेयी थियोसोफिकल इंटर कॉलेज इटावा में अंग्रेजी प्रवक्ता के पद पर कार्यरत हैं। सोनिया को उनके सभी शुभचिंतकों तथा समस्त विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की ही।

# कुष्ठरोग पीड़ित 12 हजार से ज्यादा दिव्यांगों को योगी सरकार दे रही है पेंशन : नरेंद्र कश्यप

▸ प्रति लाभार्थी 3000 रुपए प्रतिमाह की दर से मिल रही है पेंशन

**समृद्धि न्यूज**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कुष्ठरोग के कारण दिव्यांग हुए लोगों को योगी सरकार की ओर से आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। इसके तहत 12,361 कुष्ठरोग जनित दिव्यांगजन को प्रदेश सरकार 3000 रुपए प्रति माह की दर से कुष्ठावस्था पेंशन प्रदान कर रही है। उल्लेखनीय है कि कुष्ठरोग (लेप्रोसी) एक संक्रामक बीमारी है जो माइकोबैक्टीरियम लेप्रे नामक बैक्टीरिया के कारण होती है। यह मुख्य रूप से त्वचा, नसों, श्वसन मार्ग और आंखों को प्रभावित करती है। समय पर इलाज न होने पर यह स्थाई दिव्यांगता का कारण बन सकती है। दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने बताया कि कुष्ठरोग जनित दिव्यांगजन को 3000 रुपए प्रति माह की दर से कुष्ठावस्था पेंशन प्रदान की जा रही है। इस योजना के तहत वर्तमान में प्रदेश के 12,361 कुष्ठरोग जनित दिव्यांगजन लाभान्वित हो रहे हैं।

### कुष्ठरोग जनित दिव्यांगजनों को मिलती है पेंशन

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा केवल कुष्ठरोग जनित दिव्यांगजनों को ही लाभान्वित किया जाता है, कुष्ठरोगियों को नहीं। कुष्ठरोग के कारण दिव्यांग हुए व्यक्तियों को आजीवन जीविका के साधन के तौर पर कुष्ठावस्था पेंशन प्रदान की जाती है। इसके साथ ही, यूपी राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में दिव्यांगजन को निशुल्क यात्रा की सुविधा भी दी जा रही है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि विभाग द्वारा कुष्ठरोगियों का पंजीकरण नहीं किया जाता है, जबकि कुष्ठरोग के कारण दिव्यांग हुए मरीजों को मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किया जाता है।

# कावड़ यात्रा मार्गों, धार्मिक स्थलों व मंदिरों में 24 घंटे होगी बिजली आपूर्ति

▸ उमस भरी गर्मी में सभी क्षेत्रों व कृषि कार्यों के लिए मिले बिजली

**समृद्धि न्यूज**



**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि सावन के पवित्र महीने में भगवान भोलेनाथ का गंगाजल से अभिषेक करने के लिए शिवभक्त दूर-दूर से कावड़ लेकर चलते हैं, श्रद्धालुओं को परेशानी न हो, कावड़ यात्रा मार्गों और प्रमुख धार्मिक स्थलों एवं मंदिरों में 24 घंटे विद्युत आपूर्ति की जाए। बरसात की उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत मिले और कृषि कार्यों के लिए किसानों को पर्याप्त बिजली मिले, सभी क्षेत्रों को निर्धारित शेड्यूल के अनुरूप बिजली आपूर्ति की जाए, अनावश्यक कटौती न हो।

ट्रांसफार्मर के जलने पर निर्धारित समय पर बदलने का प्रयास किया जाए। विद्युत कार्मिक पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ कार्य करें, अपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से संवाद बनाए रखें, सभी के फोन उठाए, उपभोक्ताओं की समस्याओं का तत्काल समाधान करें। ऊर्जा मंत्री शुक्रवार को शक्ति भवन में विद्युत व्यवस्था और कार्यों की वर्चुअल समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने डिस्कॉम के प्रबंध निदेशकों को निर्देश दिए कि बार-बार ट्रांसफार्मर के जलने, किसी एक फीडर पर बार-बार विद्युत आपूर्ति बाधित हो रही, फीडर के ओवर लोड होने और लो वोल्टेज की समस्याओं की लगातार मॉनिटरिंग करें। ऐसी जगहों पर विद्युत चोरी करने, कटिया लगाने की संभावना रहती है, इसकी नियमित जांच की जाए और विद्युत चोरी करने वालों पर सख्त कार्रवाई भी करें। उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर जलने पर अगर उस क्षमता का ट्रांसफार्मर उपलब्ध न हो तो उससे ज्यादा क्षमता का ट्रांसफार्मर लगाए, उन्होंने इसके लिए एसओपी जारी करने के भी निर्देश दिए। ट्रांसफार्मर के जलने और उसके बदलने की जानकारी को सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को उपलब्ध कराए और मुख्यालय को भी इसकी जानकारी दें।

### सभी डिस्कॉम के एमडी अपनी टेक्निकल टीम को रखें सतर्क

किसी फीडर में रिकॉर्ड से ज्यादा लोड होने पर तत्काल इसकी विजिलेंस जांच कराए। सभी डिस्कॉम के एमडी निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए मैनेजमेंट और प्लानिंग पर फोकस करें तथा अपनी टेक्निकल टीम को सतर्क रखें। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि बेहतर प्रबंधन और कार्मिकों की मेहनत के कारण ही 30 से 31 हजार से अधिक मेगावाट बिजली देने में हम सक्षम हुए हैं। फिर भी बिजली न आने की शिकायतें आ रही हैं। उन्होंने लोड मैनेजमेंट पर ध्यान देने तथा माइक्रो मैनेजमेंट के तहत कार्य करने को कहा। विद्युत आपूर्ति को लेकर कई जनप्रतिनिधियों ने शिकायतें की हैं, मऊ से शिकायत है की बिजली न आने से इंसुलिन के इंजेक्शन खराब हो गए। सभी डिस्कॉम अपनी क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर कार्य योजना बनाएं और उसी के तहत आरडीएसएस और बिजनेस प्लान के तहत कार्य कराए।

## खबरें एक नजर में

### रविवार को भी अब खुलेंगे आरटीओ कार्यालय

**लखनऊ,समृद्धि न्यूज।** प्रदेश के आरटीओ कार्यालय 04 अगस्त को सामान्य कार्य दिवस की भांति प्रवर्तन टीम द्वारा पूरे प्रदेश में स्कूली वाहनों की फिटनेस जांच हेतु शिविर कैम्प आयोजित किये जायेंगे। विगत माह से स्कूली एवं यात्री वाहनों की फिटनेस जांच हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। परिवहन आयुक्त चन्द्रभूषण सिंह ने आज सहायक संभागीय परिवहन अधिकारियों प्रशासन एवं प्रवर्तन एवं निरीक्षको को आगामी रविवार को कार्यालय खोलने के संबंध में निर्देश जारी किये हैं। उन्होंने स्कूली वाहनों की फिटनेस जांच हेतु शिविर कैम्प लगाने के निर्देश दिये। स्कूली वाहनों के फिटनेस जांच हेतु वाहन स्वामियों को जागरूक करने को कहा है। परिवहन आयुक्त ने कहा कि शिविर कैम्प के अंतर्गत स्कूली वाहनों के फिटनेस जांच हेतु आवश्यक स्लाट की व्यवस्था की जाए जिससे फिटनेस जांच कराने आने वाले वाहन स्वामियों को असुविधा का सामना न करना पड़े। वाहन स्वामियों से आग्रह किया है कि वे स्वयं आरटीओ कार्यालय आकर वाहनों का फिटनेस जांच करायें। सुरक्षित यातायात मुहैया कराना सरकार की प्राथमिकता है।

### शिया नरसंहार मामले में आसिफी मस्जिद में जोरदार प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पाकिस्तान में हो रहे शिया नरसंहार के विरोध में राजधानी लखनऊ के इमामबाड़े स्थित आसिफी मस्जिद में जोरदार प्रदर्शन हुआ। शुक्रवार को आसिफी मस्जिद में जुमे की नमाज अदा करने के बाद सैकड़ों शिया मुस्लिमों ने पाकिस्तान के खिलाफजमकर नारेबाजी की। इस दौरान पाकिस्तान के झंडों को पैरों तले रौंदकर विरोध जताया और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। वहीं प्रदर्शन को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल भी तैनात रहा। बता दें कि मजलिस-ए-उलेमा-ए-हिन्द की ओर से पाकिस्तान में हो रहे शिया नरसंहार के विरोध में शुक्रवार को लखनऊ में शिया मुस्लिमों ने प्रदर्शन किया। शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जवाद के नेतृत्व में इमामबाड़ा स्थित आसिफी मस्जिद में जुमे की नमाज के बाद सैकड़ों शिया मुस्लिम इकट्ठा हुए और पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। मौलाना कल्बे जवाद ने हिंदुस्तान हुकूमत से मांग की है कि पाकिस्तान का बॉयकॉट किया जाए। अगर उनकी आवाज को नहीं सुना गया तो देश की राजधानी दिल्ली में पाकिस्तान एंबेसी पर बड़ा प्रदर्शन करेंगे।

### प्रयागराज में सड़क निर्माण हेतु 103.52 लाख मंजूर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अन्तर्गत प्रयागराज में सड़क निर्माण से संबंधित 04 कार्यों हेतु 103.52 लाख रूपये मंजूर किये हैं। मंजूर की गयी धनराशि जिलाधिकारी प्रयागराज के निवर्तन पर रखी गयी है।नियोजन विभाग ने इस संबंध में आवश्यक आदेश जारी कर दिये हैं। मंजूर धनराशि नियमानुसार संबंधित जनपद के जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा जिलाधिकारी की अनुमति से कोषागार से आहरित कर कार्यदायी संस्था को उपलब्ध करा दी जायेगी। योजना के लिये मंजूर की गयी धनराशि ब्याज अर्जित करने के उद्देश्य से आहरित कर बैंक डाकघर में नहीं रखी जायेगी। धनराशि आहरित कर व्यय की जायेगी और तदनुसार कार्यदायी संस्था को धनराशि अवमुक्त की जायेगी।

### भाषा विश्वविद्यालय व महर्षि विवि के बीच साइन हुआ एमओयू

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ और महर्षि विश्वविद्यालय के मध्य एमओयू हुआ। इसके अन्तर्गत दोनों विश्वविद्यालय शैक्षणिक, शोध, नवाचार, शैक्षणिक एक्सचेंज कार्यक्रम पारस्परिक रूप से करेंगें। एमओयू साइन होने के इस अवसर पर विश्वविद्यालय से कुलपति प्रो. नरेन्द्र बहादुर सिंह ने कहा कि यह एमओयू दोनों ही विश्वविद्यालय के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इससे विद्यार्थियों के लिए शोध और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही कुलपति ने बताया कि इस समझौते से दोनों ही शैक्षणिक संस्थाओं में शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा जिसके अन्तर्गत संगोष्ठी और अकादमिक बैठकों का आयोजन किया जायेगा। एमओयू के इस अवसर पर भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरेन्द्र बहादुर सिंह, कुलसचिव डॉ. महेश कुमार, वित्त अधिकारी साजिद आजमी, परीक्षा नियंत्रक डॉ. भावना मिश्रा, कुलानुशासक और नोडल अधिकारी, एमओयू डॉ. नीरज शुक्ल और महर्षि विश्वविद्यालय के ओर से माननीय कुलपति प्रो. भानु प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

### बरेली में पशु उत्थान केन्द्र योजना हेतु 42 लाख स्वीकृत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में पशु तथा भैंस विकास के तहत बरेली में पशु उत्थान वर्ण संकर केन्द्र के सुव्यवस्थित संचालन लिए वर्तमान वित्तीय वर्ष में 42 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की है।इस सम्बन्ध में पशुधन विकास विभाग द्वारा शासनादेश जारी कर दिया गया है। शासानदेश द्वारा निदेशक, प्रशासन एवं विकास, पशुपालन विभाग को निर्देशित किया गया है कि स्वीकृत धनराशि का आहरण,व्यय अनुमोदित कार्य योजना एवं मदो में योजना हेतु निर्धारित गाइडलाइन का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जाएगा तथा पूर्ण विवरण सहित उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन को उपलब्ध कराया जाएगा।

### फंदे से लटकता मिला महिला का शव, पुलिस करा रही पहचान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में वजीरगंज थाना क्षेत्र में एक जिम के पास एक महिला की संदिग्ध हालत में लाश फांसी के फंदे से लटकती मिली। महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी है। एसआई मोबिन अली के मुताबिक, शुक्रवार सुबह सामरा हॉस्पिटल के पास सुभाष मार्ग पर एक महिला के फांसी के फंदे पर लटके होने की सूचना मिली। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतारकर बलरामपुर हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां उसको मृत घोषित कर दिया गया। आसपास के लोगों का कहना है कि महिला इसी इलाके में भीख मांगती थी। महिला की शिनाख्त के लिए आसपास के थानों में सूचना दी गई है।

# यूपी में 10 अगस्त से 2 सितंबर तक चलेगा सर्वजन दवा सेवन अभियान

▸ 340 ब्लॉक में 61512 टीमें घर-घर जा कर कराएंगी दवा का सेवन

**समृद्धि न्यूज**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 10 अगस्त से शुरू हो रहे सर्वजन दवा सेवन अभियान में 6 करोड़ 69 लाख लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई जाएगी। यह दवा फाइलेरिया से बचाव के साथ-साथ पेट से कीड़े निकालने और शरीर को स्वस्थ रखने में सहायक साबित होती है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अलावा शिक्षा विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार, पंचायती राज और महिला कल्याण विभाग से भी सहयोग लिया जा रहा है।

दो सितंबर तक चलने वाले इस अभियान के संबंध में प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि संक्रमित मच्छर के काटने से किसी भी आयु वर्ग में होने वाला यह संक्रमण लिम्फैटिक सिस्टम को नुकसान पहुंचाता है और अगर इससे बचाव न किया जाए तो शारीरिक विकलांगता भी आ सकती है। स्वास्थ्य प्रणाली के पास फाइलेरिया रोग की रोकथाम, प्रबंधन और उन्मूलन के लिए सारे समाधान उपलब्ध हैं। इन समाधानों से न केवल फाइलेरिया रोगी लाभान्वित हो रहे हैं बल्कि ऐसे लोगों को भी फायदा हो रहा है जिनके शरीर में फ़ाइलेरिया परजीवी मौजूद हैं और जिन्हें इसके संक्रमण का जोखिम है।

प्रमुख सचिव ने अपील की कि यदि आप इनमें से किसी भी जिले में रह रहे हैं तो अभियान में भागीदारी सुनिश्चित करें। क्षेत्र की आशा से संपर्क करें या निकटतम बूथ पर जाएँ और फ़ाइलेरिया रोधी दवा का सेवन करें जिससे आप खुद को, परिवार को, आस-पड़ोस, समुदाय, गाँव, कस्बे, शहर और प्रदेश के हर व्यक्ति को सुरक्षित रख सकें। समुदाय की भागेदारी से ही प्रदेश से फाइलेरिया का उन्मूलन संभव है। हाथीपांव, हाइड्रोसील, हाथ-पैर व स्तन में सूजन हैं तो ये फाइलेरिया के लक्षण हो सकते हैं। संयुक्त निदेशक वेक्टर बोर्न डीजीज एवं राज्य के नोडल अधिकारी डा. ए.के. चौधरी ने बताया कि यूपी में इस बार 6.69 करोड़ लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य साधने के लिए 1,23,024 स्वास्थ्यकर्मी और 12,302 पर्यवेक्षक लगाए गए हैं। इस बार अभियान मे 340 ब्लॉको मे टीमें घर-घर जाकर दवा सेवन कराएंगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्थिति में दवा का वितरण नहीं किया जाएगा।

### इन 27 जिलों में चलेगा अभियान

यह अभियान प्रदेश के 27 फाइलेरिया प्रभावित जिलों में चलाया जाएगा। ये जिले हैं औरेया, बहराइच, बलरामपुर, बस्ती, चन्दौली, देवरिया, इटावा, फर्रुखाबाद, फतेहपुर, गाजीपुर, गोण्डा, गोरखपुर, हरदोई, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, कौशाम्बी, लखीमपुर खीरी, कुशीनगर, मीरजापुर, रायबरेली, महाराजगंज, संतकबीरनगर, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, सुल्तानपुर एवं सीतापुर।

### फाइलेरिया से बचाव के उपाय

1. गंदगी और मच्छर से दूर रहें और पूरी बांह के कपड़े पहनें
2. मच्छरदानी का उपयोग दिन में भी करें
3. दवा खुद खाएं, परिवार में सभी को खिलाएं
4. विकलांगता से खुद बचें, परिवार-गांव एवं मोहल्ले को भी बचाएं

# 10 हजार कर दिया हाउस टैक्स, कैंप में पहुंचा दिव्यांग तो हुआ 800 रुपए

**समृद्धि न्यूज**



**लखनऊ।** जीआईएस सर्वे में बढ़े हाउस टैक्स को सही करने के लिए शुक्रवार को कैंप लगाया गया। कई लोगों का टैक्स कम हुआ है। हालांकि यहां आने वालों की संख्या में अब कमी आने लगी है। कैंप में आए कन्हैया माधोपुर वार्ड निवासी अब्दुल ने बताया कि उनका हाउस टैक्स पहले करीब 600 रुपए आता था। स्लम कोटे से उनका मकान मिला था। अब टैक्स बढ़कर अचानक 10 हजार रुपए कर दिया गया। अब्दुल के पैरों में दिक्कत है। वह चल नहीं पाते हैं। कई बार नगर निगम कार्यालय का चक्कर लगाया। उसके बाद भी टैक्स सही नहीं हुआ तो वह कैंप में आए थे। यहां पूरी शिकायत दर्ज कराई।

उसके बाद टैक्स कम होकर 800 रुपए तक पहुंच गया। दोपहर करीब एक बजे तक हाउस टैक्स से संबंधित 102 शिकायतें आई थी। इसमें इसमें सबसे ज्यादा जोन सात में 27 शिकायत आई। उसके अलावा जोन 6 में 28 , जोन 3 में 14 जोन, जोन 8 में 11, जोन दो में 5 और जोन चार में महज एक शिकायत आई। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अंबी बिष्ट ने बताया कि इसमें 100 मामलों का निस्तारण हो गया है। लखनऊ की मेयर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह कैंप में नहीं आए। यहां के चार अपर नगर आयुक्तों में बस एक अपर कैंप में मौजूद रहे। उसके अलावा मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अम्बी बिष्ट मौजूद रही। इसके अलावा जोन चार से भी कम लोग मौजूद रहे। नगर निगम सीमा में जीआईएस (ग्लोबल इन्फार्मेशन सिस्टम) सर्वे के माध्यम से भवनों का कर निर्धारण किया जा रहा है। निजी एजेंसी ने मनमाने तरीके से भवनों का वार्षिक मूल्यांकन बढ़ा दिया। यहां तक की कई घरों का हाउस टैक्स चार गुना तक बढ़ गया है। पिछले कैंप में कुल 161 समस्याएं आए थे। इसमें सबसे ज्यादा जोन 6 और जोन 7 में समस्याएं आई थी। हालांकि नगर निगम का दावा था कि सभी समस्याओं का समाधान मौके पर कर दिया गया था।

# सरकारी जमीन पर कब्जे की शिकायत पर मंडलायुक्त ने किया निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज**



**लखनऊ ।** लखनऊ के बख्शी का तालाब क्षेत्र में सरकारी जमीनों पर कब्जे की शिकायत पर शुक्रवार सुबह मंडलायुक्त गांव पहुंच गई। उन्होंने क्षेत्र के कई गांवों में सरकारी जमीन पर कब्जा करने को लेकर निरीक्षण किया। साथ ही एसडीएम बीकेटी को कार्रवाई के निर्देश जारी किए। बख्शी का तालाब तहसील क्षेत्र में अधिकांश गांवों में सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे हो रहे हैं।

बीकेटी क्षेत्र के रामपुर देवरई गांव में पशुचर सहित अन्य सरकारी जमीनों पर कब्जा करने की शिकायत गांव के शत्रुघ्न सिंह ने दर्ज कराई थी। इसी शिकायत पर मंडलायुक्त रोशन जैकब शुक्रवार को सुबह रामपुर गांव पहुंचीं, जहां उन्होंने उपजिलाधिकारी बीकेटी सतीश चन्द्र त्रिपाठी और लेखपाल से नक्शा में दर्ज सरकारी जमीनों की स्थिति की जानकारी ली। इसमें पशुचर की सरकारी जमीन पर प्रधानमंत्री आवास बने पाए गए। वहीं, अन्य सरकारी जमीनों पर भी कब्जे मिले। मंडलायुक्त ने कहा कि जब सरकारी जमीनों पर पूरा गांव ही बसा हुआ है तो क्या कहा जा सकता है। वहीं, वार्ड संख्या-5 रामपुर देवरई के सभासद विकास सिंह ने मंडलायुक्त को जानकारी देते हुए बताया कि सरकारी नक्शे पर दर्ज क्षेत्रफल से अधिक गांव में जमीन मौजूद हैं। इसके बाद इसी वार्ड के हाजीपुर गांव का निरीक्षण किया गया। यह गांव बीकेटी एयरफोर्स की बाउंड्री के पास बना हुआ है, जिसको लेकर एयरफोर्स के अधिकारियों ने सुरक्षा को लेकर गांव को हटाने के लिए अधिकारियों से लिखित शिकायत की है। वहां से मंडलायुक्त उनई गांव पहुंचीं, जहां सरकारी जमीन का निरीक्षण किया। जहां उपजिलाधिकारी बीकेटी को शीघ्र जमीन पर खंभे लगाकर जमीन सुरक्षित करने के निर्देश दिए गए। वहीं, क्षेत्र की शौर्य झील जो कि लगभग चार सौ हैक्टेयर में थी और इस झील में प्रवासी पक्षियों का का आगमन होता था। इस झील में लोगों ने खेती कर कब्जा कर लिया है।

### नहर में कूदी शिक्षिका का 30 घंटे बाद मिला शव

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के इंदिरा नहर में कूदी शिक्षिका का शव बीती देर रात ढाई बजे नगराम थाना क्षेत्र के अचली खेड़ा बैराज में मिल गया है। बैराज पर परिजन और नगराम पुलिस नजर लगाए बैठी रही। नगराम थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल उसने यह कदम क्यों और किस लिए उठाया यह साफ नहीं हो सका है। उन्नाव जनपद के थाना सोहरामऊ के जैतीपुर निवासी दीपाली यादव (25) छलांग लगा दी थी। पास में मौजूद लोगों ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों को बुलवा कर तलाश की लेकिन पानी का तेज बहाव होने के कारण बरामद नहीं हो सकी थी। गुरुवार को एसडीआरएफकी तेरह सदस्यीय टीम ने करीब तीन से चार किलोमीटर का सर्च अभियान चलाया था। अंधेरा होने के कारण अभियान शाम करीब साढ़े 6 बजे रोक दिया गया था। दीपाली प्राइवेट स्कूल में पढ़ाती थी। वह चार भाई बहनों में दूसरे नंबर की थी। शिक्षिका बीती 31 जुलाई की सुबह करीब ग्यारह बजे परिजनों को जैतिपुर मार्केट से कपड़े खरीदने की बात कहकर निकली थी। इसके बाद वह घर नहीं पहुंची थी।



**डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में किस्मों के आमों के उत्पादन के लिए मशहूर पद्मश्री कलीमुद्दीन ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मिलकर आम भेंट किए।**

# पर्यटकों के आकर्षण के लिए है विभाग की नई रणनीति

▸ राष्ट्रीय राजमार्ग, स्टेट हाई-वे के किनारे 1001 ढाबों पर पर्यटकों की पसंद की सुविधा के लिए बनी सूची

**समृद्धि न्यूज**



**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच और राज्य राजमार्ग एसएच सहित अन्य प्रमुख मार्गों के किनारे स्थित 1001 ढाबों की सूची बनाई है। विश्वस्तरीय सुविधाएं विकसित होंगी। पर्यटन विभाग 25 से 30 प्रतिशत तकसब्सिडी देगा।

ढाबों का बड़ी कंपनियों के साथ कोलैबोरेशन कराया जाएगा। पर्यटकों को इन कंपनियों के प्रोडक्ट भी ढाबों पर आसानी से मिल सकें। ढाबों पर काम करने वाले कर्मचारियों को अच्छे आतिथ्य-सत्कार के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि पर्यटन क्षेत्र में उत्तर प्रदेश तेजी से विकास करने वाला राज्य है। 2023 में 48 करोड़ से अधिक पर्यटकों ने भ्रमण किया था। प्रतिदिन देश-दुनिया से लाखों लोग अयोध्या, काशी, मथुरा, बौद्ध स्थल सहित अन्य स्थानों पर पहुंच रहे हैं। राज्य में पर्यटन स्थलों और पर्यटन सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। विभाग का प्रयास है कि पर्यटकों को गंतव्य स्थल तक पहुंचने में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# कार्रवाई : नगर निगम ने अभियान के तहत 14512 वर्गफुट भूमि अवैध कब्जे से कराई मुक्त

**समृद्धि न्यूज**

**लखनऊ ।** नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के निर्देशानुसार नगर में अवैध कब्जेदारों पर कार्यवाही एवं सरकारी भूमियों, संपत्तियों को कब्जा मुक्त करवाये जाने हेतु लगातार सघन अभियान चलाए जा रहे हैं।

शुक्रवार को अभियान में 14512 वर्गफुट भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह एवं अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव के आदेश के क्रम में एवं सम्पत्ति अधिकारी श्री संजय यादव के निर्देश के क्रम में ग्राम अहिमामऊ के गाटा संख्या -1221, 1224, 1226, 1227, 1228, 1229 जो नगर निगम में निहित सम्पत्ति है, जिसका क्षेत्रफल 0.901 हेक्टयर है एवं गाटा संख्या 1173, 1172, 1207, क्षेत्रफल 0.449 कुल मिलाकर 1.350 हेक्टयर अर्थात 1350 वर्ग मीटयर 14512 वर्ग फुट जो तालाब, एवं उसर बंजर की भूमि जो नगर निगम में निहित सम्पति है। उक्त स्थल पर अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव की उपस्थिति में नायब तहसीलदार, संजय कुमार सिंह राजस्व निरीक्षक की अविनाश तिवारी लेखपाल, राकेश कुमार, सुभाष कौशल, लालू कुमार एवं तहसील के राजस्व निरीक्षक शिव प्रसाद श्रीवास्तव एवं लेकपाल आलोक वर्मा, थानाध्यक्ष सुभात गोल्फसिटी . एवं 296 टीम के साथ शांति पूर्वक अतिक्रण हटवा दिया गया बिना अनुमति के निर्माण को जांच के लिए आवास विकास को भी अवगत कराया गया है।


### हटाए गए अनाधिकृत रूप से लगे यूनिपोल्स

**लखनऊ।** नहर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के आदेशानुसार अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव के निर्देशों के क्रम में जोन 01 के प्रभारी अधिकारी प्रचार के नेतृत्व में कर अधीक्षक एवं निरीक्षक व सुपरवाईजर की उपस्थिति में अभियान चला कर अनाधिकृत रूप से लगाए गए यूनिपोल्स को वृहद रूप से अभियान चला कर हटाया गया। अभियान के दौरान जोन-1 के क्षेत्रान्तर्गत स्टेशन रोड पर स्थापित विज्ञापन स्ट्रक्चर जिनका अधिकांश भाग सरकारी भूमि पर निकला था, जिसको प्राइवेट हाइड्रा, क्रेन, कटर, कटरमैन के माध्यम से अवैध (सरकारी भूमि) विज्ञापन पटों के विरुद्ध अभियान चलाया गया। अभियान के तहत केकेसी स्टेशन रोड से मेसर्स-रेडियन्ट, मेसर्स-लखनऊ एड. एड. व मेसर्स इन्ट्रीगेट एड. द्वारा स्थापित किये गये यूनीपोल को हटवाया गया।

**राहत** | केंद्र ने जारी की 3600 करोड़ से भी ज्यादा धनराशि

# शीघ्र ही किया जाएगा मनरेगा श्रमिकों के पारिश्रमिक का भुगतान

**समृद्धि न्यूज**



**लखनऊ ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि मनरेगा श्रमिकों के पारिश्रमिक का भुगतान शीघ्र ही किया जायेगा, उनके प्रयासों से भारत सरकार द्वारा पर्याप्त धनराशि उत्तर प्रदेश के लिए जारी की गयी है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना मनरेगा के मजदूरों और निर्माण सामग्री आपूर्तिकर्ता एजेंसियों के लिए एक राहत भरी खबर है। इन लोगों के बकाये का अब बहुत जल्द ही भुगतान होगा।

सरकार ने उत्तर प्रदेश मनरेगा के लिए अपना खजाना खोल दिया है। श्रमांश, सामग्री और प्रशासनिक मद की बात करें, तो केंद्र सरकार से करीब 3,667 करोड़ से भी ज्यादा की धनराशि जारी कर दी गई है। इसमें श्रमांश की बात करें, तो करीब 2,517 करोड़ रुपए जारी किये गये हैं, सामग्री मद में 1,100 करोड़ की धनराशि जारी कर दी गई है, इसके अलावा प्रशासनिक मद हेतु भी करीब 50.41 करोड़ की धनराशि केंद्र ने जारी की है। जारी धनराशि से बकायेदारी भी दूर होगी। अब बहुत जल्द ही श्रमिकों और निर्माण सामग्री आपूर्तिकर्ता एजेंसियों तक यह धनराशि पहुंचेगी। धनराशि से जहां मजदूरों को उनका श्रमांश मिलेगा, वहीं मनरेगा में निर्माण सामग्री आपूर्तिकर्ता एजेंसियों को भी उनका बकाया भुगतान किया जा सकेगा। इस धनराशि के मिलने से मनरेगा कार्यों में भी तेजी आएगी। ऐसे में आपूर्तिकर्ता एजेंसियों के साथ-साथ मजदूर भी पूरी ऊर्जा के साथ मनरेगा कार्यों में अपना योगदान देंगे। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार श्रमिकों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए लगातार काम कर रही है। श्रमिकों की मजदूरी उनके खाते में समय से पहुंचे, इसे सुनिश्चित किया जा रहा है। मनरेगा के लिए जारी धनराशि के लिए केंद्र सरकार का श्रमिकों की ओर से आभार जताया है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 26 करोड़ मानव दिवस सृजन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके सापेक्ष अब तक प्रदेश द्वारा 13.50 करोड़ से ज्यादा मानव दिवस सृजित कर लिये गये हैं।

ग्राम्य विकास आयुक्त जीएस प्रियदर्शी ने बताया कि मनरेगा योजना के लिए मांग के अनुरूप केंद्र द्वारा श्रमांश, सामग्री एवं प्रशानिक मद हेतु करीब 3,667 करोड़, जिसमें श्रमांश करीब 2,517 करोड़, सामग्री मद में 1,100 करोड़, और प्रशासनिक मद हेतु भी करीब 50.41 करोड़ की धनराशि केंद्र ने निर्गत की है। इस धनराशि से श्रमिकों का बकाया भुगतान किया जा सकेगा। बहुत जल्द ही यह धनराशि श्रमिकों और निर्माण सामग्री आपूर्तिकर्ता एजेंसियों तक पहुंचेगी।

### पर्यटन मंत्री पांच तक मैनपुरी, फिरोजाबाद व मथुरा भ्रमण पर

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री कल 03 अगस्त से 05 अगस्त तक मैनपुरी, फिरोजाबाद तथा मथुरा के भ्रमण पर रहेंगे। पर्यटन मंत्री अपराह्न 03 बजे से 05 बजे तक ट्रांजिट हास्टल, पीडब्ल्यूडी पुलिस लाइन के सामने मैनपुरी में जनसुनवाई करेंगे। अगले दिन 04 अगस्त को कैम्प कार्यालय सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद में आम जनता की समस्यायें सुनेंगे। 05 अगस्त को पूर्वाह्न 11 बजे ब्रज तीर्थ विकास परिषद समागार मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को सम्पन्न कराये जाने हेतु आहूत बैठक में शामिल होंगे। शाम 05 बजे तक लखनऊ वापस आयेंगे।

# लाइलाज है फाइलेरिया, करें दवाओं का सेवन



- 10 अगस्त से घर-घर खिलाई जायेगी फाइलेरिया से बचाव की दवा
- सीफार के सहयोग से आयोजित हुई मीडिया कार्यशाला

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

फाइलेरिया यानि हाथीपांव मच्छर के काटने से होने वाला एक ऐसा रोग है जिसका कोई इलाज नहीं है। लेकिन जब यह होता है तो व्यक्ति को पता ही नहीं चलता कि उन्हें यह संक्रमण हो गया है। इसके लक्षण 05-15 साल बाद जब दिखाई देते हैं तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। इसके लिए जनपद में 10 अगस्त से सामूहिक दवा सेवन अभियान (एमडीए)चलाया जाएगा ,जिसमें स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर फाइलेरिया से बचाव की दवा अपने सामने खिलाएंगे, यह दवा साल में एक बार और लगातार 5 साल तक 5 खुराक सेवन करने से फाइलेरिया का खतरा टल जाता है।

यह बातें सीएमओ सभागार में संस्था सीफार के सहयोग से आयोजित जनपद स्तरीय मीडिया कार्यशाला को संबोधित करते हुए अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सीके वर्मा ने कही। उन्होंने सभी से आमजन से अपील किया कि इस अभियान में सहयोग करें। खुद भी दवा खाएं और अपने लोगों को भी दवा खाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि आमतौर पर बचपन में होने वाला यह संक्रमण लिम्फैटिक सिस्टम को नुकसान पहुंचाता है। इससे बचाव नहीं करने पर हाथ और पैरों में असामान्य सूजन आ जाती है। एक बार लक्षण आने के बाद इसका कोई इलाज नहीं है। इसके अलावा हाइड्रोसील (अंडकोष की थैली में सूजन), महिलाओं के स्तन में सूजन व काइलूरिया (दूधिया सफेद पेशाब) भी फाइलेरिया रोग के लक्षण हैं । इन बीमारी से पीड़ित लोगों को अक्सर सामाजिक बोझ सहना पड़ता है। इससे उनकी आजीविका व काम करने की क्षमता भी प्रभावित होती है। फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम में एल्बेंडाजोल भी खिलाई जाती है जो बच्चों में होने वाली कृमि रोग का उपचार करता है जो सीधे तौर पर बच्चों के शारीरिक और बौद्धिक विकास में सहायक होता है।

जिला मलेरिया अधिकारी एस जेड ए जैदी ने बताया कि जनपद की जनसंख्या 4076070 है। इसमें दो वर्ष से ऊपर के सभी जनपदवासियों को दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया इस बार के एमडीए अभियान में 3261 टीम बनाई गई है। अभियान की शत प्रतिशत सफलता के लिए 543 सुपरवाइजर तैनात किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा अभियान में स्वास्थ्य कार्यकर्ता दवा अपने सामने खिलाएंगे किसी भी हालत में दवा बाद में खाने या घर ले जाने के लिए नहीं दी जाएगी। इस मौके पर एसीएमओ डॉ. जय गोविंद , एसीएमओ डॉ. आदित्य वर्मा, डीपीएम अमरनाथ राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, डीसीपीएम आरपी सिंह, डॉ. सुएब अनवर स्टेट प्रोग्राम ऑफिसर पाथ, सुऐब जैदी जिला समन्वयक पाथ, डॉ. आशुतोष अभिषेक आर एन टी डी नोडल पाथ, डॉ. हसन इफ्तिकार, राजन यादव अर्बन हेल्थ कोऑर्डिनेटर सहित फाइलेरिया एवम मलेरिया इंस्पेक्टर मौजूद रहे।

### फाइलेरिया के लक्षण

किसी भी व्यक्ति में सामान्यत: फाइलेरिया के लक्षण संक्रमण के पांच से 15 वर्ष लग दिखते हैं। इन लक्षणों में प्रमुख हैं कई दिनों तक रुक-रुक कर बुखार आना, शरीर में दर्द, लिम्फ नोड (लसिका ग्रंथियों) में सूजन जिसके कारण हाथ व पैरों में सूजन (हाथी पांव), पुरुषों में अंडकोष में सूजन (हाइड्रोसील) और महिलाओं में ब्रेस्ट में सूजन।

**क्या करें**

- सामूहिक दवा सेवन यानि मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) के तहत दवा अवश्य खाएं
- दो साल से कम आयु के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर रोगों से ग्रस्त को इस दवाओं का सेवन नहीं करना है
- दवा खाली पेट नहीं खाना है और दवा को चबाकर खाना है
- घर और आस-पास मच्छरजनित परिस्थितियां को नष्ट करें
- रुके हुए पानी में कैरोसिन छिड़ककर मच्छरों को पनपने से रोकें
- साफ़-सफाई रखें और फुल आस्तीन के कपड़े पहनें
- मच्छरदानी का उपयोग करें और मच्छररोधी क्रीम लगाएं
- दरवाज़ों और खिड़कियों में जाली का उपयोग करें

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**गोण्डा,समृद्धि न्यूज़।** उमरी बेगम गंज थाना क्षेत्र के सिसई गुलाल पुरवा गांव के निवासी 21 वर्षिय राहुल कुमार पुत्र भुलई गुरुवार की बीती रात्रि में घर मे कमरे के अंदर फाँसी लगा कर आत्महत्या कर लिया। मृतक के पिता भुलई ने बताया कि उस के तीन पुत्र थे। सब से बड़ा पुत्र मृतक राहुल कुमार दूसरे नम्बर पर 16 वर्षिय विशाल तीसरे नम्बर पर 10 वर्षिय अतुल है। मृतक राहुल कुमार बिजली का मिस्त्री था। किसी बात को लेकर काफी परेशान रहता था। मृतक के पिता भुलई ने बताया कि जब देर तक नही उठा तो उस को जगाने गये तब घर मे उस की लाश लटक रही थी। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचे पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेजा है।

## अधेड़ पर घात लगाकर हमला, इलाज के दौरान मौत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

तरबगंज थाना क्षेत्र में पेड़ पर लगे बिजली के तार को हटाने को लेकर हुए विवाद में घात लगा कर एक अधेड़ पर हमला कर के उस की हत्या कर दी गई। पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।

तरबगंज थाना क्षेत्र के चिवरहा हरख पुर निवासी 50 वर्षिय बृज पाल पुत्र बदलू देर रात्रि में प्रधान शिवा जी पांडेय के घर से लौट रहा था। रास्ते मे घात लगा कर कुछ लोगो ने धारदार हथियार से हमला कर दिया।

घायल अवस्था मे इलाज के लिए मेडिकल कालेज में ले जा कर भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के पुत्र पाटन दिन विश्वकर्मा ने बताया कि उस के पड़ोसी विनय कुमार का तार उस के शीशम के पेड़ से होकर गया था। शीशम पेड़ में उस की भैंस बांधी जाती है। अचानक तार टूट कर गिर गया था। जिस पर मृतक बृज पाल ने तार बांधने से मना कर दिया था। गुरुवार के दिन में इसी को लेकर विनय कुमार से विवाद हो गया था। जिस पर सुलह समझौता करा दिया गया था। पाटन दीन ने बताया कि उस के पिता बृज लाल गांव के प्रधान शिव जी पांडेय के घर इसी बात को लेकर गए हुए थे। वही से वापस घर देर रात्रि में लौट रहे थे। तभी रास्ते मे घेर कर धारदार हथियार से हमला कर दिया गया। इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान मौत हो गई। प्रधान शिव जी पांडेय ने बताया कि उस के घर मृतक बृज लाल गये हुए थे। उन्हों ने कहा कि शुक्रवार की सुबह दोनो पक्षो को बुलाकर सुलह समझौता करा दिया जाएगा। पाटन दीन ने विनय कुमार के नाम पर हत्या की तहरीर तरब गंज में दिया है।

### स्कूल वैन की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**गोण्डा,समृद्धि न्यूज़।** वजीर गंज थाना क्षेत्र के भीखम पुर गांव के निवासी 50 वर्षिय राधेश्याम पुत्र जग लाल साइकिल से साहिबा पुर चौराहे के पास शुक्रवार की सुबह आ रहा था। अयोध्या की तरफ जा रही स्कूली वैन की टक्कर लगने से साइकिल सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए उस को वजीर गंज के सीएससी पर ले गए। चिकित्सक ने देखने के बाद उस को मृत्यु घोषित कर दिया।

## पत्रकार समाज कल्याण समिति का पांचवा स्थापना दिवस संपन्न

- केक काटकर मनाया गया राष्ट्रीय अध्यक्ष का 49 वां जन्मदिवस





**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़**

पत्रकार समाज कल्याण समिति का पांचवां स्थापना दिवस एवं संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरजभान सिंह बघेल का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया।

शुक्रवार को सिंचाई विभाग डाक बंगला में आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष नरेंद्र लाल गुप्ता, जिला प्रभारी, आर उस्मानी समेत अन्य पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने मिलकर केक काटा और पत्रकार समाज कल्याण समिति के पांचवें स्थापना दिवस के साथ ही संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरजभान सिंह बघेल के जन्मदिन की खुशियां साझा की। सभी राष्ट्रीय अध्यक्ष को उनके जन्मदिन एवं संगठन के स्थापना दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर वक्ताओं ने पत्रकारों की एकता पर बल दिया। जिलाध्यक्ष नरेंद्र लाल गुप्ता ने कहा कि पत्रकारों की एकता बहुत जरूरी है। संगठन से अलग हटकर पत्रकारों के हित में लोगों को एक प्लेटफार्म पर इकट्ठा होने की जरूरत है। ग्रामीण पत्रकार एसोशिएशन के जिलाध्यक्ष प्रदीप तिवारी ने कहा कि जहां पत्रकारों के मान-सम्मान की बात होगी, वहां हम सभी एक साथ खड़े मिलेंगे। यही वक्त की नजाकत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रभारी ए. आर. उस्मानी व संचालन राकेश गुप्ता ने किया।

इस अवसर पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष प्रदीप तिवारी, महिला जिलाध्यक्ष खुशबू कनौजिया, अनिल यादव भी मौजूद रहे। इनके अलावा पत्रकार समाज कल्याण समिति के राकेश गुप्ता, रोहित वर्मा, आनंद यादव ,डी एन शुक्ला ,सुनील तिवारी, अतुल श्रीवास्तव, अमित कुमार गर्ग, आशीष त्रिपाठी, गौरव यादव, ऋषभ मिश्रा, शालू कनौजिया, खुशबू कनौजिया, जगत अग्रवाल, अशोक पाठक, सरोज मौर्या, प्रवीण मिश्रा, सुरेश मिश्रा, मनोज श्रीवास्तव, महबूब अहमद, अनिल यादव आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्षता कर रहे जिला प्रभारी ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

## अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों का चुनाव 30 अगस्त को: गोपाल जी तिवारी

**कर्नलगंज/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** स्थानीय तहसील कर्नलगंज के संघ भवन में अधिवक्ता संघ की बैठक आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष गोपाल जी तिवारी ने व संचालन व संचालन सुरेंद्र कुमार द्विवेदी ने किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए संघ के अध्यक्ष तिवारी ने कहा संघ के पदाधिकारियों का कार्यकाल पूरा हो चुका है। इसलिए पदाधिकारियों का चुनाव कराया जाना आवश्यक है। जिस पर सर्व सम्मति से चुनाव की घोषणा करते हुए सत्य नरायन सिंह को एल्डर कमेटी का अध्यक्ष, सुभाषचंद्र तिवारी, शिव चंदर सिंह, वी. के. सिंह को एल्डर कमेटी का सदस्य नामित किया गया। साथ ही आगामी 12 अगस्त को मतदाता सूची का प्रकाशन, 16 अगस्त को नामांकन पत्र का दाखिला, 17 अगस्त को नामांकन पत्र की जांच, आपत्ति व वापसी, 30 अगस्त को मतदान व उसी दिन मतगणना होगी। इस मौके पर अधिवक्ता रामबाबू पांडेय, बाबादीन मिश्र, रामसभा मिश्र, धर्मेंद्र मिश्र, दिनेश गोस्वामी सहित काफी संख्या में अधिवक्ता गण मौजूद रहे।

## गौशालाओं में अव्यवस्था मिली तो होगी कार्यवाही

- गोवंशो को चारा व भूसा न मिलने पर होगी कार्यवाही: आयुक्त
- गोवंशो के लिये गोचर जमीन खोजें, उगाई जाए नेपियर घास



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

अधिकारी सभी गौशालाओं की स्थिति को ठीक रखें, गौशाला रहने वाले गोवंशों को स्वस्थ रखें उन्हें पर्याप्त हरा चारा व भूसा दें। आवारा गोवंशों का अधिक से अधिक संरक्षण किया जाए, अधिकारी समय-समय पर गोशालाओं का औचक निरीक्षण करते रहें। ये सारी बातें आयुक्त देवीपाटन मंडल शशि भूषण लाल सुशील ने शुक्रवार को पशुपालन विभाग की हुई मंडलीय समीक्षा बैठक में कहीं। मंडल में पशुपालन विभाग के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के सम्बन्ध में आयुक्त ने सभी जिलों के विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में गोंडा के अलावा अन्य जनपदों के अधिकारी ऑनलाइन वीसी के माध्यम से जुड़े रहे। बैठक में उनके द्वारा गौशालाओ और गोवंशों के संरक्षण की गहनता से समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि गोवंशों के लिए सभी अधिकारी गोचर की जमीन खोजें और अधिक से अधिक नेपियर घास का उत्पादन करें। गौशालाओं के लिए हरा चारा व भूसा पानी आदि पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहना चाहिए अन्यथा संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि शासन से सख्त निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी गौशाला में अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए यदि किसी गौशाला में अव्यवस्था पाई गई तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि गौशालाओं में काम करने वाले कर्मचारी आदि का समय से भुगतान किया जाए सभी सीडीओ गौशाला से संबंधित भुगतान को समय से करायें। समीक्षा बैठक के दौरान सीवीओ गोंडा के द्वारा आधी अधूरी जानकारी देने पर स्पष्टीकरण तलब किया। साथ ही सभी सीवीओ का निर्देश दिए कि वह किसी भी प्रकार की लापरवाही ना बरते। गोवंशों को पर्याप्त मात्रा हरा चारा व भूसा पानी आदि दिया जाए जिससे कि वह आय का अच्छा स्रोत साबित हो। गौशालाओं के माध्यम से विभिन्न प्रकार के आय अर्जित की जाए। उन्होंने सभी नगर निकाय को शहर में आवारा पशुओं की समस्या को तत्काल दूर करने और भूसा का समय से खरीद कर गौशाला तक पहुंचाने के निर्देश दिए । इस मौके पर अपर आयुक्त , संयुक्त विकास आयुक्त, समस्त मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एवं सभी जनपदों से संबंधित अधिकारी आनलाइन जुड़े रहे।



## प्रेरणा दिवस के रूप में मनायी गयी त्रिलोकी नाथ की 11वीं पुण्यतिथि

**गोन्डा ,समृद्धि न्यूज़।** अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल गोंडा की ओर से व्यापारी संघर्षो के प्रतीक व्यापारी हृदय सम्राट स्वर्गीय त्रिलोकीनाथ अग्रवाल की पुण्यतिथि को प्रेरणा दिवस के रूप में त्रिलोकी इंटरप्राइजेज स्टेशन रोड गोंडा पर मनाया गया इस अवसर गोंडा के सभी व्यापारी संगठनों के व्यापारी नेताओं, प्रतिष्ठित समाजसेवी अधिवक्ता और वरिष्ठ पत्रकारिता जगत के सम्मानित पत्रकार बंधुओं ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए व संस्मरण सांझा करते हुए अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश संगठन मंत्री जगदीश रायतानी ने बताया मूल रूप से व्यवसाई परिवार में 4 जनवरी 1968 को उनका जन्म हुआ बचपन से ही वह समाजसेवी गतिविधियों में शामिल रहे उनके पिता रतन लाल अग्रवाल अनाज के व्यवसाई थे, उनकी रूचि बचपन से ही समाजसेवा में रही थी।

## विजिलेंस टीम ने राजस्व निरीक्षक को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



मोतीपुर तहसील क्षेत्र में तैनात राजस्व निरीक्षक को शुक्रवार दोपहर में विजिलेंस टीम ने रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद टीम उन्हें अपने साथ लेकर चली गई है। इससे राजस्व विभाग में हड़कंप मच गया है। मोतीपुर तहसील में शुक्रवार को राजस्व विभाग की मीटिंग चल रही थी। इसी दौरान राजस्व निरीक्षक अशोक कुमार श्रीवास्तव के मोबाइल पर एक क्लाइंट का फोन आया।

मीटिंग समाप्त होने के बाद राजस्व निरीक्षक अपने आवास के लिए गए। आवास पहुंचते ही वहां पर क्लाइंट ने राजस्व निरीक्षक को काम करवाने के लिए 25 हजार रुपये घूस दिया। घूस लेते ही अयोध्या विजिलेंस की टीम ने राजस्व निरीक्षक को गिरफ्तार कर लिया। संबंधित थाना क्षेत्र में सूचना देने के बाद विजिलेंस टीम राजस्व निरीक्षक को अपने साथ लेकर चली गई है। इस मामले में तहसीलदार अंबिका चौधरी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि राजस्व निरीक्षक मीटिंग के बाद घर गए इसके बाद अचानक क्या हुआ यह जानकारी नहीं है। हालांकि कोतवाली नानपारा में विजिलेंस टीम राजस्व निरीक्षक से पूछताछ कर रही है।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से महिला समेत दो की मौत



- बेटा गंभीर रूप से घायल लखनऊ रेफर, पति बाल-बाल बचा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

नानपारा बहराइच मार्ग पर गुरुवार को देर शाम को एक धार्मिक स्थल से वापस आ रहे बाइक सवार मां बेटे को तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्रॉली ने टक्कर मार दी।घटनास्थल पर बाइक पर बैठी महिला की मौत हो गई।

जबकि उसका पति और बेटा आंशिक रुप से जख्मी हो गया।वही, ट्रैक्टर-ट्रॉली पर सवार एक मजूदर की भी मौत हो गई। इसी चालक मौके से भाग निकला। कोतवाली नगर के मोहल्ला नाजिरपुरा निवासी रुबीना (45) पति अब्दुल शाहिद ओर बेटे जाफर (19) के साथ बाइक में बैठकर सच्चे पीर सैलानी स्थल से वापस घर आ रही थी। नानपारा बहराइच मार्ग पर पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्रॉली ने बाइक में टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में रुबीना की मौके पर ही मौत हो गई। वही, ट्रैक्टर पर सवार एक मजदूर की भी मौत हो गई।जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने घायल पिता-पुत्र को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद महिला और मजदूर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक अलोक कुमार सिंह ने बताया कि दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक भाग निकला है। मजूदर की शिनाख्त कराई जा रही है। हादसे की जानकारी मिलते ही पूर्व कैबिनेट मंत्री यासर शाह और सपा के जिला कोषाध्यक्ष अब्दुल मन्नान ने जिला अस्पताल पहुंच कर जाफर को सांत्वना देने पहुंचे।

## छात्रा के साथ नाबालिग ने किया दुष्कर्म, हालत गंभीर

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

- चाचा की तहरीर पर दुष्कर्म का केस दर्ज, आरोपी को पुलिस ने लिया गिरफ्तार

मोतीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी कक्षा चार की छात्रा को पड़ोसी नाबालिग अपने घर ले गया। इसके बाद घर में दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। मोतीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी बालिका कक्षा चार की छात्रा है। छात्रा का पड़ोसी नाबालिक के यहां आना जाना है।गुरुवार को छात्रा के घर कोई नहीं था। इस पर नाबालिग ने दूध लेने जा रही छात्रा को अपने घर बुलाया। इसके बाद दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। ब्लडिंग शुरू होने पर पिता को आशंका हुई तो डॉक्टर के यहां ले गए। हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ पवित्र मोहन त्रिपाठी ने बताया कि नाबालिग के यहां छात्रा का आना जाना है। चाचा की तहरीर पर दुष्कर्म का केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपी नाबालिग को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। डीएम और सीडीओ ने जाना हाल शुक्रवार को जिलाधिकारी मोनिका रानी और सीडीओ राम्या आर ने जिला अस्पताल में भर्ती दुष्कर्म पीड़िता छात्रा का हाल जाना और चिकित्सकों को बेहतर इलाज का निर्देश दिया।

## ऑनलाइन खसरा फीडिंग कार्य का 6 अगस्त से, बहिष्कार करेंगे लेखपाल

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने ऑनलाइन खसरा फीडिंग और खतौनी जारी करने का विरोध शुरू कर दिया है। इसके लिए सभी छह अगस्त से ऑनलाइन कार्य नहीं करेंगे।

उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष जयराज सिंह की अगुवाई में शुक्रवार को लेखपालों ने डीएम मोनिका रानी को ज्ञापन दिया। जिला मंत्री महेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि वेबसाइट न चलने के चलते ऑनलाइन कार्य प्रभावित है। उन्होंने कहा कि परिषद द्वारा बार बार निर्देशित करने के बाद भी तहसीलों में लेखपालों को प्रिंट खसरा उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। जिसके चलते 1431 फसली की स्थलीय पड़ताल नहीं हो पाई है। इंटररल और लॉग आउट की समस्या हमेशा बनी रहती है। ऐसे में समस्याओं का समाधान न होने तक छह अगस्त से ऑनलाइन खसरा फीडिंग का कार्य नहीं किया जायेगा। इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष उपकार मिश्रा, बशीरुद्दीन कनिष्ठ उपाध्यक्ष, आनंद सिंह उप मंत्री, विजय कुमार कोषाध्यक्ष, उमेश कुमार पाठक समेत अन्य मौजूद रहे।

## गन्दगी व निष्प्रयोज्य सामग्री बिखरी पाये जाने पर डीएम नाराज



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

महर्षि बालार्क चिकित्सालय के निरीक्षण के उपरान्त जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय एवं राजकीय जिला पुस्कालय में रूपये 01 करोड़ 03 लाख 68 हजार की लागत से संचालित अपग्रेडेशन कार्य तथा मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर ने जिला समाज कल्याण अधिकारी के कार्यालय का निरीक्षण कर अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति, अभिलेखों के रख-रखाव, कार्यालय एवं भवन की साफ-सफाई का जायज़ा लिया। बीएसए कार्यालय के निरीक्षण के दौरान डीएम ने गन्दगी तथा निष्प्रयोज्य सामग्री बेतरतीब बिखरी हुई पाये जाने पर नाराज़गी व्यक्त करते हुए अग्रिम आदेशों तक समस्त पटल सहायकों का वेतन बाधित करने का निर्देश दिया। डीएम ने यहां पर इस बात की भी पड़ताल की कार्यालय में कोई विचौलियां तो सक्रिय नहीं है। संदिग्ध दिखने वाले लोगों से डीएम ने पूछ-ताछ भी की तथा संतुष्टि के लिए उनकी पहचान के अभिलेख भी देखे।

इसके पश्चात डीएम ने राजकीय पुस्कालय के अपग्रेडेशन कार्य का भी निरीक्षण किया। कार्यस्थल पर मौजूद कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश लद्यु उद्योग निगम के अवर अभियन्ता इसरार ने बताया कि प्रथम किश्त के रूप में रू. 51.84 लाख की धनराशि अवमुक्त हुई है। निरीक्षण के समय पाया गया कि फाल सीलिंग का कार्य हो गया है वर्तमान में फर्श का कार्य चल रहा है। तकनीकी टीम से कराये गये कार्यो विशेषकर छत के कार्य की जांच करा ली जाये। कार्यदायी संस्था को निर्देश दिया गया कि कार्य को समय से पूरा कराएं। उल्लेखनीय है कि गेंदघर परिसर में स्थित जिला समाज कल्याण अधिकारी के कार्यालय का मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर ने निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया।

### 20 स्कूली वाहनों का पंजीकरण निरस्त, 116 वाहन मालिकों को नोटिस

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी की ओर से समय पूरा होने के बाद भी जिले के स्कूलों में संचालित 20 वाहनों का पंजीकरण निरस्त कर दिया गया है। जबकि फिटनेस समाप्त होने वाले 116 स्कूली वाहनों के स्वामियों को नोटिस जारी किया गया है। सरकार की ओर से हादसों को रोकने के लिए कदम उठाए गए हैं। जिसके तहत सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन की ओर से वाहन स्वामियों के विरुद्ध जिले में कार्रवाई की गई है। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि जिले में 20 स्कूली वहां ऐसे संचालित हो रहे हैं, जिनकी समय सीमा पूरी हो चुकी है। जिस पर इन सभी वाहनों का पंजीकरण निरस्त कर दिया गया है।उन्होंने बताया कि इसके अलावा बिना फिटनेस के वाहनों का संचालन किया जा रहा। एआरटीओ ने बताया कि फिटनेस समाप्त 116 वाहन स्वामियों को नोटिस जारी किया गया है। नोटिस के द्वारा 7 दिन में वाहन स्वामियों और स्कूल प्रबंधन से जवाब मांगा गया है।

## अब हेलीकॉप्टर से कतर्नियाघाट की सैर करेंगे पर्यटक




**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग में पर्यटकों की बेहतरीन के लिए इको टूरिज्म विभाग हेलीकॉप्टर सेवा देने जा रही है। इसके लिए जंगल से सटे कारीकोट गांव में 75 बीघा जमीन चिन्हित कर प्रस्ताव शासन को भेजा गया है।कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग 551 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। जंगल में बाघ, तेंदुआ, बारहसिंघा, हाथी जैसे दुर्लभ वन्य जीव विचरण कर रहे हैं। इसके अलावा जंगल में जलीय जीव भी पाए जाते हैं, इनमें मगरमच्छ, घड़ियाल, डॉल्फिन और विभिन्न प्रजाति के कछुआ है। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग में पर्यटकों की सुविधा को देखते हुए इस हेलीकॉप्टर सेवा से जोड़ा जा रहा है। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि इको टूरिज्म में विभाग की ओर से हेलीकॉप्टर सेवा के लिए जमीन मांगी गई थी। जिसके तहत मोतीपुर तहसील के जंगल से कारीकोट ग्राम पंचायत में एसडीएम संजय कुमार की ओर से 75 बीघा जमीन देखी गई है। इसका प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जा रहा है। किसानों से जमीन अधिग्रहण के लिए वार्ता की जा रही है।

उन्होंने बताया कि किसानों से वार्ता पूरे होने और शासन द्वारा हेलीपैड निर्माण की हरी झंडी देने के बाद हेलीपैड निर्माण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। प्रभागीय वन अधिकारी विश्व शंकर ने बताया कि अभी प्रस्ताव के लिए डीएम से वार्ता हुई है। अगर जंगल से एक किलोमीटर की दूरी पर हेलीपैड है तो एनओसी के साथ निर्माण शुरू हो जाएगा।

### रिसार्ट का भी होगा निर्माण

मोतीपुर के उप जिलाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि 15 एकड़ (75) बीघा जमीन चिन्हित की गई है। इसमें हेलीपैड के साथ रिसार्ट का भी निर्माण होगा। दिल्ली या अन्य प्रदेश से पर्यटक सीधे कारीकोट गांव हेलीकाप्टर से उतरकर जंगल का भ्रमण कर सकेंगे।

# शिक्षक ने दूसरे शिक्षक पर किया जानलेवा हमला

▸ शिक्षक को इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया

**लालगंज,रायबरेली समृद्धि न्यूज।**



जनपद रायबरेली के इंटर कॉलेज में तैनात दबंग शिक्षक ने अपने एक दर्जन साथियों के साथ मिलकर दूसरे शिक्षक पर लाठी डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में दो शिक्षकों को चोट आई है। मामला लालगंज कोतवाली क्षेत्र के श्री गणेश इंटर कॉलेज ऐहार में तैनात शिक्षक राकेश मिश्रा उम्र 51 वर्ष निवासी सुभाष नगर रायबरेली इंटर कॉलेज में भौतिक विज्ञान के प्रवक्ता हैं। आरोप है कि उन्होंने अर्थशास्त्र के प्रवक्ता अवनींद्र पांडेय पर अपने एक दर्जन साथियों के साथ हमला कर दिया। हमले से अवनींद्र पांडेय घायल हो गए। दबंग के हमले में शिक्षक लहूलुहान होकर वहीं जमीन पर गिर पड़े।

**हमलावर मौके से फरार**

घटना को अंजाम देकर सभी हमलावर मौके से फरार हो गए स्थानीय लोगों की मदद से घायल शिक्षक को इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहां उनकी हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। घायल शिक्षक ने अवनीन्द्र पांडे ने एक दर्जन लोगों को नामजद करते हुए लालगंज कोतवाली में तहरीर दी है। शिक्षक ने शिक्षक पर करवाया हमला घायल शिक्षक अवनींद्र पांडेय ने बताया कि मैं तीसरा पीरिएड पढ़ा रहा था तभी शिक्षक राकेश मिश्रा अपने एक दर्जनभर साथियों के साथ आये और कहने लगे कि तुमने हमारा टर्मिनेशन करवा दिया था जिसके बाद उन लोगों ने हमारे ऊपर हमला कर दिया।

किसी तरह बचकर मैं सीएचसी आया हूं। मैंने थाने में तहरीर दी दिया है। जिला अस्पताल रायबरेली के ईएमओ अशोक वर्मा ने बताया कि राकेश कुमार मिश्रा लालगंज सीएससी से रेफर होकर आए है जिनका इलाज किया जा रहा है स्थिति सामान्य है।

# बकरी के लिए पत्ती तोड़ते समय बुजुर्ग कुएं में गिरा

▸ शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया

**महराजगंज,रायबरेली समृद्धि न्यूज।**



संदिग्ध परिस्थितियों में बुजुर्ग का शव कुएं में मिलने से हड़कंप मच गया कोतवाली क्षेत्र के जनई गांव में उस समय हड़कंप मच गया।

जब गांव के ही एक बुजुर्ग का शव कुएं में पड़ा हुआ मिला के मृतक पीर मोहम्मद उमर 55 वर्ष बकरियों के लिए पत्ती तोड़ने घर से निकला था ।पुत्र शाहिद ने बताया कि मेरे पिताजी घर से सुबह बकरियों के लिए पत्तियां तोड़ने के लिए निकले हुए थे कि तभी उनका पैर फिसल गया और वह कुएं में जा गीरे कुएं में गिरने की वजह से उनकी मौत हो गई। वहीं ग्रामीणों की सूचना पर हम लोगों को जानकारी हुई सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज रवि पवार और पुलिस के जवानों ने बुजुर्ग पीर मोहम्मद का शव कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चौकी इंचार्ज रवि पवार ने मामले में बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली कारणों का पता चलेगा बाकी प्रथम दृष्ट्या पैर फिसलना ही लग रहा है की बुजुर्ग का पैर फिसल गया और वो कुएं में जा गिरा।

## आने-जाने का रास्ता हुआ बंद पीड़ित ने एसडीएम से लगाई गुहार

**महराजगंज,रायबरेली।** नक्शे पर दर्ज आम चक रोड किया बंद आने जाने में हो रही है परेशानी ।एसडीएम को लिखित शिकायती पत्र देते हुए मातादीन पुत्र स्व सुंदर निवासी ग्राम मोन ने बताया कि राम प्रकाश पुत्र सुखई व धर्मेंद्र पुत्र सुखई निवासी ग्राम मोन के द्वारा रास्ता पूरी तरह से बास इत्यादि गाड़कर बंद कर दिया गया है ।उपरोक्त चकरोड की पैमाइश कई बार हो चुकी है किंतु विपक्षीगण उसको नहीं मान रहे हैं उपरोक्त चकरोड सुखई पासी व राम सजीवन के दरवाजे से होते हुए पक्की सड़क तक नक्शे पर बना है इससे पचासों लोगों का आना-जाना है। इस चक रोड को बंद कर देने से प्रार्थी का जीना दुबर हो गया है। मातादीन ने उपजिलाधिकारी राजित राम गुप्ता से गुहार लगाते हुए न्याय की मांग की।

# कांग्रेस नेता ने पौधरोपण कर बताई नीतियां



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं पूर्व प्रत्याशी अतुल सिंह ने विधानसभा ऊंचाहार के मेल्खा साहब, सुल्तानपुर जनौली, चबैनीहार, चौकदारन का पुरवा, अलीपुर चकराई,कुरौली बुधकर, धमधमा, जमुनापुर,पूरे त्रिभुवन सिंह का पुरवा, शहजादपुर,रामसांडा आदि गांवों में चौपाल एवं जनसंपर्क कर लोगो की समस्याएं सुनी एवं पौधरोपण कर लोगों को कांग्रेस पार्टी की नीतियों के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि हमारा प्रयास है कि ऊंचाहार की जन समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाए और उसे पूरा किया जाए। आज ऊंचाहार की जनता अपनी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है, बिजली की समस्या से लोग परेशान हैं,बिजली के कारण लोग अपने धान की रोपाई नहीं कर पा रहे हैं। श्री सिंह ने कहा कि ऊंचाहार के क्षेत्रीय विधायक की निष्क्रियता के कारण जनता बहुत परेशान है,छुट्टा जानवरों ने किसानों को बहुत ज्यादा परेशान कर दिया है। सरकार को इससे कोई लेना-देना नहीं है। श्री सिंह ने कहा कि मोदी सरकार देश की एकता और अखंडता पर लगातार हमले कर रही है। जननायक एवं लोकप्रिय सांसद राहुल गांधी जी गांव, गरीब,किसान और नौजवान की लड़ाई लड़ रहे हैं।

लोकसभा में राहुल गांधी जी के सवालों का जवाब मोदी सरकार के पास नहीं है श्री सिंह ने कहा कि देश की जनता राहुल गांधी को आशा भरी नजरों से देख रही है। आज मोदी सरकार ने गरीबों की,किसानों की, नौजवानों की सुविधाओं को खत्म करने का काम किया है।

# अधिवक्ता की हत्या के विरोध में सौंपा ज्ञापन



**सलोन,रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने हरदोई जनपद में अधिवक्ता की हत्या के विरोध में सलोन तहसील में प्रदर्शन किया।सरकार से अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लागू किए जाने के लिए उपजिलाधिकारी सलोन अभिषेक वर्मा को बार एसोसिएशन के अध्यक्ष लालता प्रसाद यादव की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा।इस दौरान सैकड़ों अधिवक्ताओं ने समस्त तहसील परिसर में घूमकर अधिवक्ता एकता जिंदाबाद के जमकर नारे लगाए।सरकार से हरदोई जनपद में अधिवक्ता की हत्या में शामिल अपराधियों पर राशुका लगाकर उनके घरों पर बुलडोजर चलवाने की मांग की।इस प्रदर्शन में अधिवक्ता ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी,गिरजेश मिश्रा, राजीव द्विवेदी, नरसिंह बहादुर,जितेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# अधिवक्ता की हत्या के विरोध में वकीलों ने किया प्रदर्शन

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



हरदोई में हुई अधिवक्ता की हत्या के विरोध में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों व अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन किया।

अधिवक्ताओं ने हत्या के मामले में न्याय दिलाए जाने के लिए डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन भी सौंपा। कलेक्ट्रेट परिसर में विरोध मार्च निकाला आपको बता दें कि शुक्रवार को कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों और अधिवक्ताओं ने हरदोई जिले में अधिवक्ता कनिष्क मल्होत्रा की हत्या को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में विरोध मार्च निकाला। अधिवक्ताओं ने मांग की है कि एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट तत्काल लागू किया जाए। अधिवक्ताओं के लिए चिकित्सा बीमा लागू किया जाए। उन्हें आयुष्मान योजना में शामिल किया जाए। अधिवक्ताओं को प्रदेश में टोल टैक्स से छूट दी जाए। वकीलों के साथ हो रहा अभद्र व्यवहार कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील श्रीवास्तव ने कहा कि हरदोई में हमारे साथी अधिवक्ता कनिष्क मल्होत्रा की घर में घुसकर हत्या कर दी गई। इस नृशंस हत्या से हम सभी आहत हैं। अभी तक पुलिस की तरफ से इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई है। हम सभी ने एडवोकेट प्रोडक्शन एक्ट को लागू किये जाने की मांग की थी, लेकिन शासन प्रशासन बिल्कुल सुन नहीं रहा है। वकीलों के साथ अभद्र व्यवहार हो रहा है, आए दिन गोलीबारी की वारदात हो रही है, हमले हो रहे हैं । मर्डर कर दिया जा रहा है। सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।

# निदेशक अरविंद राजवंशी ने फीता काटकर किया उद्घाटन




**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशों के तहत मरीजों को सस्ती दवाई उपलब्ध कराने के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के अंदर एक नए जन औषधि केंद्र का उद्घाटन किया गया इस जन औषधि केंद्र के उद्घाटन का मुख्य उद्देश्य गरीबों को सस्ती और लाभदायक दवाइयां उपलब्ध कराने की रहेगी भारत सरकार के द्वारा मान्यता प्राप्त उच्च अच्छी और सस्ती दवाइयां का वितरण इस जन औषधि केंद्र परिसर के अंदर से किया जाएगा इस पहल के अंतर्गत केंद्र पर जन औषधि की सभी प्रकार की दवाइयां जिनकी कीमत सरकारी मानक अनुसार कम है उपलब्ध रहेगी जन औषधि केंद्र का उद्घाटन एम्स रायबरेली के निदेशक प्रोफेसर अरविंद राजवंशी द्वारा किया गया इस मौके पर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की डीन डॉक्टर नीरज कुमारी प्रशासनिक अधिकारी सरोज कुमार सिंह और अपर चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर सुरेश सिंह मौजूद रहे।

जन औषधि केंद्र का उद्देश्य अखिल भारतीय आयुर्वेद विज्ञान संस्थान में संचालित नए जन औषधि केंद्र के उद्घाटन का मुख्य उद्देश्य सस्ती दवाइयां और सभी आवश्यक दवाएं बाजार मूल से काफी कम दाम पर उपलब्ध कराना रहेगा। इस नई सुविधा के माध्यम से एम्स न केवल चिकित्सा सेवाओं में सुधार करेगा बल्कि आम जनता के लिए स्वास्थ्य सेवा को और अधिक सुलभ और की खेती बनाएगा।

## एम्स परिसर के अंदर से शुरू हुई स्कूली बस सेवा



अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में कार्यरत डॉक्टर और कर्मचारी जिनके बच्चे शहर में स्थित विभिन्न स्कूलों में पढ़ते हैं उनको लाने ले जाने के लिए आज स्कूल बस सेवा का शुभारंभ किया गया एम्स रायबरेली के डायरेक्टर अरविंद राजवंशी के द्वारा हरी झंडी दिखाकर इस बस सेवा को शुरू किया गया उनका कहना था कि हमारे सभी डॉक्टर और कर्मचारियों के बच्चे शहर में स्थित विभिन्न स्कूलों में पढ़ते हैं उन्हें किसी भी प्रकार की कोई समस्या ना हो इसके लिए आज एम्स से बस सेवा शुरू की गई जो विभिन्न स्कूलों में जाएगी जहां पर यहां के कर्मचारियों के बच्ची पढ़ते हैं। उन्हें लाने ले जाने का काम करेगी।

## सर्प मित्र ने किया विद्यालय से नागिन का रेस्क्यू

**इटावा।** थाना बैदपुरा क्षेत्र के अंतर्गत नगला छत्ते स्थित उच्च प्राथमिक कंपोजिट विद्यालय की मिड डे मील की रसोई में सुबह खतरनाक काला कोबरा सर्प प्रवेश कर रसोई में रखे सामान के पीछे छुप कर बैठ गया और तब रसोई में खाना बनाने जा रही रसोइयों की नजर उस कोबरा सांप पर पड़ी तो वे रसोई में खाने का सामान छोड़ कर बाहर भाग खड़ी हुई। उन्होंने स्कूल की प्रधानाध्यापिका अभिलाषा तिवारी को तत्काल सूचित किया जिसके बाद वन्यजीव विशेषज्ञ सर्पमित्र डॉ आशीष त्रिपाठी ने कोबरा सर्प को 5 मिनट में ही सुरक्षित रेस्क्यू कर विद्यालय को भय मुक्त कर दिया।

## प्रधानों को किया गया प्रशिक्षित

**डलमऊ रायबरेली।** जनपद में 10 अगस्त से दो सितम्बर तक फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने के लिए सर्वजन दवा सेवन अभियान चलेगा इसी क्रम में शुक्रवार को डलमऊ ब्लाक सभागार में स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान तथा स्वयंसेवी संस्था प्रोजेक्ट कंसर्न इंटरनेशनल (पीसीआई) के सहयोग से 35 ग्रामप्रधानों का संवेदीकरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए खंड विकास अधिकारी सत्यदेव यादव ने ग्राम प्रधानों से अपील की कि आईडीए अभियान के तहत वह स्वयं फ़ाइलेरियारोधी दवा का सेवन करें साथ ही अपने परिवार के सदस्यों और गाँव वासियों को दवा खाने के लिए प्रेरित करें।

## रोजगार मेला आयोजन आठ अगस्त को

**रायबरेली।** जिला सेवायोजन कार्यालय रायबरेली के तत्वाधान में 08 अगस्त 2024 को रोजगार मेले का आयोजन पं0 रामेश्वर बाजपेई स्मारक महाविद्यालय, मुंशीगंज रायबरेली में किया जाना प्रस्तावित है जिसमें निजी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा रोजगार मेले में प्रतिभाग हेतु आयु 18 से 35 वर्ष के अभ्यर्थी हाई स्कूल, इंटर, स्नातक व आई.टी.आई योग्यता के साथ प्रतिभाग कर सकते हैं।

## लड़की को भगा ले गया नामजद युवक

**इटावा।** महेवा मंदिर से एक युवती की 17 वर्षीय पुत्री को एक नामजद युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया। जिसका मुकदमा पीड़ित महिला ने थाने में दर्ज कराया। इस सम्बंध में पीड़िता ने बताया कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री काल्पनिक नाम सीमा को चकरनगर थाना क्षेत्र के ग्राममानपुरा निवासी गोलू ओझा पुत्र नाथू ओझा व दो उसके अन्य साथी कार में बैठाकर बहाला फुसलाकर भगा ले गये।

## जहरीले जंतु के काटने से युवक की मौत

**डलमऊ,रायबरेली।** जहरीले जंतु के काटने से एक बाईस वर्षीय युवक की मौत हो गई। मौत की खबर सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार डलमऊ कस्बे के आदर्श नगर के रहने वाले दीपक कुमार पुत्र राजबहादुर उम्र लगभग 22 वर्ष को किसी जहरीले जंतु ने काट लिया जिससे दीपक कुमार की हालत बिगड़ने लगी, जिस पर परिजनों ने दीपक कुमार को आनन फानन डलमऊ सीएचसी लेकर गए।

# उप्र जल निगम नगरीय ग्रामीण कर्मचारी यूनियन का चुनाव संपन्न



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश जल निगम नगरीय ग्रामीण कर्मचारी यूनियन जनपद अधिकारी रायबरेली का द्विवार्षिक अधिवेशन चुनाव संपन्न हुआ।

चुनाव अधिवेशन में चुनाव संपन्न करने के लिए प्रांतीय अध्यक्ष रामसनेही यादव केंद्रीय पर्यवेक्षक की देखरेख में श्री ज्योति श्रीवास्तव महामंत्री चुनाव अधिकारी द्वारा हसन अली संगठन मंत्री राम भरत पांडे कार्यालय सचिव के सहयोग से यूनियन विधान एवं कार्यकारिणी द्वारा निर्धारित नियमों नियमों के अनुसार चुनाव संपन्न कराया जिसमें जनपद यूनियन इकाई में सर्वसम्मति से चुने गए पदाधिकारी जिला संरक्षक शिवराज सिंह की देखरेख में जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश शुक्ला निर्विरोध चुने गए जिला उपाध्यक्ष सुरेश कुमार यादव निर्विरोध चुने गए।

जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार पांडे निर्विरोध चुने गए जिला सचिव राजकुमार वर्मा निर्विरोध चुने गए संयुक्त सचिव प्रियंक रंजन मिश्रा व संगठन सचिव शिव प्रसाद प्रजापति प्रचार मंत्री मोहम्मद फारूख निर्विरोध चुने गए पदाधिकारी को चुने जाने के बाद प्रांतीय अध्यक्ष प्रांतीय पर्यवेक्षक ने सभी चुने गए निर्विरोध पदाधिकारी को माल्यार्पण कर मुंह मीठा कराते हुए बधाई दी जिला अध्यक्ष ने सभी कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।


## कोटेशन नोटिस

महामहिम राज्यपाल महोदय उ.प्र. की ओर से ग्राम पंचायत मोन महराजगंज रायबरेली द्वारा मनरेगा कन्वर्जन योजनान्तर्गत स्वीकृत धनराशि से निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु प्रयोग में लाये जाने वाली सामग्री पंजीकृत फर्मों से सील बन्द कोटेशन सामग्री आपूर्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित किये गये है। निविदा प्रपत्र कार्यालय से प्रकाशन तिथि 01.08.2024 से तिथि 15.08.2024 तक प्राप्त की जा सकती है। यह निविदायें सील बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में दिनांक 17.08.2024 तक अपरान्ह 01:00 बजे तक जमा की जायेगी एवं उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे निविदायें अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपस्थित टेण्डर दाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोले जायेगे। अधोहस्ताक्षरकर्ता को किसी भी कोटेशन को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार होगा। निविदा के साथ पांच प्रतिशत धरोहर धनराशि नकद, राष्ट्रीय बचत पत्र, पोस्ट आफिस में समयावधि जमा धनराशि की पासबुक अथवा एफ.डी.आर. जो अधोहस्ताक्षरकर्ता के पदनाम से बंधक होगी, जमा कराना अनिवार्य है। बिना धरोहर धनराशि के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। कार्य का विवरण नियम व शर्ते किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में देखा जा सकता है। कार्य का विवरण निम्नवत् है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आपूर्ति ली जाने वाली सामग्री का विवरण | आपूर्ति की जाने वाली सामग्री की मात्रा | निविदा प्रपत्र का मूल्य | धरोहर धनराशि (05 प्रतिशत) | कार्य पूर्ण होने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण 3133003029/AV/ | सीमेन्ट बालू मौरंग | 316 Beg<br>5.50 Cum<br>28.50 Cum | | | |
| 2. | | RCC 20 mm<br>ईंट I<br>सरिया | 17.50 Cum<br>18.71 नग<br>16.85 कुं | 300/- | - | 01 वर्ष |
| 3. | | पल्ला दरवाजा ग्रिल मय मजदूरी पेंट | 18.81 S2m<br>50 Lt | | | |
| 4. | | इंगल आयरन रोशनदान, खिड़की ग्रिल इंगल | 536 Kg | | | |

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत- मोन
वि.ख. महराजगंज, रायबरेली



## कानपुर सेन्ट्रल – लखनऊ सेक्शन पर ट्रैफिक ब्लॉक के कारण 'ट्रेन हैंडलिंग प्लान'

आधारिक अवसंरचना एवं संरक्षा मानकों को और बेहतर करने के उद्देश्य से उत्तर रेलवे द्वारा लखनऊ डिवीज़न के कानपुर सेन्ट्रल – लखनऊ सेक्शन के बीच जैतीपुर स्टेशन पर नॉन–इंटरलॉकिंग का कार्य सम्पादित किया जायेगा। इस कार्य के सुरक्षित सम्पादन के लिए उत्तर रेलवे द्वारा दिनांक 06.08.2024 से 14.08.2024 तक उपयुक्त ट्रैफिक ब्लॉक लिए जायेंगे। परिणामस्वरूप इस दौरान निम्नलिखित रेलगाड़ियाँ उनके समक्ष दर्शायी गई तिथियों को निम्नानुसार प्रभावित होगी:

### रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण

| रेलगाड़ी सं. | रेलगाड़ी का नाम | निरस्तीकरण की तिथि (प्रारंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|
| 01823/01824 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी – लखनऊ – वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी | 12.08.24 से 14.08.24 |
| 05380 | कासगंज–लखनऊ जं. पैसेंजर | 12.08.24 एवं 13.08.24 |
| 05379 | लखनऊ जं.–कासगंज पैसेंजर | 13.08.24 एवं 14.08.24 |
| 14124 | कानपुर सेंट्रल–मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ इंटरसिटी | 12.08.24 से 14.08.24 |
| 14123 | मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़–कानपुर सेंट्रल इंटरसिटी | 13.08.24 से 15.08.24 |
| 04297 | उतरहटिया–कानपुर सेंट्रल एमईएमयू | 12.08.24 से 14.08.24 |
| 04296 | कानपुर सेंट्रल–लखनऊ एमईएमयू | 13.08.24 से 15.08.24 |
| 12180/12179 | आगरा किला – लखनऊ जं. – आगरा किला इंटरसिटी | 14.08.24 |

### रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन

| रेलगाड़ी सं0 एवं गाड़ी का नाम | परिवर्तित मार्ग | तिथि |
|---|---|---|
| 09417 अहमदाबाद जं. – दानापुर एक्सप्रेस | वाया उन्नाव जं.–डलमऊ–रायबरेली–मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़–वाराणसी | 12.08.24 |
| 12589 गोरखपुर जं.– सिकंदराबाद जं | वाया गोरखपुर–अयोध्या धाम जं.–अयोध्या कैंट–सुल्तानपुर जं.– मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़–प्रयाग जं.–प्रयागराज जं.–कानपुर सेंट्रल | 14.08.24 |
| 12103 पुणे जं.–लखनऊ | वाया उन्नाव जं.–माखी–बालामऊ जं.–आलम नगर–लखनऊ | 13.08.24 |
| 09418 दानापुर – अहमदाबाद जं. एक्सप्रेस | वाया पं. दीन दयाल उपाध्याय–मिर्जापुर – प्रयागराज जं.–कानपुर सेंट्रल | 13.08.24 |
| 12875 पुरी – आनंद विहार (ट) | वाया रायबरेली–डलमऊ–उन्नाव जं.–कानपुर सेंट्रल | 13.08.24 |
| 12173 लोकमान्य तिलक – माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ | वाया उन्नाव जं.–डलमऊ–रायबरेली – मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ | 13.08.24 |
| 09405 साबरमती–पटना जं | वाया कानपुर सेंट्रल–प्रयागराज जं.–मिर्जापुर–पं. दीन दयाल उपाध्याय | 13.08.24 |
| 09112 गोरखपुर जं. – वडोदरा जं | वाया गोरखपुर–अयोध्या धाम जं.–अयोध्या कैंट–सुल्तानपुर जं.– मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़–प्रयाग जं. –प्रयागराज जं.–कानपुर सेंट्रल | 14.08.24 |

### रोककर चलाई जाने वाली रेलगाड़ियाँ

| रेलगाड़ी सं. एवं नाम | स्टेशन जहाँ पर रेलगाड़ी रोक कर चलाई जाएगी |
|---|---|
| 09111 वडोदरा जं.–गोरखपुर जं | रेलगाड़ी दिनांक 06.08.24 को कानपुर सेंट्रल पर 80 मिनट रोक कर चलाई जाएगी |
| 14124 कानपुर सेंट्रल–मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ | रेलगाड़ी दिनांक 06.08.24 और 07.08.24 को कानपुर सेंट्रल पर 17:30 के स्थान पर 18:00 बजे 30 मिनट रोक कर चलाई जाएगी |
| 15084 फर्रुखाबाद–छपरा | रेलगाड़ी दिनांक 06.08.24 और 07.08.24 को अपने रूट पर 15 मिनट रोक कर चलाई जाएगी |
| 04137 ग्वालियर जं.–बरौनी जं | रेलगाड़ी दिनांक 07.08.24 को कानपुर सेंट्रल पर 140 मिनट रोक कर चलाई जाएगी |
| 11124 बरौनी जं.–ग्वालियर जं | रेलगाड़ी लखनऊ से दिनांक 09.08.24 को बाराबंकी जं. पर 50 मिनट रोक कर चलाई जाएगी |
| 15269 मुजफ्फरपुर जं.–साबरमती | रेलगाड़ी लखनऊ से दिनांक 09.08.24 को बाराबंकी जं. पर 40 मिनट रोक कर चलाई जाएगी |
| 12511 गोरखपुर जं.–कोच्चुवेली | रेलगाड़ी दिनांक 09.08.24 को अपने रूट पर 15 मिनट रोक कर चलाई जाएगी |
| 04296 कानपुर सेंट्रल–लखनऊ | रेलगाड़ी दिनांक 11.08.24 को कानपुर सेंट्रल 07:50 के स्थान पर 09:50 बजे 120 मिनट रोक कर चलाई जाएगी |
| 12522 एरणाकुलम जं.–बरौनी जं | रेलगाड़ी दिनांक 11.08.24 को कानपुर सेंट्रल पर 120 मिनट रोक कर चलाई जाएगी |
| 19409 साबरमती–गोरखपुर जं | रेलगाड़ी दिनांक 11.08.24 को कानपुर सेंट्रल पर 65 मिनट रोक कर चलाई जाएगी |
| 01823 वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी–लखनऊ | रेलगाड़ी दिनांक 11.08.24 को कानपुर सेंट्रल पर 30 मिनट रोक कर चलाई जाएगी |
| 12594 भोपाल–लखनऊ | रेलगाड़ी दिनांक 12.08.24 को कानपुर सेंट्रल पर 150 मिनट रोक कर चलाई जाएगी |
| 19715 जयपुर जं.–गोमती नगर | रेलगाड़ी दिनांक 12.08.24 को कानपुर सेंट्रल पर 90 मिनट रोक कर चलाई जाएगी |
| 11109 वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी–लखनऊ | रेलगाड़ी दिनांक 12.08.24 को कानपुर सेंट्रल पर 15 मिनट रोक कर चलाई जाएगी |
| 12512 कोच्चुवेली–गोरखपुर जं | रेलगाड़ी दिनांक 13.08.24 को कानपुर सेंट्रल पर 120 मिनट रोक कर चलाई जाएगी |
| 19401 साबरमती–लखनऊ | रेलगाड़ी दिनांक 13.08.24 को कानपुर सेंट्रल पर 65 मिनट रोक कर चलाई जाएगी |
| 04298 कानपुर सेंट्रल–लखनऊ | रेलगाड़ी दिनांक 14.08.24 को कानपुर सेंट्रल से 12:20 के स्थान पर 15:20 बजे 180 मिनट रोक कर चलाई जाएगी |
| 15066 पनवेल–गोरखपुर जं | रेलगाड़ी दिनांक 14.08.24 को कानपुर सेंट्रल पर 145 मिनट रोक कर चलाई जाएगी |
| 22531 छपरा–मथुरा जं | रेलगाड़ी दिनांक 14.08.24 को छपरा पर 05:20 के स्थान पर 07:20 बजे 120 मिनट रोक कर चलाई जाएगी |
| 15067 गोरखपुर जं. – बान्द्रा (ट) | रेलगाड़ी दिनांक 14.08.24 को गोरखपुर से 05:25 के स्थान पर 06:35 बजे 70 मिनट रोक कर चलाई जाएगी |
| 04295 लखनऊ–कानपुर सेंट्रल | रेलगाड़ी दिनांक 14.08.24 को लखनऊ पर 14:30 के स्थान पर 16:00 बजे 90 मिनट रोक कर चलाई जाएगी |
| 12003 लखनऊ–नई दिल्ली | रेलगाड़ी दिनांक 14.08.24 को लखनऊ जं. पर 15:30 के स्थान पर 15:45 बजे 15 मिनट रोक कर चलाई जाएगी |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

रेलमदद वेबसाइट देखें: www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव | उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें


ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ — पर हमें फॉलो करें

## राहुल बाबा की चक्रव्यूह रचना

यह समझना मुश्किल है कि कांग्रेस की विरासत ही कांग्रेस के विपरीत है या राहुल गांधी का फोकस कहीं और है। वैसे तो नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को संसद में बजट पर बोलना था, लेकिन उन्होंने महाभारत कालीन चक्रव्यूह का नया रूपक ही गढ़ दिया। हजारों साल पुराने चक्रव्यूह में अभिमन्यु को घेर कर मार दिया गया था। उसका नियंत्रण द्रोणाचार्य, कृपाचार्य, कर्ण, कृतवर्मा, अश्वत्थामा और शकुनि के हाथों में था। राहुल गांधी के मुताबिक आज का चक्रव्यूह भी प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, सरसंघचालक मोहन भागवत, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल आदि आठ हाथों में है। दो शेष नाम देश के बड़े उद्योगपतियों के हैं, जिनका नाम सदन में नहीं लिया जा सकता था। स्पीकर ओम बिरला ने भी नियमों का हवाला दिया, लेकिन राहुल गांधी उनका एक बार नाम ले चुके थे। फिर उन्हें ए-1, ए-2 नामकरण दिया। सवाल यह है कि राहुल गांधी ने यह रूपक क्यों गढ़ा? क्या आज का चक्रव्यूह भी किसी को हताहत करने को रचा गया है? संसद में ऐसी हिंसकवादी राजनीति के कोई मायने नहीं हैं, लिहाजा स्पीकर नेता प्रतिपक्ष को बार-बार सलाह देते रहे कि एक बार और सदन के नियमों को नेता प्रतिपक्ष पढ़ लें। जाहिर है कि राहुल गांधी बार-बार नियमों का उल्लंघन करते रहे हैं। बहरहाल नए चक्रव्यूह के संदर्भ में जवाब राहुल ही देंगे, लेकिन उनकी राजनीति समझ में जरूर आती है कि 2024 के आम चुनाव की तरह वह अब भी एक नेरेटिव देश में फैलाना चाहते हैं। वह नेरेटिव भाजपा के हिंदुत्व और सवर्णवाद की काट साबित हो सकता है, ऐसी राहुल गांधी की उम्मीद है। उनकी राजनीति जातीय जनगणना की है, जबकि कांग्रेस में उनके पुरखे ऐसे जातिवाद के खिलाफ थे और ऐसी जनगणना को कभी भी लागू नहीं किया। उन्होंने अपने 46 मिनट के भाषण का सारांश यह रखा कि गरीब, पिछड़े, दलित, युवा, किसान समेत पूरा देश भय के चक्रव्यूह में है। अग्निवीरों को भी चक्रव्यूह में फंसाया गया है। प्रधानमंत्री जिस कमल के फूल (भाजपा का चुनाव चिह्न) को लहराते रहते हैं, उसी के आकार वाला चक्रव्यूह है। यहां नेता प्रतिपक्ष ने अपनी सियासत के मुताबिक हिंदू धर्म का अपमान किया है। भाजपा ने यूं पलटवार करते हुए कहा है कि जिस फूल को ब्रह्मा जी,देवी लक्ष्मी, देवी सरस्वती ने अपना आसन बनाया, पवित्रता के प्रतीक उसी फूल को राहुल गांधी ने 'हिंसक' करार दिया। यह धार्मिक अपमान राहुल की राजनीति के मुताबिक है। नेता प्रतिपक्ष ने बजट पर संभवतः 2.5 प्रतिशत ही बोला। सिर्फ शिक्षा का आवंटन ही उन्हें याद रहा। बजट की 'हलवा सेरेमनी' में भी उन्होंने जातिवाद को घुसेड़ कर कहा कि जो 20 अधिकारी देश का बजट तैयार करते हैं, उनमें कोई भी ओबीसी, दलित या आदिवासी अफसर नहीं है,जबकि इन समुदायों की आबादी देश की 73 प्रतिशत है। सिर्फ 2-3 प्रतिशत लोग ही 'हलवा' बनाते हैं, वे ही बांटते हैं और वे ही खा जाते हैं। देश की 73 प्रतिशत आबादी को 'हलवा' नहीं मिल रहा है। राहुल का कथन देश के संसाधनों और शक्तियों की व्याख्या कर रहा है। उनका जातिवाद भी इसी आधार पर टिका है कि जो जातियां बहुसंख्यक हैं, वे ही वंचित और विपन्न हैं। शायद राहुल गांधी को यह याद नहीं रहा कि बजट से जुड़ा 'राजनीतिक हलवा' तो बीते 70 सालों से अधिक समय से बांटा जा रहा है। इस दौरान सर्वाधिक सरकारें कांग्रेस की रही हैं।

# संसद में जाति पर जारी सियासी जंग के राजनीतिक मायने

**कमलेश पांडेय**



**संविधान निर्माताओं से लेकर संविधान के कथित संरक्षकों और संसद में पिछले लगभग 8 दशक से बैठ रहे अधिकांश माननीयों ने जनतांत्रिक कुएं में पड़ी भांग पी ली है, जिन्हें तर्क और तथ्य से कोई वास्ता नहीं, बस पददलित जनमानस पर निरंतर बिहंसते जा रहे हैं! चतुर्थ, कुछ यही हाल राष्ट्र में जनमत निर्धारण करने में अमूल्य सहयोग देने वाली समग्र मीडिया इकाइयों और उसके अदूरदर्शी सम्पादकों का भी है, जिन्होंने वस्तुनिष्ठ पत्रकारिता की बजाय पक्षधरता भरी रिपोर्टिंग की और नीर-क्षीर विवेक वाक विद्या को सियासतदानों के मन के मुताबिक जैसे तैसे परिभाषित किया।**

वैदिक या सनातन सभ्यता-संस्कृति में जो जाति कार्यकुशल जनसमूह की कार्यदक्षता की निशानी समझी जाती थी और राष्ट्रीय उत्पादकता में अपना महत्वपूर्ण योगदान देती आई थी, वही जब लोकतांत्रिक या संवैधानिक सभ्यता-संस्कृति में व्यापक विवाद का वाहक बनकर दिन-प्रतिदिन अनुत्पादक प्रतीत होने लगे, तो देश व समाज के प्रबुद्ध लोगों का चिंतित होना स्वाभाविक है। इसलिए आज संसद में जाति के सवाल पर भाजपा नीत एनडीए और कांग्रेस नीत इंडिया ब्लॉक के बीच जो सियासी जंग छिड़ी हुई है, उसके पीछे के राजनीतिक मायने को समझने और आमलोगों को समझाने की जरूरत है।

पहला, चूंकि राजनीतिक दलों के लिए जाति अब सामाजिक ध्रुवीकरण का औजार और सियासी गोलबंदी का हथियार बन चुकी है, इसलिए उसे सकारात्मक नजरिए से देखे जाने की जरूरत है, न कि नकारात्मक तरीके से। हां, अब जाति के परिप्रेक्ष्य में वह मुद्दा उठाने की जरूरत है, जिससे राजनीतिक दल और उसके %चतुरसुजान% नेता अब तक बचते आए हैं। जैसे- साधुओं की जाति, वर्णसंकर लोगों की जाति और अंतरधार्मिक विवाह रचाने वाले लोगों और उनकी संततियों के धर्म का मुद्दा आदि सबसे अहम है। दूसरा, जातीय या धार्मिक आरक्षण को भी सकारात्मक दृष्टिकोण से देखे जाने की दरकार है, न कि नकारात्मक तौर पर। क्योंकि गुलाम भारत से लेकर आजाद भारत में जाति और धर्म को लेकर जितने भी कानून बनाए गए, वो सब अंतर्विरोधाभाषों से भरे पड़े हैं। जिसकी वजह से उनमें स्पष्टता का अभाव तो है ही, लोकतंत्र की मूल भावना स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व भी नदारत है। इस स्थिति के लिए हमारे राजनेता और नौकरशाह दोनों ही जिम्मेदार हैं। लेकिन इस स्थिति को बदलने का साहस किसी भी राजनीतिक दल में नहीं दिखा, जिससे राष्ट्रीय हित और पेशेवर गुणवत्ता गहरे तक प्रभावित होती आई है जिससे वैश्विक मुकाबले में भारत पिछड़ता चला आया। तीसरा, जाति और धर्म के आधार पर बने कानूनों में व्याप्त विसंगतियों और इससे प्रभावित हो रहे सामान्य जनजीवन के खिलाफ स्वतः संज्ञान न लेकर न्यायविदों ने भी कालीदासी विद्वत्ता का ही परिचय दिया है। जिस देश में वह लोकतांत्रिक न्याय दे रहे हैं, वहीं पर जब कानूनी व न्यायिक प्रावधान व्यक्ति विशेष की स्वतंत्रता, समानता व बंधुत्व की पारस्परिक भावना को मुंह चिढ़ाने लगें, तो समझा जा सकता है कि मत समानता रहने के बावजूद पीड़ित व प्रभावित व्यक्ति कितना असहाय महसूस कर रहा होगा। खास बात यह कि इस देश में जाति और जातीय आरक्षण की जो अवधारणा तय की गई है, सवर्ण-पिछड़ा-दलित-आदिवासी और उनकी गरीबी के अलावा अल्पसंख्यक-बहुसंख्यक के जो मानदंड तय किये गए हैं, वो तार्किक कम, प्रतिशोधी ज्यादा प्रतीत होते हैं। लेकिन क्या मजाल कि कोई इन्हें गलत ठहरा दे या उनमें संशोधन की बात करे। इससे तो यही लगता है कि संविधान निर्माताओं से लेकर संविधान के कथित संरक्षकों और संसद में पिछले लगभग 8 दशक से बैठ रहे अधिकांश माननीयों ने जनतांत्रिक कुएं में पड़ी भांग पी ली है, जिन्हें तर्क और तथ्य से कोई वास्ता नहीं, बस पददलित जनमानस पर निरंतर बिहंसते जा रहे हैं! चतुर्थ, कुछ यही हाल राष्ट्र में जनमत निर्धारण करने में अमूल्य सहयोग देने वाली समग्र मीडिया इकाइयों और उसके अदूरदर्शी सम्पादकों का भी है, जिन्होंने वस्तुनिष्ठ पत्रकारिता की बजाय पक्षधरता भरी रिपोर्टिंग की और नीर-क्षीर विवेक वाक विद्या को सियासतदानों के मन के मुताबिक जैसे तैसे परिभाषित किया। इससे जहां जनता गफलत में रही, वहीं संवैधानिक सिपहसालार मजे में! परन्तु कोढ़ में खाज यह कि जाति/सम्प्रदाय जैसे जनहित के मुद्दे जहां के तहां मील के पत्थर की तरह यथावत बने रहे। इसलिए हमारे राजनेता अपने मन के मुताबिक इनकी तरह तरह की व्याख्या करने में सफल हो जाते हैं, जिससे राष्ट्रहित प्रभावित होता है। पांचवां, फिलवक्त भारतीय संसद के निम्न सदन लोकसभा में कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए भाजपा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने जातीय जनगणना के मुद्दे पर जो कुछ भी कहा, वह यदि सही नहीं है तो ज्यादा गलत भी नहीं है! लिहाजा, इस मुद्दे पर आधुनिक सोच विकसित करनी चाहिए। साथ ही कतिपय संवैधानिक/कानूनी कमियों को दूर किया जाना चाहिए, ताकि कभी भारतीय समाज को माला की तरह जोड़ने वाली जाति प्रथा आरक्षण उत्प्रेरित सामाजिक टूट की वजह न बन जाये। जैसा कि महसूस किया जा रहा है।इसलिए आरक्षण के आधार को जाति-धर्म-भाषा नहीं बल्कि आर्थिक आधार का किया जाना चाहिए, इसे रोटेशनल बनाकर सबको लाभान्वित किया जाना चाहिए, जो न्यायिक तर्क/वितर्क के मद्देनजर आसान नहीं लगता है। छठा, उल्लेखनीय कि 30 जुलाई 2024 मंगलवार को अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि, जिन्हें अपनी जाति के बारे में भी नहीं पता है वो जाति जनगणना की बात करते हैं। यह बात एक हद तक सही भी प्रतीत हो रही है! इसलिए ऐसे लोगों की जाति व धर्म के लिए भारत में स्पष्ट कानूनी प्रावधान तय किए जाने की जरूरत है, जो तर्क और तथ्य की कसौटी पर खरा हो। क्योंकि वैदिक जाति या धर्म की अवधारणा पूरी तरह से वैज्ञानिक है, जिसकी उपेक्षा संवैधानिक भारत में होना आम बात बन चुकी है।

सातवां, राहुल गांधी पर सदन में हमला बोलते हुए अनुराग ठाकुर ने इसके पहले ये भी कहा था कि असत्य के पैर नहीं होते हैं, जिसके चलते ये कांग्रेस के कंधे पर सवारी करता है। जैसे मदारी के कंधे पर बंदर सवारी करता है, वैसे ही राहुल गांधी के कंधे पर असत्य का बंडल होता है। तभी तो अनुराग ठाकुर की इन टिप्पणियों पर सदन में हंगामा बढ़ गया। इसलिए सीधा सवाल है कि अनुराग ठाकुर के इस बयान के बाद सदन में जो जमकर हंगामा शुरू हो गया और कांग्रेस के सांसद वेल में आकर प्रदर्शन करने लगे, वह कितना जायज है? क्या इसे टाला नहीं जा सकता है। यदि जनप्रतिनिधिगण हंगामा करने के बजाय तत्सम्बन्धी कानून बनाने की मांग करें तो ऐसे विरोधाभासों को टाला जा सकता है। आठवां, संयुक्त विपक्ष हंगामा करने के बजाय उन लोगों की एक अलग जातीय कोटि व धार्मिक कोटि बनाने की मांग करे, जिनके माता-पिता भिन्न-भिन्न जातियों या सम्प्रदायों से है, क्योंकि उनकी संतान वर्णसंकर हुई। चूंकि भारतीय समाज पितृसत्तात्मक समाज है, इसलिए यहां पिता की जाति या धर्म को स्वीकार करने की परम्परा प्रचलित है, जो तर्क और तथ्य की कसौटी पर पूरी तरह से गलत है।

## विचार

# भयावह होंगे ईरान-इजराइल युद्ध के नतीजे

**विक्रम उपाध्याय**



**ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने तो ऐलानिया, ईरान के एलीट रिवोल्यूशनरी गार्ड को सीधे आदेश दे दिया है कि वे इजराइल पर हमला करें। ईरान के सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल मोहम्मद बाकेरी ने स्टेट टीवी पर आकर कहा है कि ईरान और अन्य प्रतिरोध दल किस तरह से इजराइल को जवाब देंगे, इसकी तैयारी की जा रही है...। जवाब निश्चित रूप से होगा और ऐसा होगा कि इजराइल लंबे समय तक पछतावा करेगा।**

तेहरान में हमास नेता इस्माइल हानिया की हत्या के बाद भीषण युद्ध की तैयारी शुरू हो गई है। इजराइल के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की रणनीति बनाने के लिए लेबनान, इराक और यमन की सरकार, सेना और खुफिया विभाग के लोग ईरान पहुंच गए हैं। रॉयटर्स ने खबर दी है कि ईरान के साथ को लेबनान भी इजराइल को नेस्तनाबूत करने पर आमादा है, क्योंकि तेहरान में इस्माइल हानिया की हत्या से एक दिन पहले लेबनान की राजधानी बेरूत में इजराइल ने ही हिजबुल्लाह के वरिष्ठ कमांडर की हत्या कर दी थी। अब ईरान के साथ हमास, इस्लामिक जिहाद के प्रतिनिधि, यमन में सक्रिय हौथी विद्रोही, लेबनान के हिजबुल्लाह और इराकी लड़ाके भी साथ आ चुके हैं और एक साथ तेहरान में बैठकर रणनीति बना रहे हैं। वे इजराइल के खिलाफ बड़ी जवाबी कार्रवाई करने का मंसूबा बना चुके हैं।

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने तो ऐलानिया, ईरान के एलीट रिवोल्यूशनरी गार्ड को सीधे आदेश दे दिया है कि वे इजराइल पर हमला करें। ईरान के सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल मोहम्मद बाकेरी ने स्टेट टीवी पर आकर कहा है कि ईरान और अन्य प्रतिरोध दल किस तरह से इजराइल को जवाब देंगे, इसकी तैयारी की जा रही है...। जवाब निश्चित रूप से होगा और ऐसा होगा कि इजराइल लंबे समय तक पछतावा करेगा। उल्लेखनीय है कि ईरान के नए राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने आए इस्माइल हानिया की हत्या 31 जुलाई को तड़के कर दी गई थी। हत्या का आरोप सीधे इजराइल पर लगाया गया है।

इस्माइल हानिया की हत्या कैसे की गई, इसे लेकर अलग-अलग कयास लगाए जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि तेहरान के गेस्टहाउस में पहले से ही गुप्त रूप से तस्करी करके लाए गए विस्फोटक उपकरण से हत्या की गई। अमेरिकी मीडिया ने दो ईरानी और एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से खबर दी है कि गेस्ट हाउस में लगभग दो महीने पहले से ही बम छिपा कर रखा गया था। गेस्ट हाउस की सुरक्षा इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स करते हैं। उत्तरी तेहरान के एक पॉश इलाके में नेशात नामक एक बड़े परिसर में यह गेस्ट हाउस बनाया गया था। हमास के सबसे बड़े नेता इस्माइल हानिया इसी गेस्ट हाउस में हमेशा रुकते थे। इजराइल पर किसी इस्लामी नेता की देश के बाहर जाकर हत्या करने का यह कोई पहला आरोप नहीं है, बल्कि अपने विरोधी नेताओं की हत्या का इजराइल का लंबा इतिहास रहा है। 1990 के दशक के मध्य में इजराइली खुफिया सेना ने हमास के मुख्य विस्फोटक विशेषज्ञों में से एक याह्या अय्याश की हत्या कर सनसनी मचा दी थी। 5 जनवरी, 1996 को गाजा शहर में अय्याश को इजराइल ने मार गिराया था। एक फोन कॉल के दौरान उसका सेलफोन फट गया और वह मर गया। इजराइल की आंतरिक सुरक्षा सेवा शिन बेट ने तब दूर से ही विस्फोट करा दिया था। इसी तरह हमास की सैन्य शाखा अल-खस्साम ब्रिगेड के संस्थापकों में से एक सलाह शेहादेह को 22 जुलाई, 2002 को गाजा शहर में उसके घर पर ही हवाई हमले कर उसकी हत्या कर दी गई थी। इजराइल ने फिलिस्तीनी इंतिफादा (विद्रोह) के शेख अहमद यासीन की भी हत्या कर दी थी। यासीन की हत्या के एक महीने से भी कम समय बाद, इजराइल की हत्या मशीन ने उनके उत्तराधिकारी अब्देल अजीज अल-रंतिसी को भी निशाना बना लिया। 56 वर्षीय रंतिसी को 17 अप्रैल, 2004 को इजराइली सेना ने एक लक्षित मिसाइल से मार डाला था। हमास का एक और शीर्ष कमांडर अहमद जबारी भी इजराइली हत्या मशीन का शिकार बना। अल-कस्साम ब्रिगेड के ऑपरेशनल कमांडर जबारी की नवंबर 2012 में गाजा शहर में एक कार पर हमले में मौत हुई थी। वरिष्ठ हमास अधिकारी सालेह अल-अरोरी की भी जनवरी 2024 में लेबनान की राजधानी बेरूत के दहियाह में ड्रोन हमले में इजराइल ने खत्म कर दिया। 7 अक्टूबर को इजराइल पर हमले के साथ शुरू हुआ युद्ध का यह नया अध्याय कहां जाकर रुकेगा यह कहना अब मुश्किल है। इजराइल के प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने साफ कहा है कि हमास के सभी नेताओं की मौत तक युद्ध नहीं रुकेगा। उन्होंने यह भी ऐलान किया था कि हमास के लोग चाहे कहीं भी हों, उन्हें ढूंढ कर मार दिया जाएगा। शिन बेट के प्रमुख रोनेन बार भी यह कहते सुने गए कि हमास के नेताओं को गाजा में, पश्चिमी तट में, लेबनान में, तुर्किये में, कतर में, हर जगह मार दिया जाएगा। हमास नेता इस्माइल हानियाय की अंतिम यात्रा में जिस तरह हजारों लोग तेहरान की सड़कों पर उमड़ पड़े, उससे ईरान पर उनकी हत्या का बदला लेने का दवाब और बढ़ गया है। ईरान के नए राष्ट्रपति कई विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। पूरे ईरान में हानिया के पोस्टर बांटे गए और फिलिस्तीन, लेबनान के हिजबुल्लाह व हमास के झंडे हवा में लहराए गए। दिवंगत ईरानी जनरल कासिम सुलेमानी के भी बैनर लहराए गए, जिन्हें 2020 में अमेरिका ने एक ड्रोन हमले के जरिए मार गिराया था। मेहमान के खून का बदला मेजबान ईरान लेगा, इस तरह की हेडिंग अखबारों में खूब छप रही हैं। तेहरान के दक्षिण में शिया शहर कोम की मशहूर जामकरन मस्जिद पर लाल झंडा फहराया गया, ताकि खून के वादे को दिखाया जा सके। तेहरान की मिलाद टॉवर पर भी रात भर लाल रंग की लाइटें जगमगाती रहीं।

# महर्षि अरविन्द और हिन्दी की महत्ता

**डॉ. विपिन कुमार**

हिन्दी भाषा और विकसित भारत विषय में एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में केन्द्रीयमंत्री एसपी सिंह बघेल, केंद्रीयमंत्री एवं वरिष्ठ सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, पूर्व राज्यसभा सदस्य आरके सिन्हा, पूर्वमंत्री डॉ. सत्यनारायण जटिया, पूर्व सांसद पद्मश्री लक्ष्मी प्रसाद ,राज्यसभा सदस्य राम चंद्र जांगड़ा, पूर्व सांसद केसी त्यागी, मिजोरम के राज्यपाल कंभमपाठी हरि बाबू जैसे कई गणमान्य हस्तियों के साथ कई शिक्षार्थी भी उपस्थित रहे। इस दौरान भारतीय आध्यात्मिक क्रांति के जनक माने जाने वाले महर्षि अरविन्द के विचारों को बढ़ावा देने के साथ ही, हिन्दी भाषा की महत्ता पर भी विशेष बल दिया गया।

निःसंदेह महर्षि अरविन्द ने अपने दर्शन से राष्ट्र और राष्ट्रीयता की संकल्पना को एक व्यापक दृष्टिकोण प्रदान किया है। उनका मानना था कि राष्ट्रीयता एक ऐसी आध्यात्मिक शक्ति है, जो सदैव विद्यमान रहती है और इसका कभी ह्रास नहीं होता है। वह इसे अपना सच्चा धर्म मानते हुए, ईश्वरीय कार्य की संज्ञा देते थे। वह भारत में एक आदर्श आध्यात्मिक समाज का निर्माण करना चाहते थे। उनका विचार था कि एक पूर्ण समाज की स्थापना अपूर्ण नागरिकों द्वारा नहीं हो सकती है और बिना अध्यात्म के किसी व्यक्ति की पूर्णता ही संभव नहीं है। यही वजह है कि उन्होंने धर्म को ही भारतीय जनतंत्र का मूल बताया। उन्होंने राजनीति व योग को एकीकृत करने के अलावा भारतीय मूल्यों को भी एकीकृत किया। शायद उनमें विविधताओं को समाहित करने की यह क्षमता, उनके व्यक्तिगत जीवन की विविधताओं से प्रेरित थीं। महर्षि अरविन्द जिस राष्ट्रवाद की वकालत करते थे, उसमें कोई द्वेष, आक्रमता या खिन्नता नहीं है। वह पूर्ण स्वराज के लिए सेवा और आत्मबलिदान को अनिवार्य मानते थे। हमारे इस सम्मेलन में उनके इन्हीं विचारों को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया। सम्मेलन के समापन सत्र में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, स्मारिका एवं स्मृति चिह्न भी वितरित किए गए। देश-विदेश से इस सम्मेलन में 250 से अधिक शोध पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 21 शोधपत्रों को सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया। महर्षि अरविन्द के विचार केवल भारत की आजादी तक सीमित नहीं थे। वह भारत की स्वाधीनता में विश्व की नैतिक और आध्यात्मिक स्वतंत्रता को अन्तर्निहित मानते थे।

उनका विश्वास था कि भारत एक भौगोलिक इकाई के रूप में आध्यात्मिक पूर्णता के लिए सम्पूर्ण विश्व की अगुवाई कर सकता है। उन्हें भारत की सांस्कृतिक परम्पराओं, प्राचीन मूल्यों, पौराणिक ग्रंथों पर बेहद गर्व था। वह रामायण और महाभारत में वर्णित धर्म युद्ध से प्रभावित थे और उन्होंने उसी प्रकार अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ भारतीय जनमानस को संगठित होकर अपने नैतिक बल द्वारा संघर्ष करने की अपील की। यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि आज हमें हिंदी को एक वैश्विक आयाम देने के लिए एक ऐसी ही रणनीति की आवश्यकता है। क्योंकि, हिन्दी एक ऐसी भाषा है, जो न केवल हमारे देश के आधे से अधिक भू-भाग को जोड़ती है, बल्कि यह पूरे विश्व में फैले भारतवासियों को भी एक-सूत्र में पिरोने का काम करती है। परंतु, आज जब हम पर हर तरफ अंग्रेजियत हावी है, तो हमें याद रखने की आवश्यकता है कि कोई भी भाषा सिर्फ विचारों की अभिव्यक्ति है।

यह हमारी क्षमता को परिलक्षित नहीं करती है। यह संवाद का एक ऐसा माध्यम है, जिसके जरिये मानव जाति ने सर्वोच्चता को हासिल किया है, तो आज हमारे सामने सवाल है कि हम अपनी ही भाषा, अपनी ही बोली को लेकर इतनी कुंठित क्यों हैं? हमें इस मानसिकता से बाहर निकलना होगा और हमारी जो क्षमता है उसमें निखार लाना होगा। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए हमें हिन्दी भाषा को अपनी पूरी शक्ति के साथ प्रचारित और प्रसारित करने की आवश्यकता है। यह देखना सुखद है कि विश्व हिन्दी परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रमों को आज वैश्विक स्तर पर लोकप्रियता मिल रही है। इससे हमें समर्पण भाव की प्रेरणा मिलती है।



# राशिफल

**मेष :-** सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। नये लक्ष्य व कायरें में व्यस्त रहेंगे। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रम का पूरा लाभ प्राप्त होगा। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है।

**बृषभ :-** रोजगार में लाभकारी स्थिति मन को प्रसन्न रखेगी। सामाजिक कायरे में व्यस्त रहेंगे। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। कुछ नये संबंधों के प्रति मन उत्साहित होगा।

**मिथुन :-** वाक्यपटुता व व्यवहार कुशलता से संबंधों में प्रभावी होंगे। भौतिक आकांक्षाएं सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु मन केंद्रित होगा।

**कर्क :-** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुबिधाग्रस्त होगा। भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक बनेगी। अतरू इसे सुधारें। रोजगार में व्यस्तता रहेगी किंतु जरूरी कायरे को समय से पूर्ण करें।

**सिंह :-** नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कार्यक्षेत्र में अनवरत व्यस्तता रहेगी। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा।

**कन्या :-** कोई नयी इच्छा मन पर प्रभावी होगी। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। कार्यक्षेत्र में ब्यस्तता बढ़ेगी।

**तुलाः-** निराशावादी विचार योजनाओं की सार्थकता में बाधक हैं। एक साथ कई सारी चिंताओं से मन ग्रसित होगा। अभिभावको एवं श्रेष्ठजनों के सहयोग से समस्याएं हल होंगी। घर में प्रसन्नता रहेगी।

**वृश्चिकः-** नई प्रतिभाएं उजागर होंगी। प्रिय लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में उसके परिणाम हेतु चिंतित होगा। रोजगार में स्थिति अनुकूल होगी। जीवन साथी से मधुरता कायम रखें।

**धनुः-** कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। सभी इच्छाओं को सकार करने से पूर्व गहन सोच-विचार करें। आकस्मिक यात्रा की योजना बन सकती है।

**मकरः-** मर्यादा व पद का ख्याल रखते हुए अपने उच्छृंखल मन पर नियन्तणरखें। आकस्मिक कोई सुखद समाचार से मन प्रसन्न होगा। घर में किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

**कुंभः-** महत्वपूर्ण कायरें की पूर्ति हेतु मन चिंतित होगा। प्रतिभाओं पर भरोसा रख अपने महत्वपूर्ण लक्ष्यों को फ्लीभूत करने हेतु केंद्रित हों।

**मीनः-** नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। काफी दिनों से अवरोधित कोई कार्य हल होने की संभावना है। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

# विलुप्त हुई सावन में झूला झूलने की परंपरा

**डॉ. रमेश ठाकुर**



**आज से नहीं, बल्कि सदियों से सावन महीने का झूलों से गहरा नाता रहा है। सनातनी परंपरा के लिहाज से सावन को झूला झूलने वाला माह कहा गया है। हालांकि, झूला झूलना सिर्फ सनातन परंपरा तक ही सीमित नहीं, बल्कि प्रत्येक धर्म के लोग इस पर्व में सहस्र शामिल होते रहे हैं। समय बदला, तीज-त्यौहार और रिवायतें भी बदल गईं। साथ ही झूलों की परंपराएं भी। अब कहीं भी सावन के झूले नहीं दिखाई पड़ते। गांवों में दिख जाएं, तो बड़ी बात है। पर, याद सभी करते हैं कि सावन तो आता है लेकिन अपने साथ झूले नहीं लाता। ऐसा प्रतीत होता है कि जैसे झूले कहीं बीच में छूट गए हैं। इस परंपरा के विलुप्त होने के कुछ वास्तविक कारण भी हैं। घरों में आंगनों का खत्म होना, बाग-बगीचे, तालाब-पोखर नष्ट हो गए हैं। पैड़-पौधों को लगाने में लोग कंजूसी दिखाते हैं। तेजी से बढ़ती आबादी के चलते आवासीय जगह सिमट गईं।**

आधुनिक युग ने बहुत कुछ बदल दिया। देशी किस्म की अनगिनत परम्पराएं व रीति-रिवाज विलुप्त कर दिए हैं। इस कड़ी में सावन माह में झूला झूलना भी शामिल है। एक जमाना था, जब झूलों का ग्रामीण औरतें बेसब्री से इंतजार करती थीं कि कब सावन माह का आगमन हो और वो पेड़ों पर रस्से बांधकर झूला झूलें। पर, अफसोस सावन तो हर साल आता है लेकिन झूले नहीं।

आज से नहीं, बल्कि सदियों से सावन महीने का झूलों से गहरा नाता रहा है। सनातनी परंपरा के लिहाज से सावन को झूला झूलने वाला माह कहा गया है। हालांकि, झूला झूलना सिर्फ सनातन परंपरा तक ही सीमित नहीं, बल्कि प्रत्येक धर्म के लोग इस पर्व में सहस्र शामिल होते रहे हैं। समय बदला, तीज-त्यौहार और रिवायतें भी बदल गईं। साथ ही झूलों की परंपराएं भी। अब कहीं भी सावन के झूले नहीं दिखाई पड़ते। गांवों में दिख जाएं, तो बड़ी बात है। पर, याद सभी करते हैं कि सावन तो आता है लेकिन अपने साथ झूले नहीं लाता। ऐसा प्रतीत होता है कि जैसे झूले कहीं बीच में छूट गए हैं। इस परंपरा के विलुप्त होने के कुछ वास्तविक कारण भी हैं। घरों में आंगनों का खत्म होना, बाग-बगीचे, तालाब-पोखर नष्ट हो गए हैं। पैड़-पौधों को लगाने में लोग कंजूसी दिखाते हैं। तेजी से बढ़ती आबादी के चलते आवासीय जगह सिमट गईं। बात ज्यादा पुरानी नहीं है, एकाध दशक पूर्व से झूले की परंपराएं धराशायी हुई हैं। सन् 1999 के बाद जैसे ही 2000 में जमाने ने प्रवेश किया, झूले शून्यता की ओर बढ़े।

दरअसल, ये ऐसा वक्त था, जहां से जमाने ने खुद को मॉर्डर्न होना आरंभ किया। तभी से पुरानी परंपराओं ने तेजी से तौबा कहना शुरू किया। फ्लैट संस्कृति का बढ़ना, कच्चे घरों की जगह पक्के मकानों का निर्माण, आमजनों की पहुंच तक फोन-मोबाइल की रीच, नई पीढ़ी का पुरानी रिवायतों से मुंह मोड़ना, जैसे कई कारण हैं। स्थिति आज ये है, झूलों का रिवाज अब इतिहास बन गया है नई पीढ़ी के लिए। मौजूदा समय की आधुनिक चकाचौंध में बुजुर्ग गुजरे जमाने को याद करके अपने मन को मसोसते हैं। बदलते वक्त को वह रोक भी नहीं सकते। उन्हें याद आते हैं उनके देखे हुए पुराने दिन, सावन में भीनी-भीनी बारिश का होना और कजरी-गाने गाकर झूला झूलती महिलाएं, हिंदी फिल्मों के बजते गाने, किसी का भी मन मोह लेते थे। ऐसा लगता है कि मानो जैसे आधुनिक मोह-माया ने हम सभी को पिंजरों में कैद कर लिया हो। हालांकि शहरों के मुबाकले ग्रामीण अंचलों में सावन माह का महत्व अब भी थोड़ा बहुत बचा है। पर ज्यादा नहीं, धीरे-धीरे गांवों में भी महानगरों जैसे हालात होते जा रहे हैं। सावन को वेद-पुराणों में पवित्र तो कहा ही गया है साथ ही दो और खास बातें जुड़ी हैं। अव्वल, बारिश और दूसरा झूला। बारिश के दीदार तो होते रहते हैं। पर, झूले कहीं दूर-दूर तक दिखाई नहीं देते। अन्य वस्तुओं की भांति झूलों का जमाना रिमिक्स होकर लौटेगा, ऐसा भी नहीं लगता। गांव की सखियों का झुंड झूलों के बहाने बाग-बगीचों में मिलता था। सखी शादी होकर ससुराल भी चली जाती थी, तब झूले मिलाप का जरिया बनते थे। यही कारण था महिलाएं सावन के आने का बेसब्री से इंतजार करती थीं। बदलते युग के साथ उन्होंने इंतजार करना भी छोड़ दिया। झूले के लिए राजस्थान, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड व राजस्थान जैसे राज्य विख्यात थे। उनके लिए बिना झूलों के सावन अधूरा होता था। युवा लड़कियां के अलावा घरों की बूढ़ी औरतें भी सावन की फुहारों में सराबोर होती थीं। एक-डेढ़ दशक पहले जन्में युवाओं को तो नहीं पता होगा। पर, बीस-बाईस वर्ष का नौजवान जरूर झूले का इतिहास याद करता होगा कि सावन के महीने में गांव की युवतियां पेड़ों पर कैसे झूला झूलती थीं।एक मनमोहक नजारा होता था, जब झूला झूलते औरतें आपस में गीत गातीं थीं। हंसी-मजाक, ठिठोलियां करती थीं। उन लम्हों से आज के युवा तकरीबन अनभिज्ञ हैं। वो झूला और सावन पर्व के संबंध को बिल्कुल नहीं जानते। कम उम्र की लड़कियां और ब्याह शादी वाली औरतें स्थानीय लोकगीत व कजरी गाती थीं जिन्हें सुनने के लिए पुरुषों का आसपास जमावड़ा लगता था। बुजुर्ग औरतों की कजरी गवाई सुनने लायक होती थी। क्योंकि कजरी देहाती व खाटी देशी किस्म की वह विधा है जिसमें सावन, भादों के प्यार-स्नेह, वियोग, व मधुरता का मिश्रण होता था। धीमी-धीमी बारिश में कजरी गाने का मजा कुछ और ही होता था। सावन का सौंदर्य और परंपरागत कजरी की सुगंधित मिठास वर्षा बहार का जो वर्णन लोक गायन की विधा कजरी में है, वह किसी और में नहीं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# लोनिवि व सेतु निगम के बीच फंसा स्लैब मरम्मत का कार्य

## मरम्मत नही हुई तो कभी भी हो सकती है बड़ी घटना,एसई ने कहा कि करेंगे बातचीत

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



सरीला तहसील के बेतवा नदी में बना जलालपुर पथरेड़ा गांव के पुल की खुली स्लैव की मरम्मत का कार्य लोनिवि व सेतु निगम के मध्य इधर उधर झूल रहा है दोनो विभाग के अभियंता इसके लिये एक दूसरे को जिम्मेदार ठहरा रहे है,लिहाजा दो दिन से मरम्मत न होने से कभी कभी कोई दुर्घटना हो सकती है। जानकारी के मुताबिक तहसील सरीला के जलालपुर गांव के पास बेतवा नदी पर बने पुल की स्लैब के सरिया निकल आने से आने जाने वाले वाहनों के लिए तो खतरा उत्पन्न हो ही गया है साथ ही पुल के भी दरकने की आशंका बढ़ गई है यह पुल करीब पंद्रह साल पहले सेतु निगम ने निर्माण कराया था। पुल की लंबाई एक किलोमीटर से अधिक है। करोड़ो रुपये की लागत से यह पुल बनाया गया था। पुल की जगह जगह स्लैब खुलने लगी है। पुल की स्लैव पिछले साल भी खुल गयी थी मगर किसी तरह जद्दोजेहाद के बाद सेतुनिगम ने मरम्मत करा दी थी। इधर दो दिन पहले पुल की स्लैब फिर से खुल गयीहै। इस पर लोनिवि निर्माण खंड दो के सहायक अभियंता राधेश्याम गुप्ता का कहना है कि पुल की मरम्मत का काम सेतुनिगम द्वारा कराया जायेगा। इसके लिये लोनिवि के अधिशासी अभियंता ने दो मर्तबा पत्र भी सेतु निगम को लिखा है। उनहोने जोरदेकर कहा कि मरम्मत का काम सेतु निगम ही करायेगे इधर सेतु निमगके परियोजना प्रबंधक आफताब रसूल का कहना हैकि उनका काम पुल बनाकर संबंधित विभाग को हैंडओवर करना है हैड ओवरहहोने के बाद मरम्मत व देखभाल करने की जिम्मेदारी लोनिवि की होगी वह किसी भी हालत में मरम्मत नही करायेगे। अधीक्षण अभियंता(एसई) सुनील कांत का कहना है कि इस मामले में बह संबंधित विभाग से बातचीत कर इसका हल निकालेगे। बहरहाल दो विभागों की खीचतान में किसी भी समय कोई दुर्घटना हो सकती है।

इधर अभियंताओं का कहना है कि स्लैब मरम्मत में देरी होती है तो पुल के दरकने का खतरा हो सकता है और बहुत बड़ी क्षति हो सकती है। मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।वाहन चालक रात दिन इसी पुल से निलक रहे है मगर पुल में जाते ही चालकों की रुह कांप जाती है।

# युवक ने कान के पीछे खुद को गोली मारकर की आत्महत्या

▸ शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए महोबा भेजा

**पनवाड़ी, महोबा समृद्धि न्यूज।**



थाना क्षेत्र के नकरा गांव में एक युवक ने कान के पीछे खुद को गोली मार ली परिजन आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पनवाड़ी ले गए जहां पर डॉक्टरों ने देखकर युवक को मृत घोषित कर दिया। पनवाड़ी थाना क्षेत्र के नकरा गांव निवासी दीपू उम्र 35 वर्ष पुत्र अच्छेलाल अहिरवार ने अपने ही घर में खुद को लेफ्ट कान के पीछे गोली मार ली गोली की आवाज सुनकर परिवारीजन एवं आस पास पड़ोस के लोग दौड़ पड़े तुरंत निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पनवाड़ी ले आए जहां पर देखकर डॉक्टर ने दीपू को मृत घोषित कर दिया सूचना पाकर पनवाड़ी पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए महोबा भेज दिया है मृतक की पत्नी उम्र 34 वर्ष पुत्री मधु उम्र 8 वर्ष तथा पुत्र देव उम्र 5 वर्ष का रो-रोकर बुरा हाल है।

# महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर जान देने का किया प्रयास

**कुरारा,हमीरपुर।** थाना क्षेत्र के मिस्त्रीपुर गांव निवासी महिला ने दोपहर में जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजन उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुरारा लेकर आए। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर किया गया है। घटना की सूचना थाना पुलिस को दी गई है।

क्षेत्र के मिश्री पुर गांव निवासी महिला शीलम पत्नी कैलाश बाबू दोपहर में इलाज के लिए कुरारा सी एससी लेकर आए। जिसका प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर किया गया है। पति कैलाश बाबू ने बताया कि पत्नी ने जहरीला पदार्थ खा लिया है। सीएचसी प्रभारी ने घटना की सूचना थाना पुलिस को दी है।



# जनचौपाल का किया गया आयोजन

**पनवाड़ी,महोबा।** विकासखंड पनवाड़ी की ग्राम पंचायत अलीपुरा के पंचायत भवन में जन चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से ग्रामीणों को जानकारियां दी गई। सत्येंद्र भूषण सहायक विकास अधिकारी पंचायत एवं ग्राम प्रधान रजनी रमाकांत रावत की अध्यक्षता में पंचायत भवन अलीपुरा में जन चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजना जैसे प्रधानमंत्री आवास, शौचालय ,विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन ,वृद्धावस्था पेंशन ,राशन कार्ड एवं किसान सम्मान निधि योजना आदि के बारे में विस्तार से जानकारियां दी गई इस मौके पर ग्राम प्रधान रजनी रमाकांत रावत ,मोहित अवस्थी, अजय शर्मा सहित तमाम ग्रामीण उपस्थित रहे।

# कार्यालय में आने का उचित कारण न बताने पर दो गिरफ्तार

## कार्यालय को मध्यस्थो, दलालों से रखे मुक्त, सुगमता एवं सुलभता से करे जनमानस के कार्य: डीएम

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

डीएम पवन अग्रवाल द्वारा सरकारी कार्यालयों को मध्यस्थतों /दलालों से मुक्त रखने एवं सरकारी कार्यालयों में जनमानस को बेहतर माहौल प्रदान किए जाने के अभियान के तहत कार्यालय उपनिबंधक सदर एवं कार्यालय डीआईओएस का औचक निरीक्षण किया गया।



डीएम ने उप निबंधक कार्यालय का गेट बंद करवाकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां पर मौजूद बाहरी व्यक्तियों से पूछताछ की एवं कार्यालय में आने का उचित कारण ना बता पाने पर 02 बाहरी व्यक्ति विनोद कुमार , विशाल तिवारी कोपुलिस के हवाले कर दिया। उन्होंने उप निबंधक कार्यालय में रजिस्ट्री कराने आए जनमानस से वार्ता की एवं किसी प्रकार का टोकन अथवा पैसा तो नहीं मांगा जा रहा इसकी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कड़े निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की अवैध वसूली पर चाहे वह कर्मचारी हो या बाहरी व्यक्ति हो उसके विरुद्ध कड़ी विधिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सहायक निबंधक को निर्देश दिया कि कार्यालय को बाहरी व्यक्तियों एवं दलालों से मुक्त रखा जाए , कोई भी कर्मचारी बाहरी व्यक्तियों/ दलालों के साथ कोई भी संलिप्तता नहीं रखेगा। रजिस्ट्री के लिए आने वाले लोगों का कार्य नियमानुसार सुगमता एवं सुलभता के किया जाए। जनमानस की सुविधा के लिए स्टांप फीस के बारे में पूरी जानकारी का बैनर आदि लगवाए जाने , साफ सफाई की समुचित व्यवस्था , अभिलेख एवं पत्रावलियों का बेहतर ढंग से रखरखाव का निर्देश दिया। इसके उपरांत डीएम ने डीआईओएस कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया।

इस दौरान उन्होंने उपस्थिति पंजिका का अवलोकन एवं विभिन्न पटलो के कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिया कि कोई भी पत्रावली लंबित न रहे सभी का प्राथमिकता के साथ निस्तारण किया जाना सुनिश्चित किया जाए। कार्यालय परिसर में समुचित साफ सफाई रखे जाने, रंग रोगन कराए जाने, अभिलेख एवं पत्रावलियों के बेहतर रखरखाव का निर्देश दिया। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार,एडीएम न्यायिक प्रमोद कुमार, सीओ सिटी व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# गोद लेकर युवाओं ने बदल दी सरकारी गौशाला की तस्वीर

▸ अगर कोई भी गौवंश बीमार होता है तो उसे तत्काल पशुचिकित्सक की टीम बुलाकर उसका कराया जाता है इलाज

**घाटमपुर,समृद्धि न्यूज।**

सरकारी गौशाला की दुर्दशा किसी से छिपी नही है भूख प्यास से तड़पते घायल गौवंशो की शिकायत आये दिन अधिकारियों के पास आती रहती है इन पर कार्यवाही के नाम पर खाना पूर्ति भी होती है लेकिन कुछ युवाओ ने घाटमपुर कस्बे के हमीरपुर रोड़ स्थित कान्हा गौशाला की अव्यवस्थाओ की शिकायत नही की बल्कि पूरी गौशाला की तस्वीर ही बदल डाली है। युवाओं के द्वारा जनवरी 2024 से निरतंर गौवंशो का सेवा कार्य किया जा रहा है युवाओं का कहना है कि गौसेवा करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। कस्बे के हमीरपुर रोड पर पालिका ने अस्थायी कान्हा गौशाला बना रखी है गौशाला में गौवंशो की देखभाल के लिए पालिका के द्वारा कर्मचारी लगाए गए है लेकिन कस्बे के कुछ युवाओं की एक टोली ऐसी भी है,जो इन गायों के लिए आये दिन भंडारा आयोजित करती है। किसी भी गाय के जन्म देने पर उसे अलग से गुड़,हरी सब्जी दिया जाता है गौशाला में अभी 86 गौवंश है और पूरे गौवंश स्वस्थ है।।

अगर कोई भी गौवंश बीमार होता है तो उसे तत्काल पशुचिकित्सक की टीम बुलाकर उसका इलाज कराया जाता है और। पालिका के अधिशासी अधिकारी महेंद्र कुमार ने बताया कि सप्ताह में करीब 4 से पाँच दिन टोली के युवाओ के द्वारा गौशाला में अलग से भंडारा आयोजित किया जाता है सब्जी व फल मिलने से सभी गौवंश स्वस्थ है सभी सदस्य निश्वार्थ भाव से गाय माता की सेवा करते है।

## खबरें एक नजर में

### गोवंश के किए हरे चारे की हो समुचित व्यवस्था : डीएम



**बलरामपुर।** डीएम पवन अग्रवाल द्वारा नगर पालिका परिषद बलरामपुर द्वारा सिरसिया में संचालित गौ संरक्षण केंद्र का निरीक्षण किया गया। गौ संरक्षण केंद्र पर 86 गोवंश को संरक्षित किया जा रहा हैं। डीएम ने गौ संरक्षण केंद्र पर हरा चारा , पेयजल व्यवस्था, गोवंश को चिकित्सा सुविधा आदि का जायजा लिया तथा विभिन्न रजिस्टर का अवलोकन किया। उन्होंने गौ संरक्षण केंद्र पर साफ सफाई , हरे चारे की समुचित व्यवस्था एवं पशु चिकित्सक द्वारा गोवाशों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण किए जाने का निर्देश दिया इस अवसर पर मुख्य पशुचिकत्सा अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### स्कूली वाहनों के फिटनेस की जांच के लिए कैम्प शिविर 4 को

**बलरामपुर।** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी अरविंद कुमार यादव ने जनसाधारण को अवगत कराया है कि वर्तमान में परिवहन आयुक्त कार्यालय से प्राप्त निर्देशों के क्रम में स्कूली वाहनों एवं यात्री वाहनों की फिटनेस की जॉच हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। फिटनेस समाप्त होने से वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने की संभावना प्रबल हो जाती है। उपरोक्त के दृष्टिगत परिवहन आयुक्त कार्यालय उप्र द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम मे स्कूली वाहनों एवं यात्री वाहनों के फिटनेस की जॉच हेतु कैम्प शिविर का आयोजन कार्यालय सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, बलरामपुर में दिनांक 04 अगस्त 2024 दिन (रविवार) को किया गया है। उक्त हेतु परिवहन कार्यालय सामान्य कार्यदिवसों की भाँति खुला रहेगा। अतः जनपद के यात्री वाहनों के स्वामियों तथा विद्यालय प्रबन्धकों / प्रधानाचार्यों से अनुरोध है कि उक्त शिविर का लाभ उठाते हुए वे अपने यात्री वाहन / विद्यालय में संचालित फिटनेस फेल वाहनों का फिटनेस कराना सुनिश्चित करें। उपरोक्त शिविर कैम्प के अन्तर्गत यात्री वाहन / स्कूली वाहनों की फिटनेस जॉच हेतु आवश्यक स्लॉट की व्यवस्था सुनिश्चित करायी गयी है।

### पति ने पत्नी को धुना, एक दूसरे के खिलाफ लिखायी रिपोर्ट

**कुरारा,हमीरपुर।** माँ के द्वारा अपने बेटे की पिटाई करने पर बीच मे आये पति को भी महिला ने धुन दिया। पतिए पत्नी दोनों ने एक दूसरे के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।।थाना क्षेत्र के कुतुबपुर गांव निवासी जगदीश सविता पुत्र महेश्वरीदीन ने थाने में अपनी पत्नी जानकी देबी के खिलाफ तहरीर देकर बताया है कि दोपहर में मेरा बेटा राज उम्र करीब 13 वर्ष स्कूल से आने के बाद खाना खाने के लिए दाल लेने लगा तो मेरी पत्नी उसे गालियां देने लगी और दाल का भगौना छीन लिया और बेल्ट से उसे पीटना शुरू कर दिया जब मैंने उसे बचाने का प्रयास किया तो उसने मुझे भी पीटना शुरू कर दिया। वही पत्नी जानकी ने तहरीर दी है की मैं अपने लड़के को डांट रही थी तो मेरे पति ने मेरे साथ मारपीट की है। इस संबंध में थाना प्रभारी योगेश तिवारी ने बताया कि पति पत्नी का बच्चे के पीटने का विवाद है। जांच की जा रही है।

# रिपोर्ट रद्द नहीं की तो रिटायर लेखपाल के साथ महिलाएं देगी धरना

▸ लेखपाल सहित महिलाओं ने एसडीएम की चौखट पहुंच कर दर्ज किए गए मामले को खत्म कर अवरुद्ध रास्ता खोले जाने की उठायी मांग

**मौदहा,हमीरपुर समृद्धि न्यूज।**

सेवानिवृत्त लेखपाल पर एफआईआर दर्ज करने के मामले को लेकर सेवानिवृत्ति लेखपाल सहित महिलाओं ने उप जिला अधिकारी को ज्ञापन देते हुए एफआईआर रद्द करने की मांग के साथ रास्ता खोलने की गुहार लगाई है अन्यथा की स्थिति में कल से तहसील मौदहा में धरने की चेतावनी दी है।

मामला कस्बे के वार्ड नंबर 14 निवासी सेवानिवृत्त लेखपाल ने बीती 25 जुलाई को मोहल्ले के कई महिलाओं एवं पुरुषों के साथ रास्ते पर अवैध चबूतरा निर्माण करने के मामले में नगर पालिका कार्यालय का घेराव कर मुख्य मार्ग अवरूद्ध कर दिया था और नारेबाजी की थी जिसके बाद महिला अधिशाषी अधिकारी सीमा तोमर नर जब समझाने का प्रयास किया तो सेवानिवृत्त लेखपाल राम किशोर सोनी ने ईओ से अभद्रता पूर्ण रवैया से बात की थी जिसके बाद अधिशाषी अधिकारी सीमा तोमर ने बीती 30 जुलाई को सेवानिवृत्त लेखपाल राम कुमार सोनी के विरुद्ध अपशब्दों का प्रयोग करते हुए सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने का आरोप लगा कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंप आरोपी सेवानिवृत्त लेखपाल के विरुद्ध मामला दर्ज कराया था।

इसकी जानकारी होते ही शुक्रवार को सुबह लेखपाल सहित तमाम महिलाओं ने उपजिलाधिकारी की चौखट पहुंच कर दर्ज किए गए मामले को खत्म कर अवरुद्ध रास्ता खोले जाने की मांग की है साथ ही चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उनकी मांगे नही मानी गईं तो वह तहसील परिसर में शनिवार से धरना प्रदर्शन करेंगे जिसका जिम्मेदार प्रशासन होगा।

### संदिग्ध परिस्थितियों में अज्ञात का शव बरामद

**बछरावां,रायबरेली।** थाना क्षेत्र अंतर्गत संदिग्ध परिस्थितियों में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच पड़ताल शुरू किया। बछरावां कोतवाली क्षेत्र के एसजेएस स्कूल के सामने का मामला बता दे की बछरावां एसजेएस स्कूल के सामने संदिग्ध परिस्थितियों में शव पड़ा हुआ दिखाई पड़ा। शव मिलने की सूचना फैलते ही आसपास के लोग काफी संख्या में एकत्रित हो गए। लोग सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बॉडी के पास से कीटनाशक दवाइयां बरामद की और मृतक के दाहिने हाथ में अंकित है रेनू यादव का नाम। मौके पर मौजूद लोगों से पुलिस द्वारा बॉडी की पहचान करवाने का भरपूर प्रयास किया गया है।

## सीडीओ के औचक निरीक्षण ने चार अधिकारी व चौदहा कर्मचारी पाये गये गायब

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** आज सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला ने विकास भवन की औचक निरीक्षण किया जिसमे चार अधिकारी व चौदह कर्मचारी गायब पाये गये सभी का अग्रिम आदेशो तक बेतन रोकने की कार्यवाही की गयी है।जानकारी के मुताबिक सीडीओ ने दस बजकर दस मिनट के बाद विकास भवन का निरीक्षण किया जिसमे जिला कृषि अधिकारी डा.हरीशंकर,डीओ पीआरडी सिद्धार्थ,कृषि रक्षा अधिकारी,अपर जिला कृषि अधिकारी गैर हाजिर पाये गये इसी प्रकार चौदह कर्मचारी भी गायब पाये गये हैसभी का वेतन रोकने की संस्तुति कर दी गयी है। बताया जाता है कि विकास भवन से अधिकांश अधिकारी गायब रहतेहै यहा तक कि तीन बजे तक ज्यादातर आफिस खाली हो जाते है। कर्मचारी तो अधिकारी से पहले ही चले जाते है जिससे दूर दराज से आने वाली जनता निराश होकर वापस लौट जाती है। अधिकारियों के न रहने से शासन की छबि खराब हो रही है। हालाकि कई मर्तवा उच्चाधिकारी छापा मारा है मगर कोई सुधार नही हो पा रहा है।

# स्किल बर्थ अटेंडेंट का 21 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

▸ पहले बैच में चार स्टाफ नर्स को दिया जा रहा प्रशिक्षण

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



स्वास्थ्य विभाग एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के द्वारा चार स्टाफ नर्स का स्किल बर्थ अटेंडेंट का 21 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बृहस्पतिवार को जिला महिला चिकित्सालय में शुरू हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. वीरेंद्र सिंह के निर्देशन में हो रहा है।

जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी डीएस अस्थाना ने बताया कि प्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा प्रसव कराने से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी आई है। इसी उद्देश्य के साथ इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को आयोजित किया जा रहा है। इसमें उन अप्रशिक्षित स्टाफ नर्स और एएनएम को प्रशिक्षण दिया जायेगा है जो कि प्रसव कार्य में लगी हुई हैं। एएनएम स्वास्थ्य उप केन्द्रों पर प्रसव कराती हैं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम छह बैच में होगा। इसमें पांच दिन थ्योरी और 16 दिन प्रैक्टिकल कराये जायेंगे। यह इस साल का पहला बैच है। इस बैच में चार स्टाफ नर्स प्रशिक्षण लें रही हैं आगे के बैच में अन्य स्टाफ नर्स और एएनएम को प्रशिक्षित किया जायेगा।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षक डॉ. राजेन्द्र शाक्य, डॉ सुनीता प्रसाद, सरोजिनी तिवारी, हॉस्पिटल मैनेजर मृणालिनी उपाध्याय उत्तर प्रदेश तकनीकी सहयोग इकाई कि समन्वयक डॉ. ट्विंकल मिश्रा और कमलेश कुमार मौजूद रहे।

# शासन के आदेश पर भी सीएमओ ने दोनों लिपिकों को नही किया रिलीव

▸ जुलाई का वेतन न निकालने का आदेश

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

एक सप्ताह पहले शासन से स्थानान्तरित हुये सीएमओ कार्यालय के दो लिपिकों को अभी तक कार्यमुक्त नही किया गया है। जब कि शासन के सख्त आदेश थे कि तुरंत रिलीव कर दिया जाये। जानकारी के मुताबिक शासन ने 28 जुलाई को सीएमओ कार्यालय में कार्यरत वरिष्ठ लिपिक इंद्रपाल यादव को आरएफटीसी कानपुर व महेश सिंह को चित्रकूट के लिये तबादला कर दिया गया था।

तबादला आदेश में स साफ लिखा था कि दोनो को तुरंत रिलीव कर दिया जाये यदि नही रिलीव होते तो इनका जुलाई माह का वेतन यहां से कतई न दिया जाये। यही नही इंद्रपाल यादव के खिलाफ विभाग के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने बीस हजार रुपये धन उगाही करने की शिकायत डीएम से की थी इसके अलावा श्री यादव के खिलाफ और भी कई शिकायते है स्टाफ के लोग लिपिक से बेहद खफा है। मगर सीएमओ ने उन्हे रिलीव नही किया है इसको लेकर तरह तरह की अटकले लगायी जा रही है। सीएमओ डॉ. गीतम सिंह का कहना है कि स्थानांतरण के बाद कार्यालय में कोई लिपिक की पोंस्टिंग नही की गयी है। धन उगाही की जांच भी करा ली गयी है जिसमे कोई आरोप नही साबित हुआ है। इसलिये वह रिलीव नही कर रहे है। इधर सीएमओ का कहना है कि लिपिक महेश सिंह को रिलीव कर दिया गया है। विभागीय कर्मियों का कहना है कि लिपिक इंद्रपाल यादव को क्यो नही रिलीव किया जा रहा है। इसको लेकर तरह तरह कि अटकले लगायी जा रही है।

# परिवार रजिस्टर में फर्जी नाम दर्ज करने पर सचिव निलंबित

▸ परिवार रजिस्टर में कटिंग करके फर्जी ढंग से नाम दर्ज कर रजिस्टर की नकल जारी करने का लगा आरोप

**सुमेरपुर,हमीरपुर समृद्धि न्यूज।**

परिवार रजिस्टर में हेराफेरी करके फर्जी नाम दर्ज कर नकल जारी करने के आरोप में जांच के बाद जिला विकास अधिकारी ने टेढ़ा के ग्राम विकास अधिकारी को निलंबित कर दिया है।

जिला विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव ने ग्राम पंचायत टेढ़ा में तैनाती के दौरान ग्राम विकास अधिकारी रामसेवक द्वारा पंचायत के परिवार रजिस्टर में कटिंग करके फर्जी ढंग से नाम दर्ज कर परिवार रजिस्टर की नकल जारी कर देने पर जांच के बाद निलंबित करके कुरारा विकासखंड में संबद्ध किया है। बताते हैं कि पंचायत सचिव ने जिसे फर्जी ढंग से परिवार रजिस्टर की नकल जारी की है। उसने फर्जी ढंग से वरासत कराकर करोड़ों रुपए की भूमि हड़प ली है। इसकी जांच कराई जा रही है। इस प्रकरण में राजस्व कर्मी भी संलिप्त बताए जा रहे हैं। बताते हैं कि 2022 में पंचायत सचिव ने परिवार रजिस्टर में फर्जीवाडा करके गांव निवासी सतीश श्रीवास्तव की जमीन पर कब्जा कराने का प्रयास किया था। इसकी शिकायत सतीश श्रीवास्तव, मानसिंह यादव, देवीदीन प्रजापति, दीपू तिवारी, शत्रुघ्न तिवारी आदि ने जिलाधिकारी से की थी जांच के बाद मामला सही पाए जाने पर अब कार्यवाही का सिलसिला शुरू हुआ है।

# 10 अगस्त तक बढ़ायी गयी फसल बीमा कराने की तिथि

**बलरामपुर,समृद्धि न्यूज।**

जिला कृषि अधिकारी ने बताया की भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत बीमित किये जाने की तिथि 31 जुलाई से बढाकर 10 अगस्तफसल बीमा योजनान्तर्गत बीमित किये जाने की तिथि 31 जुलाई से बढाकर 10 अगस्त तक, 2024 तक के लिए विस्तारित कर दिया है। वर्तमान खरीफ के अन्तर्गत ऋणी एवम् गैर ऋणी किसान भाई 10 अगस्त, 2024 तक अपनी फसल का बीमा करा सकते है। ऋणी किसान भाई अपने बैंक शाखा से सम्पर्क कर यह सुनिश्चित कर लें कि बैंक शाखा द्वारा उनकी फसल का बीमा किया गया है अथवा नहीं। अगर अब तक फसल बीमा नही किया गया है तो नियमानुसार बीमा करने हेतु बैंक शाखा को सूचित कर दें तथा गैर ऋणी कृषक अपना आधार कार्ड, स्व प्रमाणित फसल बुवाई का घोषणा पत्र, नवीनतम खतौनी की नकल, बैंक पासबुक की छायाप्रति (आईएफएससी कोड सहित) के साथ निकट के कामन सर्विस सेंटर अथवा बैंक शाखा से फसल पर देय प्रीमियम अंश को जमा करते हुए अधिसूचित फसल - धान का बीमा करा सकते है।

# सम्पर्क मार्ग का खड़ंजा उखड़कर गड्ढो में तब्दील



**गैंडास बुजुर्ग,बलरामपुर समृद्धि न्यूज।**

उतरौला डुमरियागंज मुख्य मार्ग से विकासखंड गैड़ास बुजुर्ग के धरमपुर गांव समेत आधा दर्जन से अधिक गांव को जोड़ते हुए सिद्धार्थनगर के बढ़नी चाफा जाने वाले संपर्क मार्ग का खड़ंजा उखड़कर गड्ढों में तब्दील हो गया है।कहीं-कहीं तो काफी दूरी तक खड़ंजे में लगी हुई एक भी ईंट नजर नहीं आ रही है। इस संपर्क मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। इन गड्ढों में कीचड़ व पानी भरा रहता है। जिससे राहगीरों और स्कूली बच्चों को सड़क में गड्ढों का अंदाजा लगा पाना बेहद मुश्किल है। इस मार्ग पर चलना जाम जोखिम में डालना है।

इसी मार्ग पर क्षेत्र का जेबी इंटर कॉलेज स्थित है। जहां काफी संख्या में छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं। कॉलेज जाने वाले बच्चे बच्चियों और राहगीरों को इसी कीचड़ व उबड़-खाबड़ रास्ते से होकर जाना पड़ता है। कई बार तो बच्चों को बाइक से स्कूल ले जाते अभिभावक पानी भरे कीचड़ व गड्ढों में फंसकर गिर जाते हैं। बच्चे अभिभावक व राहगीर गिरकर चोटिल भी हो रहे हैं। शाम ढलते ही इस रास्ते पर सफर करना जान जोखिम में डालना है। सबसे अधिक दुशवारी स्कूली बच्चों को स्कूल तक पहुंचने में होती है। क्योंकि पूरे रास्ते में बड़े-बड़े गड्ढे व गड्ढों में पानी और कीचड़ भरे हुए हैं। ग्रामीण कई बार जन प्रतिनिधियों व अधिकारियों से मिलकर इस सड़क की मरम्मत अथवा नव निर्माण की मांग कर चुके हैं लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। ग्राम वासी मोहम्मद कलीम, बब्बन, वलीउल्लाह, राजू, राज़ीउद्दीन, लालमून ने जिलाधिकारी से इस संपर्क मार्ग को सीसी सड़क अथवा इंटरलॉकिंग कराए जाने की मांग की है।

# सिद्धांत पटेल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई डीसीबी प्रबन्ध कमेटी की बैठक

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक लि प्रबन्धकमेटी की बैठक सिद्धान्त पटेल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

बैठक में बैंक पत्रांक-823/प्रशा./बैठक/2024-25 दिनांक-18-07-2024 को बैंक सचिव द्वारा निर्गत, प्रबन्धकमेटी-बैठक सूचना/एजेंडा में उल्लिखित इक्यावन प्रस्तावित विषयों पर चर्चा उपरांत आवश्यक निर्णय एवं अन्य विषय की तहत दो चल प्रस्तावों का अनुमोदन करते हुए सभी प्रस्ताव सर्वसम्मत से पारित किए गए. !

बैठक के अंत में बैंक की सचिव/मुख्य कार्यपालक अधिकारी की मनमानी व अनियमित कार्यशैली तथा बैंक प्रबंधकमेटी के सदस्यों के प्रति निरंतर अपमानजनक रवैये पर चिंता व्यक्त की गई। बैठक में सिद्धान्त पटेल की साथ-साथ बैंक संचालक/सदस्य गण-ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह, रंजीत कुमार वर्मा, शिवदेवी वर्मा, राजकुमारी वर्मा, सुरेश चन्द्र वर्मा, रामलाल, सुभाषचन्द्र, देशराज , शशि वर्मा एवं रीना वर्मा आदि उपस्थित रहे..बैंक संचालक/सदस्यों की सर्व सहमति से बैठक, पूर्व निर्धारित स्थान से प्रथक स्थल, के.भवन-बाराबंकी में सम्पन्न हुई।

## बीडीओ ने गौशाला का किया निरीक्षण

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** बीडीओ ने गौशाला का स्थलीय निरीक्षण कर गौवंशों को गर्मी और बरसात से बचने के उचित प्रबंधन के साथ साथ हरे चारे का प्रबंध करने के के निर्देश दिये। गौशाला में मौजूद पशुओं की जानकारी लेते हुए सचिव और ग्राम प्रधान को निर्देशित किया कि पशुओं को खाने के लिए हरे चारे , भूसा, चोकर की पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था सुनिश्चित करें। शुक्रवार को अचानक से खण्ड विकास अधिकारी अदिति श्रीवास्तव राजापुर गौशाला पहुची जहां पर उन्होंने गौवंशों के बारे में जानकारी ली तथा आश्रय स्थल में मौजूद पशुओं के पानी टैंक की साफ सफाई करने के निर्देश दिये तथा गौशाला में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होने पाए।इसके अलावा निराश्रित गोवंशों का नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण कराते रहने के निर्देश दिये।बीडीओ ने केयरटेकरों को पशुओ के चारे पानी मे किसी तरह की लापरवाही न करने के निर्देश दिए। गौशाला की साफ सफाई कराने के निर्देश दिए।

# केवीके ने मशरूम की खेती को लेकर किसानों को किया जागरूक

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज**



**केवीके हैदरगढ़** पर ढींगरी मशरूम समेत मशरूम की विभिन्न प्रजातियों की खेती के बारे में किसानों को जागरूक किया गया।

आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय से संबद्ध कृषि विज्ञान केंद्र हैदरगढ़ द्वारा आयोजित प्रशिक्षण शिविर में कृषि वैज्ञानिक डॉ. रिंकी चौहान ने बताया कि बटन मशरूम का प्रचलन होने से अधिक मात्रा में उगाया जा रहा है। लेकिन ढींगरी मशरूम को सुखाकर उसका पाउडर बनाकर कई महीनों तक समोसा, कचौड़ी, कटलेट, नमकीन, बिस्कुट आदि में प्रयोग किया जा सकता है।। उन्होंने बताया कि इसके उत्पादन के अनुकूल तापमान 20 से 30 डिग्री सेल्सियस एवं आद्रता 55 से 70 प्रतिशत होनी चाहिए। इसके लिए रासायनिक विधि से 200 लीटर क्षमता के ड्रम में 90 लीटर पानी भर कर 12 से 14 किग्रा भूसे को गीला कर दिया जाता है। बताया कि नमी की जांच कर 10 प्रतिशत शुष्क बीज को स्पोन पुआल या भूसा में मिला कर छेदयुक्त पॉलीथिन बैग में रखने पर 10 से 15 दिनों में मशरूम निकलना शुरू हो जाता है। केंद्र प्रभारी डॉ. अश्वनी सिंह, डॉ. समीर पांडेय, डॉ. रूपन रघुवंशी ने भी किसानों को मशरूम की खेती के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

# भाकियू ने 13 सूत्रीय मांगों को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



**भारतीय किसान** यूनियन की 13 सूत्रीय मांगों को लेकर किसान नेताओं एवं अधिकारियों के मध्य बैठक हुई । बैठक में सात मुद्दों पर कार्य सोमवार से प्रारंभ होने का आश्वासन दिया गया । वहीं अन्य मुद्दों पर 10 दिन का समय प्रशासन ने मांगा है। शुक्रवार को तहसील सभागार में भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष राम सजीवन वर्मा ब्लाक अध्यक्ष राम प्रताप वर्मा की अगवाई में दर्जनों किसान नेताओं के साथ उपजिलाधिकारी आनंद तिवारी के नेतृत्व में विकास विभाग, लोकनिर्माण विभाग,पूर्ति विभाग, जलनिगम सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक हुई । जिसमें घंटों मंत्रणा के बाद प्रशासन ने किसानों की 13 मांगो में से सात मांगों पर सोमवार से कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिया है ।इसके साथ ही अन्य मांगों पर कार्य करने के लिए 10 दिन का समय मांगा गया है। बैठक में खंड विकास अधिकारी अदिति श्रीवास्तव पूर्ति निरीक्षक अनुज कुमार सिंह तहसीलदार सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

### बहिन की ससुराल पहुंचे युवक से मारपीट कर दी धमकी

**जालौन (उरई)।** बहिन की ससुराल आए युवक के साथ ससुराल के लोगों ने मिलकर गाली, गलौज करते न सिर्फ मारपीट कर दी। बल्कि जान से मारने की धमकी भी दे डाली। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। उरई कोतवाली क्षेत्र के रामनगर निवासी रविकुमार ने पुलिस को बताया कि उसकी बहिन की ससुराल कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चिमनदुबे निवासी हरीबाबू के यहां हैं।

## घरेलू कलह में अधेड़ ने खाया जहर, इलाज के दौरान मौत

**बेलहरा,बाराबंकी।** मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के बिहुरा गांव में घरेलू कलह के चलते एक अधेड़ ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिवारजन उसे जिला अस्पताल ले गए जहां पर उसकी मौत हो गई।पुलिस ने शव पीएम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक़ बिहुरा गांव निवासी रामचंद्र पुत्र सतगुरु ( 48 )ने गुरुवार की रात घरेलू कलह के परेशान होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे आनन-फानन में सामूदायिक स्वस्थ्य केंद्र फतेहपुर ले गए जहां से गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया वहां पहुंचने पर उसकी मौत हो गई। मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# केले के खेत मे संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव



**बेलहरा बाराबंकी।** मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव के बाहर शुक्रवार दोपहर एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में केले के खेत में पड़ा मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुचीं पुलिस ने पहचान करा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के दौलतपुर स्थित विपिन तिवारी के केले के खेत में शुक्रवार दोपहर एक शव पड़ा देखा गया। शव पड़ा होने की खबर फैलते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। मामले की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना उपरांत मौके पर पहुंची पुलिस ने आस-पास के लोगों से शव के पहचान कराने की कोशिश की तो मृतक की शिनाख्त जनपद सीतापुर के महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के बीबीपुर निवासी गुफरान पुत्र रहमान( 34 ) के रूप में हुई। पुलिस ने छानबीन करते हुए मृतक की बाइक पास स्थित चकरोड से बरामद की है। बताया जाता है कि मृतक मंझारा गांव अपनी ससुराल जा रहा था।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी अनिल सिंह ने बताया मृतक शराब का आदी था ज्यादा नशे की वजह मौत हुई है।शव पीएम भेजा गया था,पीएम रिपोर्ट में ही मौत की वजह स्पष्ट होगी।

## खबरें एक नजर में

### स्कूल वैन चालक ने बालिका से किया छेड़छाड़, मुकदमा दर्ज, गिरफ्तार

**जैदपुर बाराबंकी।** थाना क्षेत्र मे प्राइवेट स्कूल वैन चालक पर नाबालिक से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है परिजनो ने थाने में शिकायत की है।पुलिस ने वाहन सहित चालिक को हिरासत मे लिया गया है।जांच पड़ताल जारी है।बताते चले कि जिले के ज़ैदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बाबा जगजीवन दास स्कूल मे पढ़ने वाली छात्रा के साथ स्कूल वैन के चालक द्वारा छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है।जिसको लेकर परिजनो ने थाने में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसकी 11 वर्षीय भतीजी बीते दिन स्कूल में पढ़ने गई थी।जहां से स्कूल वाहन चालक द्वारा उसे घर ले जाते वक्त घर पर न उतार कर दूसरे गांव लेकर चला गया।और सारे बच्चों को उतार कर उसे आगे बैठा लिया और गाड़ी दूसरे रास्ते से घुमाने लेकर चला गया। जहां पर उसके साथ छेड़छाड़ की गई।उन्होने बताया कि उसकी भतीजी ने रोते हुए घटना के बारे में यह जानकारी अपनी चाची को दिया था।इसके संबंध में आज थाने में शिकायती पत्र देते हुए कार्यवाही करने की मांग उठाई गई है।वही अन्य अभिभावको मे भी आक्रोश नजर आया है। जैदपुर पुलिस द्वारा यूपी 42 एजे 0518 के चालक को गिरफ्तार कर वैन को भी कब्जे मे लिया गया है।जांच पड़ताल जारी है।वही स्कूल के एक चहेते के संरक्षक में तमाम वैन एलपीजी गैस से चलाकर किसी अनहोनी का इंतजार किया जा रहा है फिर स्कूल के जिम्मेदार मौन? है। इस संबंध मे कस्बा इंचार्ज रनवीर सिंह ने बताया कि आरोपी के मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

### एसपी के निर्देश पर बाइक में टक्कर मारने वाले के विरुद्ध दर्ज हुआ मुकदमा

**जैदपुर बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक के आदेश? पर जैदपुर पुलिस ने दर्ज किया मोटर साइकिल में टक्कर मारने वाले आरोपी के विरुद्ध मुकदमा। जांच पड़ताल जारी। जानकारी के अनुसार ग्राम महदूदपुर निवासी थाना जैदपुर वकील लवहर कुमार वर्मा ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत हुये बताया कि प्रार्थी अपने छोटे भाई कुशहर वर्मा के साथ 15/7/2024 को सुबह नौ बजे रोज की तरह कचेहरी बाराबंकी अपनी मोटर साइकिल यूपी 41 एडी 0371 जा रहा था। जिसमें गांव के ही अरविंद्र उर्फ़ अकेला पुत्र राजेंद्र प्रसाद ने जानबूझकर जोरदार टक्कर मारी जिससे छोटा भाई गिरकर चोटिल हो गया।और मोटरसाइकिल में टूट फूट गयी।जबकि इस बात का विरोध किया गया तो विपक्षी तैश में आकर मारपीट पर उतारू हो गया।और गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी देने लगा। जिसकी शिकायत पीड़ित ने घटना वाले दिन थाना जैदपुर में की परन्तु कोई कार्यवाही न होने से निराश होकर पुलिस अधीक्षक बाराबंकी से न्याय की गुहार लगायी मामले को संज्ञान में लेते हुये पुलिस अधीक्षक के आदेश पर जैदपुर द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है।

### रिश्वत लेने का वायरल वीडियो का एसडीएम ने लिया संज्ञान, लेखपाल निलंबित

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** लेखपाल द्वारा रिश्वत लेने सम्बंधित वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए उपजिलाधिकारी ने शुक्रवार को संबंधित लेखपाल को निलंबित कर दिया। उल्लेखनीय है कि तहसील हैदरगढ़ के पड़रांवा ग्राम पंचायत में तैनात लेखपाल अजय नरायन वर्मा का घूस लेते हुए एक वीडियो गुरुवार की देर शाम सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वायरल वीडियो में आरोप लगा है कि लेखपाल ने पड़रांवा गांव निवासी लालचंद से भूमि की पैमाइश के नाम पर घूस ले ली फिर भी पीड़ित की भूमि की पैमाइश नहीं हुई। समस्या से परेशान होकर किसान ने वीडियो वायरल कर दिया।वायरल वीडियो को संज्ञान में लेकर एसडीएम मो0 शम्स तबरेज खां ने लेखपाल अजय नरायन को निलंबित कर दिया।एसडीएम ने बताया कि निलंबित लेखपाल को तहसील में अटैच कर पूरे प्रकरण की गहनता से जांच की जा रही है।

### उरई कोतवाली की हवालात से भागे दोनों शातिर चोर गिरफ्तार

**उरई (जालौन)।** उरई कोतवाली की हवालात से संतरी को धक्का देकर भाग जाने में सफल रहे दोनों शातिर चोरों को पुलिस टीमों ने 12 घंटे के अंदर ही गिरफ्तार करने में सफल रही। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय मंशापूर्ण हनुमान मंदिर का दरवाजा तोड़कर दानपत्र से रुपयों की चोरी के साथ ही मंदिर में टंगे घंटे भी चोरी हो गये थे। उक्त मामले में पुलिस ने बच्चन रजक पुत्र रमेश रजक, छोटू उर्फ काली पुत्र रामदास रजक निवासीगण मोहल्ला लहरिया पुरवा उरई व धर्मेन्द्र खंगार पुत्र श्याम सिंह निवासी सुशील नगर को पकड़कर उनके कब्जे से 5800 रुपए व चार पीतल के घंटे सहित चोरी में करने के उपकरण बरामद कर उरई कोतवाली की हवालात में दाखिल किया गया था। 1 अगस्त की प्रातः बंद अभियुक्तगणों में से एक अभियुक्त संतरी पहरा को बताया कि मुझे तेज बुखार है जिससे मुझे सर्दी के साथ घवराहट हो रही है मेरा उपचार कराओ तभी संतरी पहरा ने हवालात का गेट खोला तो बच्चन रजक व छोटू उर्फ काली संतरी को धक्का मारकर हवालात से भाग जाने में सफल हो गये थे। उक्त घटना के संबंध में एसपी डा. दुर्गेश कुमार ने दोनों शातिर चोरों को पकड़ने के लिये पुलिस की तीन टीमों का गठन किया था। तीनों पुलिस टीमों ने आपसी सामंजस्य बनाकर 12 घंटे के अंदर ही छोटू उर्फ काली व बच्चन रजक को पकड़कर कोतवाली ले आने में सफल रही।

# कई गांव के किसान पानी के लिए बेहाल, सूख रही धान की फसल

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़**

**शारदा** सहायक खंड 28 के तहत आने वाली लगभग 10 किलोमीटर लंबी शिवनाम रजवाहा में टेल की ओर पानी न आने से दर्जनों गांव के किसानों को सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। आक्रोशित किसानों ने आज नेवाजगंज गांव के पास रजवाहा के किनारे एकत्र होकर धरना प्रदर्शन किया और सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराए जाने की मांग की। विकासखंड त्रिवेदीगंज के तहत आने वाली इस नहर से अचाकापुर, देवीपुर, शिवनाम, अयोध्यागंज, साहेबगंज, रामगंज, बेनीगंज, नेवाजगंज, भवानीगंज, रामीपुर, जरौली ग्राम के हजारों किसानों के खेतों को सिंचाई सुविधा मिलती हैं। यह रजवाहा नहर समिति द्वारा सरकारी अधिकारियों की देखरेख में संचालित होती है।इन गांवों के ग्रामीणों का आरोप है कि समिति के अध्यक्ष सहित कोई भी पदाधिकारी या अधिकारी कभी भी नहर देखने तक नहीं आता हैं। जिससे हम लोगों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिलता है। हमारी फसल सूख रही है एकत्र ग्रामीणों ने बताया कि अवर अभियंता रामनारायण श्रीवास्तव से सुबह10 बजे से अब तक कई बार बात की गई तो उन्होने हर बार पहुँचने का आश्वासन दिया लेकिन पहुंचे नहीं, जिससे लोगों में काफी आक्रोश है । नेवाजगंज निवासी शिवम वर्मा पुत्र मैकूलाल ने बताया कि समिति के अध्यक्ष कभी यह देखने भी नहीं आए हैं कि किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिल भी रहा है या नहीं। जिससे हम लोग सिंचाई के लिए भटक रहे हैं । यहां पर मौजूद भाजपा मीडिया प्रभारी युवा मोर्चा सुनील रावत ने बताया कि इस संबंध में भाजपा के विधायक दिनेश रावत से बात हुई हैं। उन्होंने आश्वासन दिया है कि इस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए ग्रामीणों की सूख रहीं धान की फसल को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जायेगा।

# दोषियों के विरूद्ध होगी कठोर कार्रवाई: अनीता अग्रवाल

▸ राज्य बाल संरक्षण आयोग सदस्य ने जिला महिला चिकित्सालय में पीड़िता से की मुलाकात

**अयोध्या। समृद्धि न्यूज**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर शुक्रवार को अयोध्या पहुंचीं उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य श्रीमती अनीता अग्रवाल ने जिला महिला अस्पताल में दुष्कर्म पीड़िता बालिका से मुलाकात कर उसका हाल जाना तथा उसके परिजनों से विशेष मुलाकात करके उनको पूर्ण न्याय दिलाने का आश्वासन दिया।उन्होंने कहा कि जिले के भदरसा क्षेत्र में निषाद परिवार की बारह वर्षीय बालिका के साथ जो दरिंदगी की गई है,वह बेहद निंदनीय घटना है। उन्होंने बताया कि परिजनों द्वारा बताया गया कि बच्ची खेतों में काम करने जाती थी।बहला फुसला कर उसके साथ हैवानियत की गई।दरिंदों को कड़ी से कड़ी सजा मिले।जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा आस्वस्त किया गया है कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो रही है।सदस्य श्रीमती अग्रवाल ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि सर्वप्रथम पीड़िता को जनरल वार्ड से प्राइवेट वार्ड में शिफ्ट किया जाए तथा किसी भी अंजान व्यक्ति को उससे मिलने न दिया जाए।उन्होंने जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से कहा कि पीड़िता की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए जिला चिकित्सालय एवं उसके आवास पर सुरक्षा के कडे इंतजाम किए जाएं।उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देश दिया कि बच्ची का बैंक में खाता खोलकर उसको शासन द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलवाया जाए।सदस्य श्रीमती अग्रवाल ने इस संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों से मुलाकात करके स्थिति की अधिकारियों के साथ समीक्षा की गई और कहा कि यह बहुत ही शर्मनाक घटना है जिसका मुख्यमंत्री द्वारा स्वयं संज्ञान लेते हुए पीड़िता की मां को मुलाकात करने के लिए बुलाया गया है तथा जांच करने के लिए मुझे तत्काल यहां भेजा गया है।

**बैठक** | सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण (आरटीए) की बैठक संम्पन्न

# नियम तोड़ने वालों परमिट धारकों पर कार्रवाई,37 परमिट निलम्बित,16 स्टेज कैरिज बस परमिट जारी

**अयोध्या। समृद्धि न्यूज**




**सम्भागीय परिवहन** प्राधिकरण की बैठक शुक्रवार को मंडलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में आयुक्त सभागार में सम्पन्न हुई।बैठक में जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह,सदस्य,सुरेन्द्र कुमार,उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र),लखनऊ/सदस्य सुश्री ऋतु सिंह,सचिव सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण/सम्भागीय परिवहन अधिकारी तथा विभिन्न प्रकरणों व आवेदनों से सम्बन्धित ऑपरेटर/वाहन स्वामी उपस्थित रहे।बैठक में सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण की गत 15 दिसंबर की बैठक में लिये गये निर्णयों की अनुपालन आख्या का अवलोकन किया गया।बैठक के दौरान मोटर गाड़ी अधिनियम 1988 की धारा 72 के अन्तर्गत मंजिली गाड़ी के स्थायी परमिट स्वीकृत करने के सम्बन्ध में वाहन स्वामियों द्वारा 16 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। निर्णय लिया गया कि जनता को सुलभ आवागमन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उन सभी 16 आवेदनों को जो जनपद अयोध्या,सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर,अमेठी व बाराबंकी के रूट के थे,को इस शर्त के साथ स्वीकार किया गया कि स्टेज कैरिज परमिट जारी करने से पूर्व कर,फिटनेस व चालान आदि की देयता न रहे।

मोटर गाड़ी अधिनियम 1988 की धारा 81 के अन्तर्गत ठेका वाहन परमिट (टेम्पो टैक्सी) के नवीनीकरण हेतु चार आवेदन प्राप्त हुए।उपस्थित आवेदक को भी सुना गया।इस शर्त के साथ स्वीकार किया गया कि परमिट नवीनीकरण करने से पूर्व जारी करने से पूर्व कर,फिटनेस व चालान की देयता न रहे।उत्तर प्रदेश मोटरयान नियमावली 1998 के नियम-124 के अन्तर्गत सार्वजनिक सेवायानों द्वारा यात्रा करने के लिए टिकटों की बिक्री के लिये अभिकर्ताओं का अनुज्ञापन हेतु चार आवेदन पत्र प्राप्त हुआ जिसको प्राधिकरण द्वारा निर्धारित नियमानुसार औपचारिकताएं पूर्ण होने की शर्त पर स्वीकृत किया गया।कैरिज बाई रोड एक्ट 2007 एवं कैरिज बाई रोड एक्ट नियमावली 2011 के नियम तीन के अन्तर्गत कॉमन कैरियर के अनुज्ञा पत्र जारी हेतु एक आवेदन प्राप्त हुआ जिसे प्राधिकरण द्वारा निर्धारित नियमानुसार औपचारिकताएँ पूर्ण होने की शर्त पर स्वीकृत किया गया।कैरिज बाई रोड एक्ट 2007 एवं कैरिज बाई रोड एक्ट नियमावली 2011 के नियम तीन के अन्तर्गत कॉमन कैरियर के नवीनीकरण अनुज्ञा पत्र विलम्ब होने के कारण नोटिस भेजने के उपरान्त एक आवेदन प्राप्त हुआ जिस पर प्राधिकरण द्वारा जुर्माना आरोपित करते हुए सशर्त स्वीकृत किया गया।मोटर गाड़ी अधिनियम 1988 की धारा-88 के अधीन 37 प्रकरणों को प्राधिकरण के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया गया जिसमें निर्णय लिया गया कि ओवरलोडिंग/परमिट शर्तो के उल्लंघन आदि नियमों को तोड़ने वालों को चालान भुगतने व सहमत शुल्क जमा करने हेतु नोटिसें दिए जाने के बावजूद जुर्माना नहीं जमा किया गया।इसलिए ऐसे सभी 37 प्रकरण जो प्रदेश के विभिन्न जिलों के सम्बन्धित चालानिंग एथॉरिटी की संस्तुति सहित सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण, को प्राप्त हुए,प्राधिकरण द्वारा निलम्बित किया एवं निलम्बन अवधि पूर्ण होने पर भी यदि जुर्माना/शुल्क नहीं जमा किया गया तो परमिट निरस्तीकरण की कार्यवाही प्राधिकरण द्वारा की जायेगी।बैठक के अन्त में सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण सचिव सुश्री सिंह द्वारा सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### आरटीओ आफिस परिसर में किया गया वृक्षारोपण

अयोध्या। शुक्रवार को अयोध्या विकास प्राधिकरण की ओर से संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय के आसपास सीसी रोड के किनारे वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अश्विनी कुमार पाण्डेय, आरटीओ (प्रशासन) सुश्री ऋतु सिंह,एआरटीओ प्रशासन डॉ आर.पी.सिंह,आर.आई वेद सिंह,वित्त एवं लेखा अधिकारी, वरिष्ठ सहायक सरवर जावेद तथा कार्यालय के अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों के अलावा मौजूद रहे लोगों द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया।

### आम रास्ते का दबंग द्वारा पानी रोकने से हो रहा जलभराव

जालौन (उरई)। आम रास्ते पर गांव के ही व्यक्ति द्वारा पानी रोकने से जलभराव हो रहा है। इसके अलावा आम रास्ते पर सीढ़ियां बनाने की शिकायत ग्रामीण ने एसडीएम से की है।

## सूचना

मैंने अपने मझले पुत्र संजीव कुमार उर्फ दीपू के गलत चाल-चलन के चलते अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी प्रकार के संबंध विच्छेद कर लिये है। उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**महेश चन्द्र पुत्र वृदावन निवासी महरुपुर वीजल थाना जहानगंज, फर्रुखाबाद।**

# निर्माण कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं जाएंगी: ओपी राजभर

- मंत्री ने निर्माणाधीन भवन पर चल रहे कार्यों की गुणवत्ता को परखा, गुणवत्ता संतोषजनक न पाये जाने पर लगाई फटकार
- डीपीआरओ को समय-समय पर निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण करने के दिए निर्देश




प्रशिक्षण संस्थान अनौगी का निरीक्षण करते मंत्री ओपी राजभर व गोद भराई कार्यक्रम में शामिल समृद्धि न्यूज

**कन्नौज/ जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़**

**मंत्री पंचायतीराज** तथा अल्पसंख्यक कल्याण मुस्लिम वक्फ एवं हज विभाग ओम प्रकाश राजभर ने निर्माणाधीन पंचायत प्रशिक्षण संस्थान अनौगी, ब्लॉक कन्नौज के ग्राम पंचायत उदैतापुर में ठोस सरल अवशिष्ट प्रबंधन केन्द्र का निरीक्षण किया। मंत्री ने निर्माणाधीन पंचायत प्रशिक्षण, संस्थान अनौगी का निरीक्षण करते हुए कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता में कमी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। निर्माण कार्य को इस्टीमेट के साथ ही निर्मित किया जाये। उन्होनें निर्माणाधीन भवन पर चल रहे कार्यो की गुणवत्ता को परखा जिसमें गुणवत्ता संतोषजनक न पाये जाने पर कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार लापरवाही न बरती जाएं। निर्माणाधीन भवन के निर्माण में विद्युत उपकरण, टाइल्स, सीलिंग आदि की भी गुणवत्ता सही न पाये जाने पर संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि मानक व गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने दिया जाये। जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि समय-समय पर निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण कर यथा स्थिति से अवगत कराये। ग्रामपंचायत उदैतापुर में ठोस एवं तरल अवशिष्ट प्रबंधन केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने कहा कि ठोस और तरल अपशिष्ट का निस्तारण अब हर गांव में होगा। हर घर में ही रिसाइकिल किए जाने योग्य एवं रिसाइकिल नहीं किए जाने वाले कचरे को अलग-अलग किया जाएगा। इसके बाद इस कचरे से खाद बनाया जाएगा और प्लास्टिक, पानी, कांच और लोहे को एकत्र कर अभी तक लगभग 15000 की बिक्री की गयी है। कचरे का निस्तारण एक बड़ी चुनौती है। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकारें बड़े पैमानें पर अभियान चला रही हैं। अभी तक यह अभियान शहर क्षेत्रों में चल रहा था, लेकिन अब गांवों में हर घर में अभियान चलेगा। मंत्री ने प्राथमिक विद्यालय नरायनपूर्वा में चौपाल के दौरान बाल विकास पुष्टाहार के अंर्तगत लक्ष्मी, दीक्षा व पंकी की गोद भराई की तथा 07 माह के कुश को अन्न प्राशन कराया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से अवगत कराया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एंव अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# मंत्री ओपी राजभर ने सर्किट हाउस में की बैठक, दिए निर्देश



बैठक में निर्देश देते मंत्री ओम प्रकाश राजभर

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़**

**प्रदेश के** पंचायतीराज तथा अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज विभाग मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने सर्किट हाउस में आयोजित बैठक के दौरान कहा कि सभी टीम भावना के साथ कार्य करें। हम तीन बार मौका देते है उसके बाद मौका नही। कहा कि सरकार के पास धन अपार है कार्य करने की इच्छा शक्ति बढ़ाए। ठेकेदार अगर समय से कार्य नहीं पूर्ण करता है तो उसे आगे का कार्य न दिया जाएं। उन्होनें यह भी कहा कि अधिकारी मीटिंग में जाए तो जिले की समस्या जरूर रखें।

मंत्री ने निर्माणाधीन अन्त्येष्टि स्थल के कार्यो की समीक्षा करते हुये कहा कि अत्येष्टि स्थल वही पर बनाया जाए जहा पर ज्यादा अंत्येष्टि हो। कहा कि 10 से 12 गांव को मिलाकर एक स्थान चिन्हित कर एक अत्येष्टि स्थल बनाए तो ज्यादा बेहतर होगा। कहा कि शो-पीस नही उपयोगिता के लिये होनी चाहिए अत्येष्टि स्थल। उन्होनें कहा कि अंट्रेण्ड कम्प्यूटर सहायकों का प्रशिक्षण कराया जाये। जानकारी की तो पाया कि जनपद में 56 अंट्रेण्ड पंचायत सहायक कार्यरत है, जिनका प्रशिक्षण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पंचायत से संबंधित जिन अधिकारियों के पास वाहन नही है। उन्हें वाहन भत्ता दिलाने का प्रयास किया जायेगा। कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत जनपद में अच्छा कार्य हुआ है। कहा कि 352 मॉडल गांव घोषित कर दिये गये है। शेष का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कर लिया जाये। उन्होनें कहा कि जनपद में स्थाई मान्यता प्राप्त संचालित मदरसों की संख्या 128 तथा अस्थाई मान्यता प्राप्त मदरसों की संख्या 31 एवं राज्यानुदानित मदरसों की संख्या 13 तथा गैर मान्यता प्राप्त मदरसों की संख्या 21 है। कहा कि हम चाहते है कि यूपी बोर्ड एंव सीबीएसई बोर्ड की तरह मदरसा बोर्ड भी चले, उनके कानून में संशोधन हो, यूपी बोर्ड एंव सीबीएसई बोर्ड के लिये युनिवर्सिटी खुली है तो मदरसा बोर्ड के लिये भी युनिवर्सिटी खुले। ऐसा बेहतर करने का प्रयास किया जायेगा। उन्होनें कहा कि छात्रवृत्ति की डिमांड समय से भेजी जाए।

बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष, मुख्य विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी आदि संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# खबरें चलते-चलते

## किशोरी से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**तिर्वा।** ठठिया थाना क्षेत्र के एक गांव में हैण्डपम्प से पानी भरने गई किशोरी के साथ बुधवार को एक युवक ने सूनसान घर में उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया था। ठठिया पुलिस ने गुरूवार की रात मामले में आरोपी युवक के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया। शुक्रवार की सुबह उसको परफ्यूम पार्क की निकट से गिरफ्तार कर लिया। विदित हो कि बुधवार की दोपहर एक 16 बर्षीय किशोरी अपने घर से कुछ दूरी पर लगे एक सरकारी हैण्डपम्प से पानी भरने गई थी। इसी दौरान बारिश शुरू हो जाने के कारण वह निकट स्थित एक सूनसान घर के बरामदे में खड़ी होकर पानी रूकने का इंतजार करने लगी। इसी दौरान एक युवक ने जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया। किशोरी के शोर मचाने पर युवक भाग निकाला। किशोरी ने वापस घर आकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। गुरूवार की देर शाम किशोरी के पिता की तहरीर पर ठठिया थाना क्षेत्र के सत्तार गांव निवासी शिवम पुत्र नरेश के खिलाफ ठठिया पुलिस ने दुष्कर्म व पॉस्को एक्ट में मुकदमा दर्ज किया। ठठिया थानाध्यक्ष अरूण कुमार चैधरी ने बताया कि मुकदमा दर्ज करने के बाद आरोपी युवक की तलाश में पुलिस जुट गई थी। शुक्रवार की सुबह परफ्यूम पार्क के निकट से गिरफ्तार कर लिया गया। उस दौरान युवक भागने की फिराक में था। पुलिस ने उसको न्यायालय में पेश किया। वहां से उसको जेल भेज दिया गया।

## दो दिनों से लापता है ग्रामीण

**तिर्वा।** इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के सत्तीपुर गांव निवासी राजेश कुमार पुत्र श्याम लाल ने थाना पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसका 50 बर्षीय भाई राजेन्द्र कुमार पिछले दो दिनों से लापता है। काफी खोजबीन के बाद उसका पता नहीं चला है। वह कैंसर से पीड़ित भी है।

## 100 सैया संयुक्त चिकित्सालय में अब व्यवस्थाओं का बोलबाला

**छिबरामऊ कन्नौज।** 100 सैया संयुक्त चिकित्सालय में अब व्यवस्थाओं का बोलबाला चिकित्सालय में उपचार के लिए पहुंचे मरीज को प्राइवेट में रेफर करने की की जाती है कोशिश। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अधिकारियों को 10.00 बजे से 12.00 तक आम जनता से मिलने का समय निश्चित किया गया है लेकिन 100 सैया संयुक्त चिकित्सालय में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक 11.30 तक अपने ऑफिस में नहीं पहुंचे मरीज के आगे पीछे ग्रामीण प्राइवेट अस्पताल में ले जाने के लिए प्रयासरत रहते हैं 100 सैय संयुक्त चिकित्सालय के एक चिकित्सक द्वारा इस रोड पर छिबरामऊ की तरफ स्वयं का अस्पताल खोल लिया गया है जिसमें सरकारी कर्मचारी के साथ-साथ सभी सरकारी चिकित्सक प्राइवेट रूप से उपचार करते हैं कल देर रात्रि एक महिला न्यू लाइफ हेल्थ केयर 100 सैया रोड स्थित अस्पताल में उपचार के लिए पहुंची चिकित्सा द्वारा ब्लड की जांच कराई गई जहां उपचार के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया ग्रामीणों ने हो हल्ला मचाए।

## चोरों ने मंदिर का ताला तोड़कर दान पात्र से पैसे किये पार

**छिबरामऊ सौरिख कन्नौज।** इलाके के एक गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने मंदिर के गेट का ताला तोड़कर उसमें रखा दान पात्र का लॉक तोड़कर उसमें रखे रुपए चोरी कर लिए सुबह भक्त जब मंदिर पहुंचे दंग रह गए जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी। क्षेत्र के गांव कठिगरा निवासी राजेंद्र सिंह पुत्र नाथू सिंह ने थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया मेरे गांव में स्थित शिव मंदिर बना हुआ है जिसमें गुरुवार की बीती रात अज्ञात चोरों ने मंदिर के गेट का ताला तोड़कर उसमें रखा दान पात्र का ताला तोड़कर रुपए चोरी कर लिये सुबह होने पर जब भक्त पूजा करने पहुंचे तो यह देख दंग रह गए जिसकी सूचना ग्रामीणों को दी मौके पर पहुंचे लोगों का जमावड़ा लग गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल प्रारंभ कर दी वही गांव के लोगों का कहना है मंदिर में सैकड़ो की संख्या में भक्ति पूजा करने आते जाते हैं लगभग 2016 के बाद से उसमें रखा दान पात्र नहीं खोला गया था लेकिन आज रात अज्ञात चोरों ने दान पात्र चोरी कर लिया जिससे उसमें लगभग 80 हजार रुपए पार कर दिए।

# एडीएम के निरीक्षण में काम करता मिला प्राईवेट कर्मचारी

- पूर्ति निरीक्षक कार्यालय के औचक निरीक्षण में हुआ खुलासा
- एसडीएम को निर्देश देकर तत्काल हटाने का कहा

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**

**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ के कड़े तेवरों के चलते जिला प्रशासन के अफसरों ने तेजी पकड़ ली है। अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार ने तिर्वा तहसील का औचक निरीक्षण कर पूर्ति विभाग में एक प्राइवेट कर्मचारी को काम करते पकड़ा। इसपर उन्होने कड़ी हिदायत देकर तत्काल उसे हटाने के निर्देश दिए। भविष्य में किसी प्राइवेट कर्मचारी से काम न लेने की हिदायत दी। एडीएम आशीष कुमार दोपहर के करीब तिर्वा तहसील पहुंचे। यहां उन्होने तहसील के सभी पटलों का निरीक्षण किया। अभिलेखों के रख-रखाव के साथ ही तहसील दिवस के लंबित मामलों को देखा। कुछ ग्रामीणों से उन्होने वार्ता करके तहसील के काम काज की जानकारियां ली। बाद में वह पूर्ति निरीक्षक कार्यालय पहुंचे। यहां उन्हे एक प्राइवेट कर्मचारी दफ्तर में काम करते दिखा। जब उसके बारे में पूछताछ की गई, तो पता चला कि वह प्राईवेट कर्मी है। उसे किसने रखा किसी ने कोई जबाव नहीं दिया। इसपर एडीएम ने एसडीएम अशोक कुमार को निर्देश देकर तत्काल उसे हटाने को कहा। उन्होने एसडीएम व तहसीलदार को निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा है कि तहसील में आने वाले फरियादियों की शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया जाए। किसी फरियादी को बेवजह परेशान न किया जाए। विरासत संबंधी मामले गुणवत्ता के आधार पर तत्काल निस्तारित करें। तहसील दिवस में आने वाली शिकायतों का सही निस्तारण हो। निस्तारण की जानकारी फरियादी को भी दे। जिससे वह बार बार चक्कर न लगाए। निरीक्षण के बाद एडीएम ने मीडिया को बताया कि निरीक्षण में कोई विशेष खामी नहीं मिली है। शासन के निर्देश है कि तहसील, ब्लाक व थानों में आने वाले फरियादियों व उनकी शिकायतों का समय से निस्तारण हो। जिला स्तरीय अधिकारी निस्तारण पर निगाह रखें। इसी क्रम में यह निरीक्षण किया गया।



तिर्वा तहसील में ग्रामीणों से जानकारी लेते एडीएम अशीष कुमार

# एडीएम ने सदर व तिर्वा तहसील का किया औचक निरीक्षण



तहसील का निरीक्षण करते अपर जिलाधिकारी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़**

**सरकार** की मंशानुरूप तहसील के समस्त कार्य समय से होने चाहिए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाह अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय किए जाएगी। यह बात अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह ने तहसील सदर एवं तहसील तिर्वा के औचक निरीक्षण दौरान कही। इस मौके पर उन्होंने तहसील सदर एवं तहसील तिर्वा के कक्ष/ पटलवार निरीक्षण किया। उन्होंने शख्त निर्देश देते हुए कहा कि तहसील में बिचौलिय/ दलाल नहीं दिखने चाहिए। तहसील को स्वच्छ एवं साफ सुथरा रखा जाये। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अच्छे माहौल में कार्य करें। अपर जिलाधिकारी के पूर्ति निरीक्षक कार्यालय तिर्वा के निरीक्षण दौरान एक प्राइवेट व्यक्ति कार्य करता हुआ पाया गया। जिसपर उन्होंने चेतावनी देते हुए हटाने के निर्देश दिए।

## चोरी के मुकदमे में वांछित चल रहे दो आरोपियों को पुलिस ने दबोचा

**छिबरामऊ सौरिख कन्नौज।** आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर चोरी के मुकदमे में वांछित चल रहे दो आरोपियों को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबोच लिया और कार्रवाई करते हुए दोनों को जेल भेज दिया। क्षेत्र से निकले आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर सुरक्षा अधिकारी मनोहर सिंह ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया था की दो व्यक्ति नाम पता अज्ञात छोटा हाथी से चोरी करने के लिए पहुंचे और आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर लगे एंगल ब जाली को काटकर छोटा हाथी में रखकर ले जा रहे थे तब तक हम सभी कर्मी मौके पर पहुंच गए हमको आता देख उक्त दोनों युवक छोटा हाथी को मौके पर छोड़कर फरार हो गए पुलिस ने ने सीसीटीवी फुटेज देखकर चोरों को पहचानने की कोशिश की गुरुवार 1 अगस्त को मुखबिर की सूचना पर आकाश बाबू पुत्र छोटेलाल निवासी तरिंद्र थाना सौरिख निशांत शर्मा पुत्र राजवीर निवासी सुगाव थाना एलाऊ जनपद मैनपुरी को पकड़ लिया।

# स्तनपान: शिशु के लिए स्वास्थ्यवर्धक व जीवन रक्षक: डॉ. चंद्रकला

- शिशु को पहले छह महीने तक केवल स्तनपान पर ही निर्भर रखवें

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़**

**कृषि विज्ञान** केंद्र अनौगी द्वारा विश्व स्तनपान सप्ताह ( 1 से 7 अगस्त ) के अवसर पर क्षेत्र के ग्राम जमला में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को स्तनपान के प्रति जागरूक करना। केंद्र की वैज्ञानिक डॉ चंद्रकला यादव ने बताया कि माँ का दूध केवल पोषण ही नहीं, जीवन की धारा है। इससे मां और बच्चे के स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। शिशु को पहले छह महीने तक केवल स्तनपान पर ही निर्भर रखना चाहिए। स्तनपान शिशु के लिए अति आवश्यक है यह शिशु के संरक्षण और संवर्धन का काम करता है। नवजात शिशु में रोग प्रतिरोधात्मक शक्ति नहीं होती उसे यह शक्ति माँ के दूध से प्राप्त होती है।माँ के दूध में लेक्टोफोर्मिन नामक तत्व होता है। जो बच्चे की आंत में लौह तत्त्व को बांध लेता है और लौह तत्त्व के अभाव में शिशु की आंत में रोगाणु पनप नहीं पाते। उन्होंने बताया कि वातावरण से रोगाणु माँ के आँत में पहुँचते है तो माँ के अंदर उन रोगाणुओं के ख़िलाफ़ रोगप्रतिरोधक तत्व बनते हैं जो विशेष नलिका थोरासिक डक्ट से सीधे माँ के स्तन तक पहुंचते हैं और दूध से बच्चे के पेट में। इस तरह बच्चा माँ का दूध पीकर सदा स्वस्थ रहता है। डॉ यादव ने बताया कि स्तनपान से बच्चों में श्वसन तंत्र के संक्रमण और दस्त के जोखिम को कम किया जा सकता है।



कार्यक्रम में महिलाओं को जागरूक करती महिला वैज्ञानिक डॉ चंद्रकला

# डीएम की अध्यक्षता में गांधी सभागार में बैठक आयोजित

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़**



बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी समृद्धि न्यूज

**जिलाधिकारी शुभ्रान्त** कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जले हुए गांव के भू-अभिलेख बनाने, सर्वेक्षण एवं अभिलेखीय प्रक्रिया और यू-विन पोर्टल की प्रगति के संबंध में बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि गाँवो के सर्वेक्षण एवं अभिलेख प्रक्रिया के सर्वे का कार्य विगत कई वर्षो से चला आ रहा है। सर्वेक्षण कार्य में तेजी लानी होगी। कहा कि ग्राम महाबलीपुरम और ताजपुर नौकास्त में धारा-48 के अन्तर्गत सर्वेक्षण कार्य कम्पलीट हो गया है। नोटीफिकेशन हेतु शासन को भेज दिया गया है। इसी क्रम में जलालपुर अमरा, चॉदपुर कछोहा, चौधरियापुर बांगर में भी रिकार्ड ठीक करने होगे। उन्होने निर्देश दिए कि गदनपुरबड्डू और अमीनाबाद में प्रपत्र-7 बनकर तैयार हो चुका है, आगे की प्रक्रिया में तेजी लायी जाये। जिन गावों में सर्वे, पैमाइस एवं नक्शे में प्लाटिंग का कार्य होना है, पूरी टीम लगकर कार्य को समय से पूरा करें। निर्देश दिये कि 250 विवादित मुकदमों के सापेक्ष 165 मुकदमो के निस्तारण हो चुका है, शेष विवादित/अविवादित मुकदमो का निस्तारण भी समय से किया जाये। उन्होने 35 जले हुए ग्रामों के अभिलेख बनाए जाने की प्रगति की जानकारी लेते हुये निर्देश दिये कि तहसील तिर्वा के तीन गांव एराहो, खरगपुर बिलन्दपुर, मोहिददीनपुर में भी अभिलेख बनाये जाने की प्रक्रिया जल्द शुरु की जाएं। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि यू विन पोर्टल पर विशेष रूप से फोकस किया जाए। यू विन डिजिटल ऐप है। जो बच्चे जन्म ले रहे हैं उनकी शतप्रतिशत फीडिंग कराई जाए। पूर्व में वैक्सीनेशन लगने के डेटा को भी फीड किया जाए। कौन सी उम्र के बच्चे को कौन सी वैक्सीनेशन हुआ है वह भी फीड कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि इस ऐप को समय-समय से अपडेट करना होगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आशीष कुमार सिहं, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ विनोद कुमार सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

प्रदर्शन

ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर डीएम से की विकास कार्यों की मांग

# कीचड़युक्त गलियों से निकलना हुआ दुश्वार

- गौशाला में भूख प्यास से तड़पकर बीमार हो रहीं गायें




गौशाला में बीमार पड़ी गाय, कीचड़ युक्त पानी से निकलते एवं प्रदर्शन करते ग्रामीण समृद्धि न्यूज

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**गंगागंज गुरौली** स्थित गौशाला में भूख प्यास तड़प रही गायों का बुरा हाल है। वही सिंहपुर में विकास कार्यो के अभाव में कीचड़ युक्त गलियों से ग्रामीणों का निकलना दुश्वार हो गया है। विकास कार्यो के नाम पर प्रधानों एवं सचिवों द्वारा गोलमाल का आरोप ग्रामीणों द्वारा लगाया गया है। ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर जिला प्रशासन से जांच करवाए जाने एवं विकास कार्य करवाने की मांग की है।

विडंबना है कि प्रदेश सरकार गौशालाओं में गायों की सुरक्षा हेतु विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम एवं योजनाएं चला रही है। समय-समय पर अधिकारियों को गाइडलाइन भी दी जाती है। लेकिन इसके बावजूद भी अधिकारी एवं जिम्मेदार ध्यान नहीं देते हैं। क्षेत्र के ग्राम गंगागंज गुरौली स्थित गौशाला में लगभग एक दर्जन पालतू गायों में एक गाय गंभीर रूप से घायल है और दूसरी गाय गाय भी बीमार होकर तड़प रही है। केयरटेकर मौके से गायब था उसके स्थान पर उसका उसका बच्चा गौशाला की सफाई कर रहा था। चारा के स्थान पर सूखा भूसा भी नहीं था। पूंछे जाने पर सचिव विमल दुबे ने कहा कि निरीक्षण किया जा चुका है। गायों का इलाज चल रहा है उधर तालग्राम ब्लाक के ग्राम सिंगपुर में विकास कार्यो एवं सफाई के अभाव में गलियां कीचड़ पानी से भरी है। कीचड़ युक्त गलियों से निकलना ग्रामीणों की मजबूरी है। ग्राम प्रधान पुष्पेंद्र एवं सचिव लगातार अनदेखी कर रहे हैं। अमृत सरोवर की सफाई का ध्यान नहीं रखा गया है। कूड़े के ढेर गांव की हर गली में लगे हुए हैं। इसके विरोध में ग्रामीण ओम प्रकाश, बांकेलाल, पूरन, राकेश चंद्र, सतीश, सावित्री, रेखा, डॉ. रामकेश सहित तमाम लोगों ने प्रधान एवं सचिन के विरुद्ध प्रदर्शन कर नारेबाजी की। ग्रामीणों ने जिम्मेदारों पर आरोप लगाते हुए कहा कि विकास कार्यों के लिए आने वाले बजट का बंदरबाट हो रहा है। ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन से एक टीम भेज कर निरीक्षण करवाने एवं जिम्मेदारों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग करते हुए कहा कि गांव में विकास कार्य करवाया जाए ताकि लोगों को राहत मिल सके।

# शिक्षक गोलीकांड का पुलिस ने 48 घंटे के अंदर किया खुलासा

- अभियुक्त की निशानदेही पर महिला वेशधारी कपड़े, तमंचा बरामद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**पुलिस ने** सहायक अध्यापक को गोली मारने वाले महिला वेषधारी हमलावर को 48 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर महिला वेशधारी कपड़े, घटना में प्रयुक्त तमंचा व खोखा कारतूस बरामद किये हैं।

जानकारी के अनुसार 31.07.2024 को कस्बा कमालगंज स्थित खंड शिक्षाधिकारी कार्यालय पर मौजूद सहायक अध्यापक विश्राम सिंह महिला वेष धारण किये अज्ञात हमलावर ने गोली मार दी थी। जिसके संबंध में घायल के भाई की तहरीर पर पुलिस ने मु0अ0सं0 161/2024 धारा-109/61(2) बी.एन.एस. पंजीकृत किया था। पुलिस अधीक्षक ने घटना का खुलासा करने के लिए चार टीमों का गठन किया था। विवेचना के दौरान संकलित किये गये साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज, बयान एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी तथा उसके जुर्म इकबाल के उपरान्त उसकी निशानदेही पर घटना के समय महिला का वेश धारण करने वाले कपड़े, तमंचा व खोखा कारतूस बरामद किये हैं।


पुलिस हिरासत में अभियुक्त — समृद्धि न्यूज

### अभियुक्त शिक्षक को लेकर पत्नी के चरित्र पर करता था संदेह

फर्रुखाबाद। अभियुक्त ने बताया कि खंड शिक्षाधिकारी कमालंज के कार्यालय में तैनात विश्राम सिंह के कारण अभियुक्त व उसकी पत्नी के बीच आये लड़ाई झगड़ा तथा मनमुटाव की स्थिति रहती थी। अभियुक्त को अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह था। इसी व्यवहार के कारण अभियुक्त ने शिक्षक को मारने की योजना बनायी थी।

### बीते दो वर्ष से शिक्षक को मारने की योजना बना रहा था अभियुक्त

फर्रुखाबाद। अभियुक्त शिक्षक को वर्ष 2022 से मारने की योजना बना रहा था। जिसके चलते अभियुक्त ने ऑनलाइन महिला विग मंगवायी तथा एक तमंचा 315 बोर का खरीदा था। इसके अलावा फर्रुखाबाद की अलग-अलग दुकानों से जूते एवं महिला के सूट लैगिंग एवं अन्य कपड़े भी खरीदे गये।

# कच्चे मकान की दीवार गिरने से दो बच्चे दबकर घायल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज**

**कच्चे मकान** की दीवार गिरने से दो बच्चे घायल हो गये। जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव अमानाबाद निवासी रोहन तथा शुभी पुत्रगण सुरेंद्र दोनों बच्चे शुक्रवार को खेल रहे थे, तभी अचानक तेज हवा और पानी आया। जिसके कारण कच्ची दीवार गिर गई। जिससे खेल रहे बच्चे उसमें दब गये। ग्रामीणों की मदद से बच्चों को मलबा हटाकर बाहर निकाला गया तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया। जिसमें रोहन के गंभीर चोटें आई हैं। जिसको डॉक्टर ने लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिय। वहीं शुभी के पैरों में चोट आई है। तेज आंधी और बारिश के कारण कंपोजिट विद्यालय की बाउंड्री के पास लगभग 50 वर्ष पुराना नीम का पेड़ खड़ा था। जो गिर गया। जिससे विद्यालय की बाउंड्री की दीवार चटक गई।


गिरी कच्ची दीवार — समृद्धि न्यूज

# कांवड़ यात्रा के मद्देनजर एसपी ने पांचाल घाट का किया निरीक्षण

- सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के दिये निर्देश, वॉच टॉवर भी देखा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**पुलिस अधीक्षक** ने कांवड़ यात्रा तथा शिवरात्रि पर्व को ध्यान में रखते हुए पांचाल घाट का भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लिया तथा सुरक्षा के मद्देनजर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने मातहतों के साथ कांवड़ यात्रा, श्रावण मेला, शिवरात्रि पर्व को लेकर थाना कादरीगेट क्षेत्र अंतर्गत पांचाल घाट का निरीक्षण किया। की गयी तैयारियों का जायजा लेकर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जल भरने आने वाले कांवड़ियों को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो। साथ ही गंगा के किनारे संकेतांक लगाये जायें। जिससे कोई अनहोनी घटना न घट सके। एसपी ने वाच टॉवर का निरीक्षण किया। इसके अलावा बेरीकेडिंग और बढ़ाने के निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि गंगा में पानी बढ़ रहा है। किसी भी कांवड़िये को गंगा में ज्यादा अंदर जाकर जल न भरने दें, अन्यथा कोई भी अनहोनी घटना घट सकती है।


पांचाल घाट पर तैयारियों का जायजा लेते एसपी — समृद्धि न्यूज

# बाढ़ पीड़ित परिवारों को नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ने बांटी राहत सामग्री

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**नगर पंचायत** अध्यक्ष के प्रतिनिधि नदीम अहमद फारुकी ने बाढ़ पीड़ितों को खाद्य सामग्री का वितरण किया।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद ढाईघाट गंगा के किनारे स्थित गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। ऐसे में उनके सामने खाने पीने का संकट है। शुक्रवार को नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नदीम अहमद फारुकी ने पहुंचकर करीब सौ बाढ़ पीड़ित परिवारों को दाल, चावल, आटा, मसाला आदि राशन सामग्री का वितरण किया। राहत सामग्री पाकर बाढ़ पीड़ितों के चेहरे खिल उठे। उन्होंने बाढ़ पीड़ितों को आश्वासन दिया कि वह शासन से भी बाढ़ पीड़ितों की मदद करवायेंगे। साथ ही उनकी जब भी जरुरत पड़े, वह उनकी मदद के लिए तैयार हैं। इस मौके पर दीपक श्रीवास्तव, दीपक यादव, इमरान खाँ, शाजेब मियाँ, अनिल यादव, अंकेश कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।


बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री बांटते नदीम अहमद फारुकी — समृद्धि न्यूज

# खबरें चलते-चलते

### गंगा स्नान करते समय अधेड़ की डूबने से मौत



**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** गंगा नहाते समय अधेड़ की डूबने से मौत हो गयी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। फिलहाल गोताखोर उसके शव को तलाश कर रहे हैं, समाचार लिखे जाने तक उसका शव बरामद नहीं हुआ था। थाना क्षेत्र के ग्राम केवल नगला निवासी राजेश कुमार पुत्र इतवारी लाल उम्र लगभग 40 वर्ष सुबह गंगा स्नान के लिए गया, तभी स्नान करते समय उसका पैर फिसल गया। जिससे वह गहरे पानी में चला गया। जिससे उसकी डूबकर मौत हो गयी। मौके पर कुछ लोग जो जानवर चरा रहे थे उन्होंने डूबते हुए राजेश को देख लिया। जब तक वह नदी के किनारे पहुंचे, तब तक वह डूब चुका था। जिसकी सूचना उसके गांव में दी गई। सूचना पर उसके परिजनों में चीख पुकार मच गया। परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे। सूचना पर थाना पुलिस एवं लेखपाल अभय द्विवेदी मौके पर पहुंचे। उपनिरीक्षक थाना कमालगंज गंगा सिंह ने आनन-फानन में गोताखोरों को बुलाया एवं राजेश के शव की तलाश में गोताखोरों को लगाया गया, लेकिन खबर लिखे जाने तक गोताखोरों ने शव को तलाश नहीं कर पाया। जानकारी के अनुसार मृतक के सात बच्चे हैं। जिसमें पत्नी अनीता, चार बेटियां शिवन्या, सलोनी, मधु, सोनम एवं तीन बेटे मोनू, सोनू एवं सनोज सभी बच्चे तीन वर्ष से 10 वर्ष की उम्र के हैं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा आश्वासन दिया गया कि जो भी मदद सरकार की तरफ से मिलेगी उसे उपलब्ध कराया जायेगा।

### खंड शिक्षा कार्यालय पर हुआ दिव्यांग कैंप का आयोजन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में खंड शिक्षा कार्यालय पर समेकित शिक्षा अभियान के तहत दिव्यांग कैंप का आयोजन किया गया। नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के खंड शिक्षा कार्यालय पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा के नेतृत्व में शिक्षा के अंतर्गत असेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें 47 बच्चों ने आवेदन किया। जिसमें 26 बच्चों को प्रमाण पत्र जारी किए गए। इन बच्चों को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर किया गया। डॉक्टर नीरज कुमार ऑर्थोपेडिक्स, डॉक्टर नवनीत कुमार तथा डॉ0 प्रभात कुमार नेत्र सर्जन के द्वारा बच्चों की जांच की गयी। इस मौके प्रखंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा मौजूद रहे। खंड शिक्षा कार्यालय शिक्षक जितेंद्र सिंह, शिक्षक रोहतास कुमार, अनिल कुमार, अंशुल कुमार, अवधेश कुमार, वीरेंद्र सिंह, जयप्रकाश आदि ने सहयोग किया।

### मेड़ काटने के विवाद में दबंगों ने पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** मेड़ काटने को लेकर दबंगों ने युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। बचाने आये पिता और बहन को भी मारापीटा। घायलों ने थाने में तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़िया निवासी अखिलेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार सुबह उसके गांव के उसके खेत के पड़ोसी उसके खेत से चारा काट रहे थे और कुछ लोग उसके खेत की मेड़ काट रहे थे। जब उसने इसका विरोध किया, तो उक्त लोग गाली-गलौज करने लगे और उसके साथ मारपीट करने लगे। पास में दूसरे खेत पर काम कर रहे उसके पिता व पुत्री अंजलि घटनास्थल पर पहुंचे, दो दबंगों ने उन्हें भी मारापीटा। पिता पुत्र ने थाने पहुंचकर गांव के चार लोगों के विरुद्ध तहरीर दी है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई की बात कही है।

# धूमधाम से पांचाल घाट से चित्रगुप्त मंदिर तक निकली कांवड़ यात्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**हेल्पेज फाउंडेशन** सोसाइटी के तत्वावधान में पांचाल घाट से गंगा जल भरकर कांवड़ यात्रा का भव्य आयोजन धूमधाम से किया गया। भोले बाबा की कांवड़ यात्रा पांचाल घाट से मसेनी, नेकपुर, भोलेपुर होते हुए झूमते थिरकते डी.जे. की धुन पर उद्घोष करते हुए चित्रगुप्त मंदिर पहुंचकर महादेव के शिवलिंग का रुद्राभिषेक दूध, दही से किया गया तथा भगवान भोलेनाथ को विल्पपत्र अर्पित किये गये। इस दौरान भंडारे में महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर पुष्प नेकपुर पुल से मसेनी चौराहा, फतेहगढ़ चौराहे आदि जगह पर किया गया। प्रदेश अध्यक्ष मोनिका मिश्रा के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं एवं पुरुषों लाल रंग के परिधानों में यात्रा निकाली गयी। जिसमें सैकड़ों भोले भक्तों ने शिरकत की। बम-बम भोले, हर-हर महादेव आदि के उद्घोष से शमा बंध गया। इस मौके पर रुचि मिश्रा, भावना त्रिवेदी, नेमा, रुचि पाण्डेय, रेनू, सीमा सक्सेना, नेहा, अग्निहोत्री, आकांक्षा, आकाश गुप्ता, मोनी दुबे, शीला, सोनाली, नीतू, अतुल मिश्रा, अप्पू राठौर, आशीष मिश्रा, रासू, अन्नू शुक्ला, राजेश, आशा सक्सेना आदि मौजूद रहे।


कांवड़ यात्रा में शामिल महिलायें व पुरुष

# विश्व स्तनपान सप्ताह: मां के दूध से बच्चे का जीवन संवारें

- मेजर एस.डी. सिंह पी.जी. आयुर्वेद मेडिकल कालेज में हुआ कार्यक्रम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

बेवर रोड बघार स्थित मेजर एस.डी. सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में स्तनपान सप्ताह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर किया गया

प्रसूत विभाग की डॉ0 सिमरन ने बताया कि यह सप्ताह 1 से लेकर 7 अगस्त तक मनाया जाता है। यह सप्ताह मां के दूध के महत्व को उजागर करता है। यह सप्ताह स्तनपान को बढ़ावा देने, चुनौतियों को दूर करने और सभी माताओं को आवश्यक समर्थन प्रदान करने के लिए समर्पित है। डॉ0 शालिनी ने बताया कि मां का दूध शिशु के लिए पूर्ण पोषण प्रदान करता है। उसकी प्रतिरक्षा को मजबूत करता है तथा संक्रमण से बचाता है और उसके विकास को बढ़ावा देता है। उन्होंने बताया कि मां को भी कई लाभ होते हैं, जैसे कि वजन कम करना, डिप्रेशन का खतरा कम होना और कैंसर का खतरा कम होना। डॉ0 नीतूश्री द्वारा मां का दूध बच्चे के लिए क्यों महत्वपूर्ण है, इस पर अपने विचार व्यक्त किये गये। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ0 अरुण पाण्डेय द्वारा किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य डॉ0 अंजना दीक्षित, डॉ0 नीतूश्री, डॉ0 सुनील गुप्ता, डॉ0 देवाशीष, डॉ0 वी.एम. गुप्ता, डॉ0 संकल्प सिंह, डॉ0 पवन कुमार, डॉ0 मुकेश विश्वकर्मा, डॉ0 आनन्द बाजपेयी, डॉ0 श्वेता यादव, डॉ0 शिवम दीक्षित, डॉ0 विगनेश्वर, डॉ0 अविधा सिंह सहित सभी शिक्षकगण मौजूद रहे।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद चिकित्सक — समृद्धि न्यूज

### खेत में भैंस चले जाने पर दबंगों ने पीट, दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** खेत में भैंस चले जाने से नाराज दबंगों ने जमकर मारपीट की। जिसमें चार लोग घायल हो गये। घटना के संबंध में थाने में तहरीर दी गयी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़िया बाबुरारा निवासी सुरेंद्र सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शुक्रवार सुबह घर के खूंटे पर बंधी भैंस खुल जाने से पड़ोसी के खेत में चली गई, तो दबंग लाठी-डंडे से भैंस को मारने लगे। मौके पर मैं पहुंचा और भैंस को बचाया, तो दबंग उसके साथ भी मारपीट करने लगे। जब उसे उसके परिवारीजन भतीजा सत्यवान, भाई विश्राम सिंह, उसकी पत्नी किरण देवी बचाने आये, तो दबंगों ने उन्हें भी मारपीटा। सुरेंद्र सिंह ने थाने पहुंचकर गांव के ही 6 लोगों के विरुद्ध तहरीर दी है। हल्का प्रभारी इंद्रजीत सिंह ने बताया तहरीर मिली है। दोनों पक्षों से मारपीट हुई है। घायलों का चिकित्साकीय परीक्षण कराया गया है। कार्यवाही की जायेगी।

# केवाईसी के नाम पर हुई वसूली पूर्ति निरीक्षक को जांच में मिली सही

- जांच रिपोर्ट जिलापूर्ति निरीक्षक को सौंपी, कोटेदार को नोटिस जारी

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज**

**बीते दिन** केवाईसी के नाम पर लिये जा रहे 50 रुपये का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिसकी जांच करने आज पूर्ति निरीक्षक पहुंचे और ग्रामीणों के बयान दर्ज किये।

जानकारी के अनुसार शासन की ओर से कोटेदारों को केवाईसी करने के आदेश दिये गये है। बीते दिन तहसील क्षेत्र के खंडौली के कोटेदार राजकुमार के खिलाफ 50 रुपये लेकर केवाईसी करने का वीडियो वायरल हुआ था। शिकायत पर गांव के दो युवकों को पुलिस ने हिरासत में लिया था। अखबार में खबर प्रकाशित होने के बाद जिला पूर्ति अधिकारी सुरेंद्र सिंह के निर्देश पर पूर्ति निरीक्षक अमित चौधरी गांव खंडौली के मजरा नौसारा में जांच पड़ताल करने पहुंचे। बताते चलें कि जिला पूर्ति निरीक्षक के रहमोकरम पर कोटेदार मनमानी कर रहा था। आज अपनी कलम बचाने के लिए अमित चौधरी द्वारा जांच की गई। गांव गांधी व मजरा नौसारा में दर्जनों ग्रामीणों ने जांच के दौरान कोटेदार पर आरोप लगाते हुए कहा कि केवाईसी के नाम पर 50/-रुपये की अवैध वसूली की गई है। ग्रामीणों द्वारा दिए गए बयानों से यह प्रतीत होता है ई-केवाईसी के नाम पर भ्रष्टाचार करने वाले कोटेदार को संरक्षण कौन दे रहा था। हालांकि कोटेदार के विरुद्ध पूर्ति निरीक्षक अमित चौधरी ने जिला पूर्ति अधिकारी को जांच रिपोर्ट सौंप कोटेदार के खिलाफ नोटिस जारी किया गया है।


बयान दर्ज करता पूर्ति निरीक्षक — समृद्धि न्यूज

**आरोप** — मायके वालों ने लगाया हत्या कर शव लटकाने का आरोप

# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटका मिला महिला का शव

**कंपिल, समृद्धि न्यूज**

**संदिग्ध परिस्थितियों** में महिला का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। मायके वालों ने ससुरालीजनों पर हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया। पुलिस व फारेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किए। शव पीएम हेतु भेज दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

क्षेत्र के गांव शाहपुर गंगपुर निवासी संजू उर्फ संजय की तीस वर्षीय पत्नी अंशिका का शव शुक्रवार सुबह घर के कमरे में लगे पाइप से दुपट्टे के सहारे लटका मिला। संजू पत्नी की मौत की सूचना स्वजनों को देकर घर से फरार हो गया। शव देखकर स्वजनों में चीखपुकार मच गयी। स्वजनों ने मामले की सूचना पुलिस व मृतका के मायके वालों को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। फारेंसिक टीम ने भी घटना स्थल से साक्ष्य एकत्र किए। मौके पर पहुंचे जनपद कासगंज के थाना सिकंदरपुर वैश्य के गांव गुलाल नगला निवासी पिता उदयपाल ने ससुरालीजनों पर बेटी की हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगा हंगामा काटा। मृतका के पिता के अनुसार उन्होंने बेटी की शादी दस वर्ष पूर्व संजू के साथ की थी। शादी के कुछ समय बाद से ही पति शराब पीकर आए दिन बेटी के साथ मारपीट करता था। उसने स्वजनों के साथ मिलकर बेटी की हत्या कर दी। पुलिस के समझाने के बाद स्वजन शांत हुए। पुलिस ने शव पीएम हेतु भेज दिया। मृतका के एक छः वर्षीय पुत्री साक्षी है। पुलिस मृतका के पति की तलाश कर रही है। मृतका के ससुर राजवीर ने बताया उसका पुत्र शराब के नशे में घर आता था। जिससे दोनों के बीच विवाद होता रहता था। गुरूवार शाम को भी संजू ने अंशिका के साथ मारपीट की थी। एक बार वह अवैध तमंचा रखने में जेल भी जा चुका है। थाना प्रभारी जितेंद्र चौधरी ने बताया तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।


मौके पर जांच पड़ताल करती पुलिस व परिजन — समृद्धि न्यूज

# बाढ़ को रोकने के लिए गंगा में बांध बनवाया जाये: राजवीर सिंह जादौन

▸ सांसद, विधायक सब भाजपा के है फिर भी आलू किसानों के लिए कोई उद्योग नहीं

**फर्रुखाबाद/अमृतपुर, समृद्धि न्यूज**

**भारतीय** किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय महासचिव राजवीर सिंह जादौन ने और प्रदेश प्रमुख महासचिव बिजेंद्र सिंह यादव ने जनपद में आकर के संजीव कटियार की पेट्रोल पंप मेसर्स राधा रानी फिलिंग स्टेशन का उद्घाटन किया। साथ ही बाढ़ प्रभावित ग्रामों तिसराम की मड़ैया, आशा की मड़ैया, चैनगंज, चित्रकूट, जमापूर आदि ग्रामों का दौरा किया पत्रकार वार्ता में राजवीर जादौन ने कहा कि फर्रुखाबाद में बाढ़ से गंगापार का क्षेत्र पूरी तरह से तहस नहस है। बाढ़ की बेबी इसका भिभिष्का को देखते हुए सरकार को उचित कदम उठाना चाहिए। इस बाढ़ को देखकर बहुत ही द्रवित हूं, मेरा जनपद के अधिकारियों से आवाह्न है कि बाढ़ को रोकने के लिए गंगा के किनारे बांध का निर्माण अति आवश्यक है। यदि बांध का निर्माण नहीं होगा तो हम प्रशासन से आर-पार की लड़ाई लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि जनपद आलू आधारित क्षेत्र है। यहां पर सांसद और विधायकों को मिलकर के प्रशासन के माध्यम से किसानों की आलू की समस्याओं को देखते हुए आलू आधारित उद्योग लगवाने चाहिए। उन्होंने आवास एवं विकास परिषद द्वारा गलत तरीके से अधिग्रहण की गई भूमि के किसान एवं स्वतंत्रता सेनानी स्व0 रामचंद्र कटियार के परिजनों से भी मुलाकात की और उन्हें आश्वासन दिया कि आपकी लड़ाई हम लड़ेंगे। इसके बाद बाहिदपुर में गलत तरीके से बन रहे टोल प्लाजा पर जाकर के पीड़ित किसानों से भी मुलाकात की। जनपद के किसानों ने उन्हें भेट में आलू दिये। इस अवसर पर कन्नौज व मैनपुरी के जिलाध्यक्ष व कानपुर मण्डल अध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष अरविन्द शाक्य, प्रभाकांत मिश्रा, अजय कटिया, विजय कटियार, अभय यादव, कृष्ण गोपाल मिश्रा, पुजारी कटियार, अनीस सिंह सोनू, अभिषेक कटियार, सुधीर कटियार आदि मौजूद रहे।



बैठक को सम्बोधित करते अजय कटियार — समृद्धि न्यूज

# खाना बनाते समय सिलेंडर में लगी आग, घरेलू सामान जलकर राख

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**खाना बनाते** समय अचानक सिलेंडर में आग लग गयी। जिससे घरेलू सामान जलकर राख हो गया। शोर शराबा सुनकर मोहल्लेवासी पहुंच गये और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

कस्बा नवाबगंज स्थित बरतल निवासी भगवान देवी पत्नी स्वर्गीय जदुनाथ सिंह अपने घर में खाना बना रही थी। सिलेंडर में गैस का रिसाव होने से आग लग गयी। जब तक महिला कुछ समझ पाती तब तक आग ने विकराल रुप धारण कर लिया। चीखपुकार की आवाज सुनकर मोहल्लेवासी आ गये। इस दौरान दीवार तोड़कर सिलेंडर को बाहर निकाला गया। इस दौरान पीड़िता के परिजन रामगोपाल, लड्डू सक्सेना के हाथ झुलस गये। किसी तरह ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। आग से महिला का बैड व गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलने पर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत मौके पर पहुंच गये और उन्होंने पीड़ित महिला को मदद दिलाये जाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि राजस्व कर्मी से नुकसान का मुआयना कराकर हर संभव मदद दिलवायी जायेगी। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत, संजीव कुमार कश्यप, मुकेश कश्यप, गुड्डू सक्सेना, शिवनंदन सक्सेना सहित ग्रामीण मौजूद थे।



आग से जला बैड — समृद्धि न्यूज

## खबरें एक नजर में

### बाढ़ पीड़ितों के लिए शासन द्वारा भेजी गई राहत सामग्री को एसडीएम ने कराया वितरित

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** गंगापार क्षेत्र में बाढ़ का प्रकोप है। एक दर्जन से ज्यादा गांव में पानी घुस गया है। जानवर आदि को परेशानी हो रही है। लोग पन्नी तानकर सड़क के किनारे रहने को मजबूर है। कई ग्रामीणों ने गांव में पानी भर जाने के कारण छत पर पन्नी डालकर गुजर कर रहे है। ऐसे में शासन द्वारा बाढ़ पीड़ितों के लिए खाद्य सामिग्री भेजी गई है। विधायक पुत्र संदीप शाक्य व भाजपा मण्डल अध्यक्ष स्वदेश त्रिवेदी, विवेक सिंह, सुनील राठौर, ज्ञानेन्द्र सिंह, रोहित कुशवाहा आदि ने सरकार द्वारा भेजी गई राहत सामग्री को ग्रामीणों में बटवाया। एसडीएम अमृतपुर अतुल कुमार व तहसीलदार कर्मवीर ने 304 बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री वितरित करायी। बाढ़ रहित गांव राजेपुर, आशा की मड़ैया, उदयपुर आदि क्षेत्र के पीड़ित ग्रामीणों को राहत सामग्री वितरित की गई।



ग्रामीणों को राहत सामग्री वितरित करते एसडीएम मौजूद भाजपा नेता

### आबकारी टीम ने रामलीला गड्ढा व श्याम नगर में अभियान चलाकर पकड़ी 75 लीटर कच्ची शराब

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में प्रवर्तन अभियान चलाया गया। आबकारी निरीक्षकों ने रामलीला गढ्ढा, श्याम नगर में दबिश दी और लगभग 80 किलोग्राम लहन नष्ट किया। साथ ही 75 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की तथा तीन अभियोग पंजीकृत किए गए। अभियान का मुख्य उद्देश्य अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री और परिवहन को रोकना है। आबकारी विभाग ने इस अभियान के तहत आबकारी दुकानों का औचक निरीक्षण किया और स्टाक रजिस्टर, ऑनलाइन पेमेंट, सीसीटीवी कैमरे का परीक्षण किया गया। आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 कुमार गौरव सिंह और क्षेत्र-2 राजेश कुमार चौबे ने अपने स्टाफके साथ मिलकर अवैध शराब के खिलाफ रामलीला गढ्ढा, श्याम नगर में दबिश दी। दबिश के दौरान लगभग 80 किलोग्राम लहन नष्ट की गई। 75 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर कुल 03 अभियोग पंजीकृत किए। इसके साथ ही टीम ने आबकारी दुकानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्टाक रजिस्टर, ऑन लाइन पेमेंट, सीसीटीवी कैमरा का परीक्षण किया। आबकारी अधिकारी ने बताया कि जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री, परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।

### डीएम ने सभी महापुरुषों की मूर्तियों की साफ-सफाई व रंगाई के दिये आदेश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह की अध्यक्षता में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह को सम्मानपूर्वक तरीके से आयोजित करने के लिये तैयारी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में डीएम ने सभी शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित महापुरुषों की मूर्तियों की साफ-सफाई व रंगाई पुताई के लिये संबंधित क्षेत्र के अधिशाषी अधिकारी व खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया। सभी सरकारी व गैर सरकारी भवनों पर सुबह 08 बजे ध्वजारोहण होगा व सुबह 06:30 बजे स्टेडियम से प्रभात फेरी निकाली जाएगी तथा सुबह 07 बजे से स्टेडियम से क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया जाएगा। बैठक में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, अपर पुलिस अधीक्षक व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



### लाइब्रेरी के एक वर्ष पूर्ण होने पर स्थापना दिवस समारोह आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज नगर में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं की सुविधा की दृष्टि से आर्य समाज द्वारा संचालित महर्षि दयानंद सरस्वती लाइब्रेरी के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रथम स्थापना दिवस समारोह का आयोजन 3 अगस्त प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक किया जाएगा। जिसके मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि भोजपुर विधायक नागेंद्र सिंह राठौर होंगे। वैदिक यज्ञ के साथ भण्डारे का आयोजन भी होगा। यह जानकारी संदीप आर्य ने दी है।

# छात्र-छात्राओं को रोजगार परक बनाने के लिए दिये गये टिप्स

▸ डीएन कालेज में रोजगार परक संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**दुर्गा नारायण** महाविद्यालय फतेहगढ़ में शुक्रवार को संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डा0 विनीता वर्मा की अध्यक्षता में एनएसएस के तत्वाधान में सेवा योजन कार्यालय की ओर से महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को रोजगार परक बनाने के लिए संगोष्ठी का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता के रुप में जिला सेवा योजन अधिकारी अमित तिवारी ने बीए, बीकॉम, एमए, एमकॉम के छात्र-छात्राओं को रोजगार परक बनाने के लिए विभिन्न कोर्सों से परचित कराया गया। रोजगार की अत्याधिक संभावनायें है। होटल मैनेजमेंट, हॉस्पिटल मैनेजमेंट, कम्प्यूटर एकाउंटिंग, नर्सरी उद्योग, रक्षा क्षेत्र, पर्यटन प्रबंधन उद्योग, मार्केटिंग क्षेत्र, खाद्य पदार्थ उत्पादन एवं संरक्षण आदि क्षेत्रों में प्रकाश डाला गया। वरिष्ठ सहायक सेवा योजन आशीष गोयल ने सरकार के महत्वपूर्ण एप रोजगार संगम पर छात्र-छात्राओं के पंजीकरण करने की जानकारी दी। डा0 रामनरेश सिंह, कार्यवाहक प्राचार्य एनएसएस प्रभारी डा0 प्रज्ञा त्रिपाठी की देखरेख में संगोष्ठी सम्पन्न हुई। संचालन डा0 हरि शिवनाथ गुप्ता ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक डा0 पंचम कुमार, डा0 मोहम्मद अमीन, डा0 अशोक कुमार शर्मा, विनय कुमार बाथम, सरस पाठक, वीरभान सिंह, प्रियांशु सिन्हा, शिवेन्द्र, अनामिका मिश्रा, शीतल त्रिवेदी, रामभान सिंह सेंगर, आलोक राजपूत, प्रशांत कुमार आदि लोग मौजूद रहे।



कार्यक्रम को सम्बोधित करते सेवा योजन अधिकारी

# भाजपा नेता ने सड़क व नाली बनवाने के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष से की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**भारतीय जनता** पार्टी युवा मार्चा के नगर मंत्री राघव शुक्ला ने जिला पंचायत अध्यक्ष को पत्र भेजकर कादरीगेट नरकसा से खानपुर टूटी पुलिया व सड़क निर्माण कराने की मांग की है। कादरीगेट व नरकसा के अलावा खानपुर बालाजी पुरम, गंगादरवाजा, धारा नगरी, माधोपुर अंगूरीबाग आदि से यह रास्ता होकर जाता है। जिसे बनवाया जाये। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गये है। रास्ते पर जलभराव होने के कारण यातायात अवरुद्ध है। सैकड़ों घरों के अंदर पानी भरा हुआ है। प्राचीन बाबा दीनानाथ का मंदिर जाने के लिए यही मार्ग है। रोज श्रद्धालु व अन्य आमजन गिरकर चुटैल हो रहे है। यह सड़क कई गांव व क्षेत्र को जोड़ती है। सड़क व नाले का निर्माण कार्य कराने के लिए भाजपा नेता ने जिला पंचायत अध्यक्ष से मांग की है।



भाजपा नेता राघव शुक्ला

# पीड़िता रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पुलिस के लगा रही है चक्कर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**दुष्कर्म के** प्रयास के मामले में पीड़िता न्याय पाने के लिए थाने से लेकर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय के चक्कर लगा रही है, लेकिन अभी तक उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। जिससे आरोपियों के हौसले बुलंद है। कोतवाली मोहम्मदाबाद की चौकी मदनपुर से संबंधित एक गांव की रहने वाली किशोरी के पिता ने पुलिस अधीक्षक से लिखित शिकायत कर बताया कि मेरी 15 वर्षीय पुत्री 24 जून को दोपहर के समय खेत में घूरा डालने गयी थी। वापस आते समय रास्ते में बगिया में गांव का रहने वाला विकास ने मेरी पुत्री का हाथ पकड़ लिया और उसे बगिया में खींच ले गया और उसके साथ छेड़छाड़ी करते हुए उसके सारे कपड़े उतार दिये और उसके साथ गलत करने का प्रयास करने लगा। पुत्री की चिल्लाने की आवाज सुनकर मेरी बड़ी पुत्री भागकर पहुंची। जिसे देखकर वह मौके से भाग गया। कोतवाली गये, लेकिन मेरी रिपोर्ट नहीं लिखी गई। उसके बाद मदनपुर चौकी में भी मेरी नहीं सुनी गई। और डरा धमकाकर पुलिस ने मेरी पीड़िता पुत्री व मेरा एक कागज पर अंगूठा लगवा लिया और वीडियो बनवायी। रिपोर्ट लिखाने के लिए पुलिस के चक्कर लगा रहा हूं, मेरी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। रिपोर्ट दर्ज कराये जाने की मांग की।

# गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में छात्र अलंकरण समारोह का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**गुरुकुल वर्ल्ड** स्कूल में छात्र अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि आईएएस अधिकारी महेंद्र सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। प्राचार्य डा0 लकी चावला ने स्मृति चिन्ह भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। आईएएस महेंद्र सिंह जनपद में संयुक्त मजिस्ट्रेट के रुप में कार्यरत है। उन्होंने कहा कि छात्रों को जीवन में अनुशासन, समर्पण और कड़ी मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने छात्रों को अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास करने और अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया। महेंद्र सिंह ने अपनी सफलता की कहानी साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार उन्होंने आईआईटी खड़गपुर से स्नातक करने के बाद सिविल सेवा परीक्षा में छह बार प्रीलिम्स पास किया और चार बार चयनित हुए। उनकी प्रेरणादायक यात्रा ने छात्रों को अत्यंत प्रभावित किया। छात्राओं ने मन की वीणा से गुंजित ध्वनि मंगलम स्वागत गीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान नव नियुक्त छात्र परिषद के चारों सदनों से चयनित छात्र-छात्राओं को को उनके पदों की शपथ मुख्य अतिथि महेंद्र सिंह ने दिलाई। विद्यालय के कार्यभार को संभालने के लिए शीर्ष बालक मोहम्मद साध (कक्षा 12वीं) एवं शीर्ष बालिका शुभांजलि तिवारी (कक्षा 12वीं) को चयनित किया गया। इन सदस्यों ने अपनी जिम्मेदारियों को निष्ठा और समर्पण के साथ निभाने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि ने मेधावी छात्र श्रेया द्विवेदी, शौर्य शुक्ला, तान्या मिश्रा को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक विनोद कुमार अग्रवाल, प्रमोद कुमार अग्रवाल, डायरेक्टर राजीव मोहन पांडे आदि मौजूद रहे। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।



छात्र अलंकार समारोह में मौजूद अतिथि एवं शिक्षक — समृद्धि न्यूज

# सेंट एंथोनी की दो छात्राओं का आईआईटी के लिए हुआ चयन

▸ दोनों छात्राओं को प्रधानाचार्य व शिक्षकों ने दी बधाई

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सेंट एंथोनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल फतेहगढ़ की छात्रा समिधा सक्सेना का आईआईटी में चयन व एस श्रुति का चयन आईआईटी हैदराबाद में एमटेक पीएचडी के लिए होने पर विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर जोबी जोजफ ने होनहार दोनों छात्राओं को बधाई दी। प्रदेश के ऐसे विद्यालय जिसकी एक साथ दो पूर्व छात्राओं का चयन हुआ। छात्राओं के पिता पीटी अध्यापक अवनीन्द्र कुमार की पुत्री समिधा सक्सेना का चयन आईआईटी धनबाद में एमटेक के लिए हुआ। साथ ही दूसरे पीटीआई शिक्षक एस जयअन्ना की पुत्री एस श्रुति का चयन आईआईटी हैदराबाद में एमटेक कम पीएचडी के लिए हुआ है। विद्यालय के दोनों पीटीआई की पुत्रियों ने प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थान आईआईटी में गेट परीक्षा का उत्तीर्ण किया। समिधा ने कक्षा 8 तक शिक्षा सेंट एंथोनी स्कूल से करने के उपरान्त भिलाई से शिक्षा ग्रहण कर आई0ई0आर0टी प्रयागराज से इलेक्ट्रानिकस में बीटेक इसी वर्ष कर 92 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण किया। एस श्रुति ने कक्षा 12 तक की पढ़ाई एंथोनी स्कूल से करने के बाद एनआईटी केलीकट केरल से मेटेरियल सांइस से बीटेक कर इसी वर्ष 90 प्रतिशत अंक के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की। दोनों छात्राओं ने अनूठा इतिहास रचा। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामनाओं के साथ शिक्षकों ने बधाई दी। कहा कि ऐसे विद्यार्थियों से प्रेरणा लेकर छात्र-छात्रायें आगे बढ़े।



समिधा सक्सेना व एस श्रुति

# सीओ व कोतवाली प्रभारी सहित तीन के विरुद्ध याचिका, एसपी से मांगी आख्या

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्राधिकारी, फतेहगढ़ कोतवाली प्रभारी सहित तीन लोगों के विरुद्ध न्यायालय में याचिका दायर की गई। जिसकी सुनवाई के पश्चात मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक से आख्या मांगी गई है। कोतवाली फतेहगढ़ के मोहल्ला सिविल लाइन मड़ैया निवासी सुधीर कुमार दिवाकर पुत्र लालाराम ने न्यायालय में याचिका दायर की। जिसमें दर्शाया कि पुलिस अधीक्षक व कोतवाली फतेहगढ़ को अनुसूचित जाति के विरुद्ध नाबालिक के बच्चे को पकड़ लेने की घटना षड्यंत्रपूर्वक बनाकर रिपोर्ट दर्ज करने के प्रयास करने वालों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करने हेतु प्रार्थना पत्र दिए थे, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। प्रार्थी ने जन सूचना अधिकार के तहत जानकारी चांही। संबंधित अधिकारी द्वारा भ्रामक व गलत सूचना दी गई। मांगी सूचना से कोई मेल नहीं है। क्षेत्राधिकारी नगर प्रदीप सिंह व फतेहगढ़ कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सचिन सिंह व थाने के उप निरीक्षक सुरजीत सिंह ने गलत सूचना दी। इसके बाद भी जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र कार्रवाई के लिए भेजा गया, लेकिन उसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। अदालत ने याचिका की सुनवाई के पश्चात पुलिस अधीक्षक से इस पर आख्या मांगते हुए सुनवाई के लिए 12 अगस्त की तिथि नियत की है।

# नारायनपुर सड़क पर भरा बरसात का पानी, निकलना मुश्किल

▸ इसी मार्ग पर एसएस पब्लिक स्कूल है संचालित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**इटावा-बरेली हाइवे** पर पिछले एक साल से धीमी गति से निर्माण कार्य व कर्मचारियों द्वारा हाइवे पर पुलिया पर गड्ढे कर दिये गये है। जिस कारण नाले का पानी बहकर एसएस पब्लिक स्कूल नारायनपुर रोड पर बह रहा है। बच्चों को निकलने में परेशानी हो रही है। बरसात का पानी गड्ढों में गिर गया है और मार्ग अवरुद्ध हो गया है। बनने वाले हाइवे की अमानक गतिविधियों के चलते कर्मचारियों द्वारा गड्ढे खोद दिये गये है। जिसमें बच्चे गिरकर चुटैल हो रहे है। शीघ्र अगर गड्ढे बंद नहीं कराये गये तो नारायनपुर के लोग आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। कभी भी बच्चों के साथ कोई भी हादसा हो सकता है। ऐसे में संबंधित अधिकारी आकर जांच करें और खोदे गये गड्ढों को भरवाये। विद्यालय के प्रबंधक व शिक्षकों ने अमानक गतिविधियों के खिलाफ हाइवे निर्माण के लोगों पर आरोप लगाया कि शीघ्र जल निकासी की व्यवस्था की जाये। जिससे पढ़ने वाले नौनिहाल विद्यालय आ सकें।



नारायनपुर सड़क पर भरा पानी

# वनमाली सृजन केंद्र के शुभारम्भ पर काव्य गोष्ठी सम्पन्न

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। साहित्य, संस्कृति एवं सृजन के लिए प्रतिबद्ध वनमाली सृजन केन्द्र फर्रुखाबाद का शुभारम्भ एशियन कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट के सभागार में हुआ। काव्य गोष्ठी का आयोजन वनमाली की जयंती पर किया गया। छायाकार रवीन्द्र भदौरिया को वनमाली सम्मान 2024 से स्मृति चिन्ह, सम्मान पत्र एवं उत्तरी उड़ाकर सम्मानित किया गया। कवि दिनेश अवस्थी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। डा0 संतोष पाण्डेय ने पंक्तियां पढ़ी सारा देश देश लैला और मजनू के नाम हुआ, शेखर सुभाष की जवानियां कहां गई। डा0 कृष्णकांत अक्षर ने कहा कि द्रोपदी को नग्न करने की कल्पना भी द्रोपदी पीतांबरा है द्रोपदी कृष्णमबरा है। महेश पाल सिंह उपकारी ने कहा कि जीवन का कोई क्षण मित्रों बरबाद नहीं करो, चौबीस घंटो में कुछ पल तो उस ईश्वर को याद करो, दुनियांदारी के चक्कर में बिता दिया जीवन सारा, अब मरघट की तैयारी है अब या प्रभु को याद करो। कौशलेन्द्र बाबू यादव ने कविता पढ़ते हुए कहा कि विसंगतियों का प्रतिकार करती है मेरी कविता सिंघासनों को ललकारती है मेरी कविता ये बोल। है बेशक जो बिकते नहीं बाजार में लाचार के आगे झुकाती सर मेरी कविता। डॉ रेजीना सहर ने चिर निद्रा में डूबे रही जागृति का नवगीत सुना दे, इस जर्जर भारत के सर पर तरुणाई का ताज सजा दे, राम राज्य के ध्वस्तु स्वप्न को नव निर्मित की नई दिशा दे बाजारू गीतों की लय को मंदिर वाली राह दिखा दे।। गोष्ठी के मुख्य अतिथि डायट प्राचार्य डॉक्टर अनुपम अवस्थी एवं विशिष्ट अतिथि बद्री विशाल महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ0 रश्मि प्रियदर्शी, व्यपारी नेता संजय गर्ग रहे। अध्यक्षता केन्द्रीय विद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ0 संतोष पाण्डेय ने की। केन्द्र संयोजक सुरेन्द्र पाण्डेय ने सभी का स्वागत किया। एशियन कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट की प्रबन्ध निदेशक आकांक्षा सक्सेना ने सभी का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ0 संदीप चतुर्वेदी, प्रधानाचार्य अनिल मिश्र, कथा वाचक ज्ञानेश गौड़, प्रमोद झा, धीरेन्द्र वर्मा, अनुराग पाण्डेय आदि लोग उपास्थित रहे। डॉ0 अनुपम अवस्थी ने कहा कि सभी को पौधों से लगाव रखना चाहिए, यदि हर व्यक्ति एक पेड़ लगाए तो भारत दुनिया का सबसे बड़ा हर देश हो जाएगा। कम से बढ़कर दुनिया में कुछ भी नहीं है। युवा पीढ़ी को अपना समय सार्थक कार्यों में लगाना चाहिए।




वनमाली सृजन सम्मान से सम्मानित होते रविन्द्र भदौरिया

केंद्रीय कृषि व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्य सभा में विपक्ष को घेरते हुए कहा

# किसान फायदे की खेती कर पाए, इसके लिए उठाए गए कदम

▸ नरेन्द्र मोदी सरकार ने खेती व किसानों की हालत सुधारी

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्य सभा में विपक्ष (कांग्रेस) को आज जमकर घेरा। कृषि संबंधित प्रश्नों के जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने किसानों के कल्याण और किसानों के विकास के लिए कोई कदम नहीं उठाये। नरेन्द्र मोदी सरकार ने खेती और किसानों की हालत सुधारने के लिए चौतरफा प्रयास किए।

कृषि क्षेत्र के लिए बजट में कम प्रावधान किए जाने के विपक्ष (कांग्रेस) के आरोपों का शुक्रवार को राज्य सभा में जवाब देते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि कांग्रेस के डीएनए में किसान विरोध है। कांग्रेस की प्राथमिकताएं प्रारंभ से ही गलत रहीं जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में किसान फायदे की खेती कर पाए। इसके लिए एक नहीं अनेक कदम उठाए गये हैं। केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि जवाहरलाल नेहरू 17 साल देश के प्रधानमंत्री रहे और तब देश को अमेरिका से आया सड़ा हुआ लाल गेहूं खाने को विवश होना पड़ता था। कांग्रेस के कार्यकाल में जबरन लेवी वसूल की जाती थी और किसानों की आय बढ़ाने का काम नहीं किया गया। एनडीए की सरकार की योजना कृषि क्षेत्र को संपन्न बनाना है। इसके लिए प्राथमिकताएं तय की गई हैं। इनमें उत्पादन बढ़ाना, उत्पादन की लागत घटाना, उत्पादन के ठीक दाम देना, प्राकृतिक आपदा में राहत की ठीक राशि देना, कृषि का विविधीकरण व प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना शामिल है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने बताया कि पिछले वित्त वर्ष में अकेले कृषि के लिए 27 हजार 763 करोड़ रुपये आवंटित किए गए। इसे मौजूदा बजट में अब बढ़ाकर एक लाख 32 हजार 470 करोड़ रुपये कर दिया गया है। इसके अलावा एक लाख 75 करोड़ का अलग बजट है, जो खेती से जुड़े अन्य कार्यों के लिए हैं।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में सूखे खेतों में पानी पहुंचाने की सिंचाई की व्यवस्था पर कभी ध्यान नहीं दिया गया। मोदी सरकार की प्राथमिकता किसानों के खेतों में पानी पहुंचाने की है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश जैसे राज्य में कांग्रेस के कार्यकाल में महज 7.5 लाख हेक्टेयर में सिंचाई की व्यवस्था थी, जिसे बढ़ाकर हमने 47 लाख हेक्टेयर कर दिया। केंद्रीय मंत्री ने यहां पर सिंचाई के लिए नदियों को जोड़े जाने का ब्योरा दिया। केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने नदियों को जीवित करने का काम किया। रिवर लिंकिंग योजना के तहत नर्मदा व क्षिप्रा नदियों को जोड़ा गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में केन व बेतवा नदी को जोड़ने की स्वीकृति दे दी गई है। अब सूक्ष्म सिंचाई योजना पर काम चल रहा है, जिसे कांग्रेस के कार्यकाल में कभी गंभीरता से नहीं लिया। केंद्रीय कृषि मंत्री ने बताया कि सिंचाई के साथ 109 बीजों की क्वालिटी जारी करने जा रहे हैं, ताकि किसानों को बेहतर उत्पाद व उत्पादन मिल सके। उन्होंने बताया कि देश में खाद्यान्न का उत्पादन 29 मिलियन टन तक पहुंच गया है। बागवानी का 352 मिलियन टन तक पहुंच गया है।

### कांग्रेस के डीएनए में किसान विरोध : चौहान

**नयी दिल्ली।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को राज्यसभा में कहा कि कांग्रेस और उसकी नीतियां किसान विरोधी है और खेती किसानी कभी भी पार्टी की प्राथमिकता में नहीं रहे हैं। श्री चौहान ने सदन में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के कार्यकरण पर चर्चा का जबाव देते हुए कहा कि कांग्रेस के डीएनए में ही किसान विरोध है। आरंभ से ही कांग्रेस की नीतियां गलत रही है। भारतीय खेती बहुत प्राचीन है जिसका इतिहास पांच हजार वर्ष पुराना है। कांग्रेस ने देश में विदेशी कृषि के माडल लागू किये। देश में रूस का कृषि माडल लागू किया गया। कांग्रेस के कार्यकाल में अमेरिका का सड़ा हुआ गेहूं भारत में बांटा जाता रहा। उस दौर में किसानों से जबरदस्ती लगान की वसूली होती थी। उन्होंने कहा, कांग्रेस के डीएनए में किसान विरोध है। कांग्रेस की प्राथमिकताएं प्रारंभ से ही गलत रहीं।

# भाजपा वालों ने बिहार में आरक्षण को बढ़ने से रोकने का काम किया

एजेंसी



**पटना।** बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि भाजपा वालों ने बिहार में आरक्षण को बढ़ने से रोकने का काम किया है। तेजस्वी यादव ने कहा कि केंद्र सरकार अध्यादेश लाकर इसके विसंगतियों को दूर करें।

तेजस्वी यादव ने नीतीश कुमार को भी इशारों ही इशारों में ऑफर देते हुए कहा कि यदि केंद्र की सरकार नीतीश कुमार की बात नहीं मान रही है तो नीतीश कुमार सरकार गिरा दें। तेजस्वी ने कहा कि राज्यसभा में सांसद मनोज झा ने आरक्षण को 9वीं अनुसूची में डालने को लेकर प्रश्न पूछा था लेकिन भाजपा की ओर से कोई जवाब नहीं दिया गया। तेजस्वी ने कहा कि महागठबंधन की सरकार ने देश में पहली बार किसी राज्य में जाति आधारित गणना करवाई और 65 प्रतिशत आरक्षण व्यवस्था लागू की लेकिन भारतीय जनता पार्टी के लोग अपने आदमियों से कोर्ट में खड़ा कराकर इसे रोकने करने का प्रयास किया। हम तो बिहार के सीएम नीतीश कुमार से सवाल करना चाहते हैं कि जातीय गणना पूरे देश में होना चाहिए यही मुख्यमंत्री ने भी कहा था। उसके बाद हम उनसे यह पूछना चाहते हैं कि क्या सीएम पूरे देश में जातीय गणना चाहते या नहीं? अगर इस बार भी केंद्र सरकार उनकी बात नहीं मानती है तो उनको सरकार गिरा देना चाहिए लेकिन, वो सिर्फ सत्ता का मौज ले रहे हैं। तेजस्वी यादव ने कहा कि आरक्षण की सीमा 65 प्रतिशत बढ़ाने को लेकर उन लोगों ने केंद्र सरकार से अपील की थी इसे 9वीं अनुसूची में शामिल किया जाए।

# तीन नए कानूनों के लागू होने से देश में न्याय प्रणाली का एक नया युग हुआ शुरू

▸ दो दिवसीय राज्यपाल सम्मेलन का राष्ट्रपति मुर्मू ने किया उद्घाटन

एजेंसी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में राज्यपालों के दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। सम्मेलन में अपनी प्रारंभिक टिप्पणी में, राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि सम्मेलन के एजेंडे में सावधानीपूर्वक चुने गए मुद्दे शामिल हैं जो हमारे राष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण हैं।

उन्होंने कहा कि सम्मेलन का विचार-विमर्श सभी प्रतिभागियों के लिए एक समृद्ध अनुभव होगा और उन्हें अपने कामकाज में मदद मिलेगी। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी संबोधित किया, जिन्होंने राज्यपालों की शपथ का उल्लेख किया और उनसे लोगों को सामाजिक कल्याण योजनाओं और पिछले दशक के दौरान हुए विकास के बारे में जागरूक करने की अपनी संवैधानिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का आग्रह किया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यपालों से केंद्र और राज्य के बीच एक प्रभावी पुल की भूमिका निभाने और वंचित लोगों को सहयोजित करने के लिए लोगों और सामाजिक संगठनों के साथ बातचीत करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि राज्यपाल का पद एक महत्वपूर्ण संस्था है जो संविधान के दायरे में राज्य के लोगों के कल्याण में, विशेषकर आदिवासी क्षेत्रों के संदर्भ में, महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। सम्मेलन में अमित शाह ने राज्यपालों से लोगों में विश्वास पैदा करने के लिए गांवों और जिलों का दौरा करने का आग्रह किया।

## देश भर में बने एम्स को विकसित करने में समय लगेगा : जेपी नड्डा

**नयी दिल्ली।** सरकार ने आज कहा कि देश के विभिन्न भागों में बनने वाले अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) का उद्देश्य, उन भागों में, दिल्ली के एम्स के स्तर की चिकित्सा सुविधाएं विकसित करने का है और इसके लिए फैकल्टी एवं चिकित्सा मानकों को उस वैश्विक ब्रांड स्तर तक विकसित करने में कुछ समय लगेगा इसलिए लोगों को धैर्य पूर्वक प्रतीक्षा करनी चाहिए। लोकसभा में प्रश्नकाल में झारखंड के देवघर में स्थापित एम्स में बाह्यरोगी विभाग जल्द खोलने की स्थानीय सांसद निशिकांत दुबे की मांग पर केन्द्रीय स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने उक्त स्पष्टीकरण दिया। श्री नड्डा ने कहा कि ये मांग अक्सर विभिन्न सांसदों द्वारा की जाती है कि एम्स में अमुक सुविधा जल्दी खोल दी जाये।

# हिजबुल्लाह ने दागे रॉकेट, जवाब में इजराइल ने लॉन्चर किया तबाह

एजेंसी

**बेरूत।** हिजबुल्लाह ने अपने शीर्ष कमांडर फुआद शुकर के मारे जाने के बाद गुरुवार देररात (स्थानीय समय) इजराइल पर दर्जनों रॉकेट दागे। कहा जा रहा है कि हालांकि, केवल पांच रॉकेट ही इजराइल में प्रवेश कर पाए। इजराइल के रक्षा बलों के अनुसार, रॉकेट हमलों में किसी तरह के नुकसान या किसी नागरिक के घायल होने की सूचना नहीं है। इजराइली रक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए दक्षिणी लेबनान के येटर में हिजबुल्लाह के रॉकेट लॉन्चर पर हमला किया है।

उल्लेखनीय है कि इजराइल के गोलान हाइट्स में फुटबॉल मैदान पर 27 जुलाई को हिजबुल्लाह के हमले में 12 बच्चों की मौत हो गई थी। इसका बदला लेते हुए इजराइल ने हिजबुल्लाह के शीर्ष कमांडर फुआद को बेरूत में मार गिराया। फुआद के मारे जाने के बाद हिजबुल्लाह और इजराइल के बीच तनाव बढ़ गया है। फुआद की मौत के 48 घंटे बाद हिजबुल्लाह ने इजराइल के पश्चिमी गैलिली पर रॉकेट हमले किए। साथ ही इसकी जिम्मेदारी भी ली है। हिजबुल्लाह ने दावा किया है कि उसने पहले लेबनान के चामा गांव में इजराइली हमले के जवाब में मेत्जुबा के उत्तरी सीमा समुदाय पर दर्जनों रॉकेट दागे। चामा में कथित तौर पर चार सीरियाई मारे गए और कई लेबनानी नागरिक घायल हो गए। इजराइली रक्षा बलों ने कहा है कि जवाब में लेबनान के येटर में हिजबुल्लाह के रॉकेट लॉन्चर पर हमला किया गया। इसका इस्तेमाल पश्चिमी गैलिली पर बमबारी के लिए किया जा रहा था। इस रॉकेट लॉन्चर को तबाह कर दिया गया। इजराइल के रक्षा बलों ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पश्चिमी गैलिली क्षेत्र में सक्रिय किए गए अलर्ट के बाद, लेबनान से आए कई रॉकेटों का पता चलने के बाद कुछ को हवा में ही नेस्तनाबूद कर दिया गया।

## खबरें एक नजर में

### पंजाब : 15 जिलों को नए पुलिस प्रमुख मिले

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार ने शुक्रवार को 24 आईपीएस अधिकारियों सहित 28 पुलिस अधिकारियों का तबादला/फेरबदल किया। इस फेरबदल के बाद राज्य के 15 पुलिस जिलों को नये पुलिस प्रमुख मिल गये हैं. पंजाब में 25 पुलिस जिले हैं। सरकार ने 2004-बैच के आईपीएस अधिकारी गुरप्रीत सिंह भुल्लर को भी महानिरीक्षक (प्रोविजनिंग) के पद पर तैनात किया, जो जून के पहले सप्ताह में अमृतसर के पुलिस आयुक्त के रूप में बदले जाने के बाद पोस्टिंग की प्रतीक्षा कर रहे थे। 2009 बैच के आईपीएस अधिकारी राकेश कौशल, जो बॉर्डर रेंज के डीआइजी थे, और नवीन सिंगला, जो 2009 बैच के आइपीएस अधिकारी थे, जो डीआइजी इंटेलिजेंस थे, को क्रमश: डीआइजी (अपराध) और डीआइजी जालंधर रेंज के पद पर स्थानांतरित किया गया है। 2010-बैच के आईपीएस अधिकारी सतिंदर सिंह, जो अमृतसर ग्रामीण एसएसपी थे, डीआईजी बॉर्डर रेंज, अमृतसर का काम देखेंगे। 2013 बैच के आईपीएस अधिकारी चरणजीत सिंह, जो मोहाली में एआईजी थे, को अमृतसर ग्रामीण के नए एसएसपी के रूप में तैनात किया गया है। 2010 बैच के आईपीएस अधिकारी अश्वनी कपूर, जो तरनतारन के एसएसपी थे, अब फरीदकोट रेंज के डीआईजी का काम देखेंगे। 2014-बैच के आईपीएस अधिकारी गौरव तूरा, जो सहायक महानिरीक्षक (एआईजी) प्रोविजनिंग थे, तरनतारन के नए एसएसपी हैं 2014-बैच के आईपीएस अधिकारी दीपक पारिक, जो बठिंडा के एसएसपी थे, को मोहाली का एसएसपी नियुक्त किया गया है।

### कर्नाटक सरकार ने इंफोसिस को जारी जीएसटी नोटिस वापस लिया

**नयी दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की अग्रणी कंपनी इंफोसिस के वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के किसी भी भुगतान से बचने से इनकार करने के एक दिन बाद शुक्रवार को कर्नाटक सरकार ने आईटी फर्म के खिलाफ कारण बताओ नोटिस से पूर्व का पत्र (प्री शो कॉज नोटिस) वापस ले लिया, लेकिन कंपनी को केंद्रीय अधिकारियों को अपना जवाब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। इंफोसिस ने शेयर बाजार में नियामक फाइलिंग में कहा, ×कंपनी को कर्नाटक के अधिकारियों ने एक पत्र भेजकर प्री शो कॉज नोटिस वापस लेने की जानकारी दी और कंपनी को इस मामले में आगे का जवाब जीएसटी इंटेलिजेंस (डीजीजीआई) केंद्रीय प्राधिकरण को प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। इंफोसिस ने जीएसटी के किसी भी भुगतान से बचने से दृढ़ता से इनकार करते हुए कहा था कि कंपनी ने अपने सभी जीएसटी बकाये का भुगतान कर दिया है और इस मामले पर केंद्र और राज्य के नियमों का 'पूरी तरह से अनुपालन' कर रही है।


### स्मोटेक्ट की मदद से 1,700 लोगों ने 90 दिनों में छोड़ी तंबाकू

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** एक अग्रणी डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर (डी2सी) वेलनेस कंपनी, स्मोटेक्ट, तंबाकू की लत को छुड़ाने में क्रांति ला रही है। गुजरात में सफल लॉन्च के बाद, स्मोटेक्ट के प्रमुख उत्पाद - आज़ादी - का प्रभाव लखनऊ में बढ़ रहा है। इसने उत्तर प्रदेश में लगभग 1,700 लोगों के जीवन को बदल दिया है, जिसमें उन्हें केवल 3 महीने के उपयोग से अपनी तंबाकू की लत से छुटकारा पाने में मदद मिली है। स्मोटेक्ट आज़ादी सिर्फ एक उत्पाद नहीं है। यह तंबाकू की लत से जूझ रहे लोगों के लिए एक मददगार साथी है। आठ सालों के गहन शोध के बाद, आज़ादी ने वैज्ञानिक मान्यता हासिल की है, गोल्ड-स्टैंडर्ड क्लीनिकल ट्रायल्स को पास किया है। इसके साथ ही एफडीए अप्रूवल और जीएमपी सर्टिफिकेशन भी अर्जित किया है। यह क्रांतिकारी उत्पाद प्राचीन आयुर्वेदिक ज्ञान को आज के विज्ञान के साथ जोड़ता है ताकि नशे से होने वाली शारीरिक और मानसिक दोनों समस्याओं का समाधान किया जा सके। यह निकोटीन-आधारित नशा छोड़ने के लिए एक सुरक्षित, प्राकृतिक और प्रभावी विकल्प प्रदान करता है। स्मोटेक्ट के संस्थापक गुरसीत सिंह ने कंपनी की प्रगति के बारे में अपना उत्साह साझा करते हुए कहा, लखनऊ में हमने जो उल्लेखनीय सफलता देखी है, वह स्मोटेक्ट आजादी की प्रभावशीलता का प्रमाण है। हमारा लक्ष्य अपनी पहुंच का विस्तार करना और तंबाकू मुक्त जीवन की दिशा में अधिक लोगों को ले जाने में मदद करना है। आजादी का उपयोग करने वाले लोगों की सकारात्मक प्रतिक्रिया हमारे विश्वास को मजबूत करती हैं। आज़ादी न केवल तंबाकू छोड़ने में, बल्कि जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने में भी बदलाव ला रही है।

## राज्यसभा में उठी जगदलपुर में हवाई सेवा की मांग

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा में सदस्यों ने शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश को आपदा सहायता राशि मुहैया कराने से लेकर 'गिग वर्कर' के शोषण को रोकने तथा छत्तीसगढ़ के जगदलपुर और उत्तर प्रदेश के गाजीपुर से दिल्ली तक सीधी हवाई सेवा शुरू करने की मांग की। कांग्रेस के प्रमोद तिवारी ने हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश और बादल फटने का मुद्दा उठाते हुए कहा कि वहां हुई क्षति की भरपाई के लिए केन्द्र सरकार को जल्द से जल्द पर्याप्त राशि देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य को पिछले वर्ष आपदा से हुए नुकसान की पूरी भरपाई अब तक नहीं की गयी है। उन्होंने इस तरह की आपदाओं से समय रहते निपटने की ठोस कार्ययोजना बनाये जाने की भी मांग की। द्रमुक के तिरूचि शिवा ने निजी कंपनियों द्वारा गिग कर्मचारियों का शोषण किये जाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में करोड़ों रूपये का कारोबार है और कोरोना काल ने इस तरह के कार्यों के महत्व को बखूबी रेखांकित किया है। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र की कंपनी अब 'गिग वर्कर' जिनमें मुख्य रूप से वस्तुओं की डिलिवरी करने वाले कर्मचारी आते हैं।

# बारिश का कहर : पाक के कई इलाकों में टूटा रिकॉर्ड , 30 लोगों की मौत



एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में मूसलाधार बारिश के कारण आई बाढ़ से नुकसान हुआ और इस सप्ताह कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई, जबकि दूसरा सबसे बड़ा शहर लाहौर चार दशकों से अधिक समय में हुई सबसे अधिक बारिश से भीग गया।

मानसून के मौसम के आगमन से पिछले सप्ताह पूरे दक्षिण एशिया में बाढ़ और भूस्खलन हुआ है, पड़ोसी भारत में एक आपदा में कम से कम 195 लोग मारे गए और लगभग 200 लापता हो गए। पाकिस्तान के उत्तर में बारिश हुई, जिससे बाढ़ आ गई, इमारतें ढह गईं और बिजली गिरने का खतरा बढ़ गया। लाहौर में 44 साल पुराना बारिश का रिकॉर्ड एक बार फिर टूट गया। पंजाब के उत्तरपूर्वी प्रांत में यूटिलिटीज अधिकारियों ने कहा, जहां अधिकारियों ने छह मौतों की गणना की और चेतावनी दी कि इस सप्ताह दक्षिण में अचानक बाढ़ आने की आशंका है। खैबर पख्तूनख्वा में, उत्तर-पश्चिमी प्रांत में पिछले तीन दिनों की बारिश और बाढ़ में मरने वाले दो दर्जन लोगों में 12 बच्चे शामिल थे, इसकी आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रवक्ता अनवर शहजाद ने रॉयटर्स को बताया। संयुक्त राष्ट्र जैसे वैश्विक संगठन, पाकिस्तान को चरम मौसम और जलवायु परिवर्तन के प्रति सबसे संवेदनशील देशों में से एक के रूप में देखते हैं।

# एमवे इंडिया ने बाल कुपोषण से निपटने के लिए 'पावर ऑफ 5' अभियान का किया विस्तार

▸ 2024 के अंत तक, हमारा लक्ष्य 7,50,000 से अधिक लोगों को लाभान्वित करना

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** बच्चों में कुपोषण से निपटने और भारत में स्वास्थ्य को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, स्वास्थ्य और खुशहाली का समर्थन करने वाली अग्रणी कंपनियों में से एक, एमवे इंडिया ने चाइल्डफंड इंडिया के साथ साझेदारी में अपने प्रतिष्ठित कार्यक्रम पावर ऑफ 5 का लखनऊ में विस्तार करने की घोषणा की है। हरियाणा, कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में लाखों लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालने के बाद, यह कार्यक्रम अब लखनऊ तक अपनी पहुंच बढ़ा रहा है।

इस कार्यक्रम के माध्यम से, एमवे इंडिया न केवल व्यक्तिगत जीवन को बेहतर बनाने का प्रयास करता है, बल्कि स्वस्थ परिवारों और समुदायों के लिए एक आधार तैयार करता है, जो लोगों को बेहतर, स्वस्थ जीवन जीने में मदद करने के कंपनी के दृष्टिकोण के साथ पूरी तरह से मेल खाता है। इस विस्तार पर टिप्पणी करते हुए एमवे इंडिया के प्रबंध निदेशक रजनीश चोपड़ा ने कहा, एक हालिया रिपोर्ट भारत में बच्चों में कुपोषण की चिंताजनक व्यापकता को रेखांकित करती है।

इसमें कहा गया है कि 6 वर्ष से कम आयु के लगभग 8.57 करोड़ बच्चों में से 17 प्रतिशत कम वजन वाले, 36 प्रतिशत बौने और 6 प्रतिशत कमजोर हैं। एमवे इंडिया द्वारा सरकार के राष्ट्रीय पोषण मिशन के साथ लखनऊ में पावर ऑफ 5 कार्यक्रम का शुभारंभ इस महत्वपूर्ण मुद्दे को संबोधित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

न्यूट्रीलाइट के साथ हमारी 90 साल की विरासत हमें जरूरत-आधारित स्वास्थ्य और खुशहाली समाधान प्रदान करने में एक विशेष बढ़त देती है। वर्ष 2018 से, हमने अपने पावर ऑफ़ 5 कार्यक्रम के माध्यम से 5,00,000 से अधिक व्यक्तियों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है, और वर्ष 2024 के अंत तक, हमारा लक्ष्य 7,50,000 से अधिक लोगों को लाभान्वित करना है। हमारा मिशन अपनी पहुँच का विस्तार जारी रखना और पूरे भारत में एक स्थायी, सकारात्मक बदलाव लाना है।

# लम्बे इंतजार के बाद हॉरर-कॉमेडी फिल्म स्त्री-2 रिलीज के लिए तैयार



▸ स्त्री-2 फिल्म के प्रमोशन के लिए लखनऊ पहुंचे एक्टर राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** स्त्री को अपार सफलता दिलाते हुए फैंस और दर्शकों ने इसके सीक्वल का 6 सालों का लम्बा इंतज़ार किया है, अब कुछ ही दिनों में खत्म होने को है। मैडॉक फिल्म्स व जियो स्टूडियोज़ के बैनर तले बनी हॉरर-कॉमेडी फिल्म स्त्री 2 15 अगस्त को बड़े पर्दे पर रिलीज़ होने के लिए पूरी तरह तैयार है।

जियो स्टूडियोज़ और मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बनी हॉरर-कॉमेडी फिल्म स्त्री 2 में राजकुमार राव, श्रद्धा कपूर, अपारशक्ति खुराना, अभिषेक बनर्जी और पंकज त्रिपाठी मुख्य किरदार निभा रहे हैं। फिल्म के ट्रेलर से लेकर गाने तक सब कुछ दर्शकों के बीच रिलीज़ से पहले ही काफी बज़ क्रिएट कर रहा है। ऐसे में, प्रमोशन का सिलसिला भी ज़ोर पकड़ रहा है। शुक्रवार को राजकुमार राव, श्रद्धा कपूर और पवन सिंह नवाबों के शहर लखनऊ पहुँचे। यहाँ की गलियों में स्त्री की रिलीज़ को लेकर खासा उत्साह दिखा और कॉन्फ्रेंस का भी आयोजन किया गया, जिसमें दोनों ही कलाकारों ने मीडिया के सवालों के जवाब दिए। फिल्म में विक्की का किरदार निभा रहे राजकुमार राव कहते हैं, स्त्री के पहले पार्ट में दीवारों पर ओ स्त्री कल आना लिखा जाता था, सिर्फ इसलिए ताकि स्त्री उसे पढ़कर फिलहाल चली जाए। लेकिन, नए पार्ट में इन दीवारों पर लिखा मिलेगा ओ स्त्री रक्षा करना। यह देखना वाकई मजेदार होगा कि आखिर क्यों नए पार्ट में लोग चाहते हैं कि स्त्री है दिन उनके शहर चंदेरी में आए।

# मेदांता की उपलब्धि : कार टी-सेल थेरेपी से किया रक्त कैंसर का सफल इलाज

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ के कैंसर संस्था ने आधुनिक कार टी-सेल थेरेपी (काइमेरिक एंटीजन रिसेप्टर-टी सेल थेरेपी) का उपयोग कर एक ल्यूकेमिया मरीज का सफलतापूर्वक इलाज किया है। यह ऑन्कोलॉजी के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है व उत्तर भारत में कैंसर देखभाल में एक नए अध्याय की शुरुआत करती है। अस्पताल की विशेषज्ञ टीम और अत्याधुनिक तकनीक ने इस जटिल प्रक्रिया को बिना किसी जटिलता के पूरा किया।

कार टी-सेल थेरेपी एक एडवांस्ड कैंसर इलाज का तरीका है जिसमें मरीज की अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली की शक्ति का उपयोग करके कैंसर का इलाज किया जात है। उपचार प्रक्रिया में कई चरण शामिल होते हैं, जिसमें मरीज के रक्त से टी-सेल्स (श्वेत रक्त कोशिकाओं का एक प्रकार) को निकालकर उन्हें प्रयोगशाला में जेनेटिक रूप से संशोधित किया जाता है ताकि उनकी सतह पर काइमेरिक एंटीजन रिसेप्टर्स (सी.ए.आर सेल, जिन्हे कार टी-सेल भी कहते हैं) का निर्माण हो सके। इन संशोधित टी-सेल्स को फिर से मरीज के शरीर में इंजेक्ट किया जाता है, जिससे वे कैंसर कोशिकाओं को पहचानकर नष्ट कर सकें। यह प्रक्रिया विशेष रूप से ल्यूकेमिया और रक्त के अन्य कैंसर के इलाज में प्रभावी होती है। मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. राकेश कपूर ने इस उपलब्धि पर अपना हर्ष व्यक्त करते हुए कहा, मेदांता में कार टी-सेल थेरेपी से कैंसर का सफलतापूर्वक इलाज हमारे लिए गर्व का विषय है।

# केदारनाथ समेत रुद्रप्रयाग में 1500 लोग फंसे

समृद्धि न्यूज



**देहरादून।** आपदा प्रभावित राज्य उत्तराखंड की स्थितियों पर राज्य सरकार के साथ केंद्र सरकार की भी नजर है। एसडीआरएफ-एनडीआरएफ व राज्य सरकार के पांच हेलीकॉप्टर के साथ वायुसेना के एमआई-17 एवं चिनूक हेलीकॉप्टर ने मोर्चा संभाल लिया है। अब स्थिति सामान्य बताई जा रही है। हालांकि अभी 1500 लोग आपदा में फंसे हुए हैं, जिन्हें रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाला जा रहा है।

उत्तराखंड राज्य का रुद्रप्रयाग जनपद आपदा की दृष्टि से संवेलनशील श्रेणी में है। गत 31 जुलाई की रात आई आपदा से सबसे अधिक रुद्रप्रयाग जिला प्रभावित हुआ, वह भी केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग। सरकारी सुरक्षा तंत्र ने आपदा में फंसे सैकड़ों लोगों को सुरक्षित निकाला है। अभी जो यात्री फंसे हैं उन्हें निकाला जा रहा है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के ड्यूटी ऑफिसर व अनु सचिव विकास कुमार श्रीवास्तव की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार रुद्रप्रयाग जनपद में शुक्रवार को केदारनाथ धाम में अभी 800 लोग फंसे हैं। लिनचोली में 150, भीमबली में 300 व चीड़बासा में 200 लोग फंसे हैं। शुक्रवार सुबह 60 तीर्थयात्रियों को हेली रेस्क्यू के माध्यम से शेरसी एवं गुप्तकाशी पहुंचाया गया।

मार्गों की स्थिति की बात करें तो 24 घंटे में 82 सड़कें अवरुद्ध हुई हैं जबकि पहले से अवरुद्ध 70 मार्ग खोल दिए गए हैं। रुद्रप्रयाग-केदारनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग-107 पर कुंड तक यातायात सुचारू है।

कुंड पुल का एबेटमेंट में कटाव होने के कारण सुरक्षा के दृष्टिगत हल्के एवं भारी वाहनों का आवागमन बंद किया गया है। भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग कुंड चुन्नी बैंड से कालीमठगेट-गुप्तकाशी का प्रयोग किया जा रहा है। वहीं लिनचौली में भूस्खलन से गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग अवरूद्ध है। रामबाड़ा के पास भूस्खलन होने से दो स्थायी पुल क्षतिग्रस्त हुए हैं। मसूरी-ग्लोगी के नए सिंकिंग भाग में 30 मीटर लंबाई में 50 मीटर नीचे से भू-धंसाव से रोड केवल तीन मीटर चौड़ी रह गई है।

### टिहरी में 201 लोगों के लिए सहारा बना राहत शिविर

टिहरी जनपद के बालगंगा तहसील अंतर्गत ग्राम पिस्वाड़, तोली, बुढ़ाकेदार, जखाणा, तिनगढ़ एवं नौतड़ गदेरा जखनियाली में अतिवृष्टि—बादल फटने से 96 परिवार प्रभावित हुए थे। सभी को सुरक्षा के दृष्टिगत राहत शिविर में रखा गया है। बालगंगा तहसील अंतर्गत घनसाली के तिनगढ़ गांव स्थित राजकीय इंटर कालेज विनकखाल में बनाए गए राहत शिविर में 95 परिवार के 196 लोग रह रहे हैं। वहीं जखन्याली गांव स्थित महिला मिलन केंद्र एवं जनता जूनियर हाईस्कूल में बनाए गए राहत शिविर में एक परिवार के पांच लोग निवासरत हैं। कुल 96 परिवार के 201 लोग राहत शिविर में रह रहे हैं।